ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • श्रावण कृष्ण पक्ष 07 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 10 जुलाई 2023 • वर्ष-29 • अंक-264 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## NEWS इन ब्रीफ

### अर्धसैनिक बलों के जवानों को लगा झटका, पुरानी पेंशन पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) में पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) लागू की जाएगी। शीर्ष कोर्ट के इस फैसले से केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (सीएपीएफ) के लाखों जवानों का सपना टूट गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी. साथ ही पीठ ने उच्च न्यायालय के 11 जनवरी, 2023 के फैसले को चुनौती देने वाली केंद्र की याचिका पर फरवरी 2024 तक जवाब देने को कहा। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई फरवरी 2024 में तय की है. पीठ ने कहा, 'उस सीमा तक आक्षेपित फैसले के क्रियान्वयन पर रोक रहेगी, जिसमें यह निर्देश दिया गया है कि पुरानी पेंशन योजना अर्ध-सैन्य बलों पर लागू होगी।'

### झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से

**रांची।** झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र 28 जुलाई से शुरू होगा जो कि चार अगस्त तक चलेगा। सत्र को लेकर जो भी औपचारिकता है उन्हें पूरा किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक इसका प्रस्ताव 11 जुलाई को निर्धारित कैबिनेट में लाया जाएगा। इसको लेकर सरकार और विपक्ष ने तैयारी शुरू कर दी है। क्षेत्रीय विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्र की समस्याओं को चिन्हित करना शुरू कर दिया है, ताकि प्रमुखता से सदन में उठा सकें। सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 का प्रथम अनुपूरक बजट आएगा। इसके लिए 11 जुलाई को होने वाली कैबिनेट में प्रस्ताव लाया जाएगा।

### साहिबगंज में दंपती हत्याकांड में दो आरोपी गिरफ्तार

**साहिबगंज।** जिरवाबाड़ी ओपी क्षेत्र अंतर्गत बड़ी झरना स्थित भावानाथ कॉलोनी में दंपति हत्याकांड में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो स्मार्टफोन मोबाइल बरामद किया गया है। घटना का कारण पारिवारिक विवाद रहा है। एसडीपीओ राजेंद्र दूबे ने रविवार को जिरवाबाड़ी ओपी में बताया कि सुमित यादव उर्फ पप्पू यादव और उसकी पत्नी मिली सिंह की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपित पुत्र गोलू यादव उर्फ विष्णु यादव उर्फ लालू यादव व उसके दोस्त नीतेश यादव को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपितों से मिर्जा चौकी पुलिस ने भी पप्पू यादव के हाइवा चोरी मामले में पूछताछ की है। 25 जून की रात बदमाशों ने सुमित यादव उर्फ पप्पू यादव और उसकी पत्नी मिली सिंह की उनके घर में ही ताबड़तोड़ गोली मारकर हत्या कर दी थी।

गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी की

## चार केंद्रीय कारा में संविदा पर 600 कक्षपालों की होगी नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के चार केंद्रीय कारा में 600 भूतपूर्व सैनिकों की नियुक्ति होगी। इनमें रांची बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा, केंद्रीय कारा दुमका, केंद्रीय कारा हजारीबाग और केंद्रीय कारा घाघीडीह जमशेदपुर शामिल हैं। ये नियुक्ति संविदा के आधार पर एक साल के लिए होगी। हालांकि, आवश्यकता अनुसार अनुबंध की अवधि को विस्तारित किया जायेगा और नियमित नियुक्ति होने पर अनुबंध पर रखे गये भूतपूर्व सैनिकों की सेवा समाप्त कर दी जायेगी। इसको लेकर गृह कारा




आपदा प्रबंधन विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। गृह कारा आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अनुबंध पर नियुक्त किये गये भूतपूर्व सैनिकों को 20 हजार रुपये प्रति माह मानदेय दिया जायेगा। प्रत्येक वर्ष सेवा अवधि के उपरांत निर्धारित मानदेय में आठ प्रतिशत की बढ़ोतरी की जायेगी। अनुबंध पर रखे गये इन कर्मियों को एक वर्ष में केवल 20 दिन का क्षतिपूर्ति अवकाश देय होगा। सरकारी ड्यूटी के दौरान नियमानुसार यात्रा भत्ता और दैनिक भत्ता देय होगा। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर राज्य पुलिस कर्मियों को जो अनुग्रह अनुदान देय है, वह उन्हें भी देय होगा लेकिन आश्रितों को नौकरी देने का कोई प्रावधान नहीं होगा। झारखंड के चार जेलों में ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## कलयुगी बेटे ने की पिता की हत्या, हुआ फरार

**नवीन मेल संवाददाता।**
**टंडवा (चतरा)**

टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव में नशे में धुत एक कलयुगी बेटे ने अपने पिता पर लोहे के रड से वार कर मौत के घाट उतार दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार देर शाम उक्त घटना तब हुई जब घरेलू विवाद के दौरान नशे में धुत मुन्नी भुईयां ने अपने पिता काली भुईयां प्राण घातक प्रहार कर दिया, जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मामले की नजाकत को देखते हुए हत्यारा पुत्र मौके से फरार हो गया। दूसरी ओर घटना की जानकारी आसपास के लोगों को हुई तो सूचना थाने को दी गई। त्वरित संज्ञान लेते हुए इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी विजय कुमार सिंह ने देर रात ही शव को अपने कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजते हुए मामला दर्ज कर अनुसंधान में जुट गए। वहीं घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हत्यारा अपने बेटे को



मार रहा था तो पोते को बचाने के लिए काली भुईयां बीच-बचाव कर रहा था। इससे आक्रोशित हो उसने अपने पिता के सिर पर ही प्रहार कर दिया। सूत्रों की मानें तो इन दिनों कई गुमटियों में चरस व कोकीन जैसे खतरनाक नशीले पदार्थों का कारोबार जोरों पर है। इसका आसानी से शिकार युवा पीढ़ी हो रही है। बताया जाता है कि नशे की चपेट में आए लोगों का लत छुड़ाना बिल्कुल भी आसान नहीं है। वहीं इसके आदि लोगों में हिंसक तथा आपराधिक प्रवृत्ति व अवसाद पनपने लगता है।

छह माह में गोलीबारी की दूसरी घटना, कारोबारियों में भय का माहौल

# युवा कारोबारी को घर में घुसकर मारी गोली, गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला मुख्यालय से सटे चैनपुर में शनिवार की रात अपराधियों ने युवा कारोबारी वेदप्रकाश आर्य को उनके घर में घुसकर गोली मार दी। गंभीरावस्था में आनन फानन उन्हें इलाज के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने वेद के शरीर में फंसी गोली निकाल दी, लेकिन स्थति ठीक नहीं रहने पर उन्हें रांची रेफर कर दिया गया है। वेद को पैर व कंधे में दो गोली लगी है। एक गोली कान को छूते निकल गई है। इस बाबत वेद के बयान के आधार पर चैनपुर थाना में चार अपराधियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। इसमें चैनपुर के ही बिजय सोनी के पुत्र मोनू सोनी एवं मिठू सोनी को नामजद किया गया है। दो अज्ञात बताये गये हैं।



पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए कल रात से ही छपामारी कर रही हैं, लेकिन समाचार लिखे जाने तक किसी गिरफ्तारी की सुचना नहीं है। घटना का कारण करीब छह माह पूर्व गोली मारकर हत्या के प्रयास की एक अन्य घटना में वेद का गवाह होना बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार युवा व्यवसायी वेद प्रकाश आर्य का आवास चैनपुर के पूरनचंद चौक के पास स्थित है। बताया जाता है कि शनिवार की रात करीब 10बजे वेद अपने आवास के अंदर अपनी गाड़ी पार्क कर घर का मेन गेट बंद कर रहे थे, इसी दौरान घात लगाए अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी। गोली लगते ही वेद बेहोश होकर वहीं गिर पड़े। जिसके बाद अपराधी बाइक से फरार हो गये। गोली की आवाज सुनकर घर व आसपास के लोग दौड़कर वहां पहुंचे और गंभीरावस्था में वेद को अस्पताल पहुंचाया। इस घटना की सुचना आग की तरह चैनपुर में फैली तो बड़ी तायदाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के तीन उग्रवादियों को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी का जोनल कमांडर आक्रमण गंझू को बाइक पर भगाने वाला उग्रवादी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर उसके दो अन्य सहयोगी उग्रवादियों को भी दबोच लिया गया है। यह जानकारी लेस्लीगंज के एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने जानकारी दी कि 8 जुलाई को चतरा पुलिस के साथ मुठभेड़ के बाद जोनल कमांडर आक्रमण गंझू के साथ उसका दस्ता मनातू के नागद गांव में छिपा हुआ था। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई की, लेकिन जोनल कमांडर आक्रमण गंझू भागने में सफल रहा। पुलिस ने सर्च अभियान चलाकर आक्रमण गंझू को बाइक पर भगाने वाले उग्रवादी बसंत सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर उसके दो अन्य उग्रवादी साथी मिथिलेश भुइंया ग्राम नागद मनातू और संतोष भुइंया को धर दबोचा। एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने बताया कि पूछताछ में उग्रवादी बसंत सिंह ने बताया कि आक्रमण गंझू एक बैग दिया है ,जो मिथिलेश भुइंया के पास है। इस जानकारी के बाद पुलिस ने मिथिलेश भुइंया को पकड़ा और उसके पास ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## तीमारदारों की सुविधा के लिए रिम्स में बने विश्राम गृह, 15 जुलाई से होगी शुरुआत

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रिम्स के मरीजों के तीमारदारों के लिए अच्छी खबर है। अब उन्हें रात बिताने के लिए रैन बसेरा या फिर किसी निजी होटल में नहीं जाना पड़ेगा। लगभग 20 करोड़ की लागत से बना विश्राम गृह अब बनकर तैयार हो गया है। अब कुछ ही दिनों में एनटीपीसी और ऊर्जा विभाग के सहयोग से बन रहे विश्राम गृह की शुरूआत हो जाएगी। रिम्स के अधीक्षक डॉ हीरेन बिरुआ और उपाधीक्षक डॉ शैलेश त्रिपाठी ने बताया कि विश्राम गृह को अंतिम रूप दिया





जा रहा है। कुछ दिनों में पूरा हो जाएगा और रिम्स में आने वाले तीमारदारों को राहत मिलेगी। 15 जुलाई से शुरू हो रहे विश्राम गृह को लेकर रिम्स के जनसंपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) डॉ. राजीव रंजन ने बताया कि एनटीपीसी के सीएसआर फंड से रिम्स में आने वाले गरीब परिजनों के लिए यह विश्राम गृह बनाया जा रहा है। रिम्स में विश्राम गृह का भवन बनकर पूरी तरह से तैयार है। अब भवन के अंदर इलेक्ट्रिसिटी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## सावन का पहला सोमवार आज, जमकर बरसेगी महादेव की कृपा

**शशि भूषण शर्मा**

**रांची।** देवों के देव महादेव को सावन मास समर्पित है। इस महीने की शुरूआत से पहले भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं और सृष्टि का संचालन भोलेनाथ करते हैं। सावन महीने में भगवान शिव की पूजा के साथ सोमवार व्रत का विशेष महत्व है। इस महीने में भगवान शंकर को प्रसन्न करने के लिए उनका जलाभिषेक किया जाता है। इस साल सावन मास का महत्व और अधिक बढ़ रहा है क्योंकि इस साल सावन एक महीने नहीं बल्कि दो महीने रहेगा। इस पवित्र महीने के दौरान, भक्त उपवास रखते हैं, जिसे सावन सोमवार व्रत के रूप में जाना जाता है, जहां वे सूर्योदय से सूर्यास्त तक भोजन और पानी का सेवन करने से परहेज करते हैं। ज्योतिषाचार्य पंडित बासुदेव तिवारी ने बताया कि सावन माह 4 जुलाई से आरंभ होकर 31 अगस्त तक रहेगा। सावन के महीने में 59 दिन रहेंगे। 18 जुलाई से लेकर 16 अगस्त तक सावन



अधिकमास रहेगा। इस बार 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमास रहेगा। श्रावण मास के दौरान अधिकमास पड़ रहा है, इसलिए उस दौरान पूजा-अर्चना करने से भगवान हरि के साथ ही भोलेनाथ की भी जमकर कृपा बरसेगी। धार्मिक मान्यताओं के मुताबिक, इस साल सावन और अधिकमास का एक साथ पड़ना शुभ योग माना जा रहा है। मान्यता है कि अधिकमास और सावन के महीने में भगवान भोलेनाथ के साथ विष्णुजी की पूजा की जाती है। कहा जाता है ऐसा करने से व्यक्ति को इन दोनों देवताओं की कृपा बरसती है। हिंदू मान्यता के अनुसार यदि किसी के विवाह में बाधा आ रही हो तो उस जातक को सावन के सभी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### सावन सोमवार की तिथियां

10 जुलाई- सावन का पहला सोमवार
17 जुलाई- सावन का दूसरा सोमवार
24 जुलाई- सावन का तीसरा सोमवार
31 जुलाई- सावन का चौथा सोमवार
07 अगस्त - सावन का पांचवा सोमवार
14 अगस्त- सावन का छठा सोमवार
21 अगस्त- सावन का सातवां सोमवार
28 अगस्त- सावन का आठवां सोमवार
31 अगस्त- सावन समाप्त

देशभर के विश्वविद्यालयों में एडमिशन कैंसिल कराने पर छात्रों को वापस मिल जाएगी फीस

# यूजीसी ने सभी विवि को दिया निर्देश, एडमिशन रद्द कराने पर छात्रों को लौटायें पूरी फीस

**नई दिल्ली।** उच्च शिक्षण संस्थानों में दाखिले के इच्छुक छात्र अब यदि अपना दाखिला स्वयं ही कैंसिल कराते हैं तो ऐसी स्थिति में भी उनकी फीस वापस मिल जाएगी। देश भर के कॉलेजों व विश्वविद्यालयों को इस बाबत स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। सरकार द्वारा जारी किए गए इन निर्देशों में कहा गया है कि दाखिला रद्द करवाने पर छात्रों को उनकी फीस वापस लौटाने ही पड़ेगी। दरअसल ऐसे कई मामले सामने आए हैं जब छात्रों ने एक संस्थान में फीस जमा कराई, लेकिन सेशन लेट होने या फिर किसी अन्य कारणों से जब छात्रों ने दूसरे संस्थानों में दाखिला लिया तो उन्हें पुराने संस्थान ने फीस वापस नहीं लौटाई। नोएडा के एक्यूरेट इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी में बी फार्मा के लिए आवेदन करने वाली एक छात्रा ने बताया कि बीते वर्ष सितंबर में उन्होंने यहां दाखिला




लिया। लेकिन सत्र शुरू न होने की स्थिति में छात्रा ने अपना दाखिला रद्द करवा के किसी दूसरे शिक्षण संस्थान में दाखिला लिया। दाखिला रद्द करवाने के साथ ही छात्रा ने फीस वापसी के लिए कई बार आवेदन किया, लेकिन 10 महीने से अधिक का समय बीत जाने के बावजूद संस्थान ने छात्रा द्वारा अदा की गई 80 हजार रुपए से अधिक की फीस नहीं लौटाई। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यानी यूजीसी ने अब शिक्षण संस्थानों को फीस वापस करने का निर्देश जारी किया है। कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के लिए जारी किए गए निर्देश में कहा गया है कि जो छात्र अपना दाखिला एक जगह से रद्द कराकर दूसरी जगह एडमिशन लेना चाहते हैं उन्हें उनकी पूरी फीस लौटाई जाए। यदि छात्र एडमिशन रद्द कराने की सूचना देने में विलंब करते हैं तो ऐसी स्थिति में कॉलेज या विश्वविद्यालय केवल एक छोटा एमाउंट प्रोसेसिंग फीस के नाम पर काट सकते हैं। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने मौजूदा शैक्षणिक सत्र यानी वर्ष 2023-24 के लिए यह फीस रिफंड पॉलिसी तैयार की है की है। आयोग द्वारा तैयार की गई छात्र फ्रेंडली इस पॉलिसी में सभी देशभर के सभी विश्वविद्यालयों को फीस वापसी के संदर्भ में सख्त हिदायत दी गई है। यूजीसी द्वारा विश्वविद्यालयों व कॉलेजों से कहा गया है कि जो छात्र एक शिक्षण संस्थान से अपना दाखिला रद्द करवाने के उपरांत किसी दूसरे शिक्षण संस्थान में दाखिला लेना चाहे तो तुरंत प्रभाव से उसकी फीस वापस की जाए। यूजीसी द्वारा तय किए गए नियमों के मुताबिक यदि कोई छात्र 30 सितंबर तक अपना एडमिशन कैंसल या वापस करता है तो उसके द्वारा भुगतान की गई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## वाराणसी में टमाटर की सुरक्षा के लिए सब्जी विक्रेता ने तैनात किए दो बाउंसर

**– आरएनएम**

**वाराणसी।** टमाटर इतना ज्यादा महँगा हो गया है कि बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी में एक सब्जी बेचने वाले ने अपने दुकान व टमाटर की सुरक्षा के लिए दो बाउंसर नियुक्त कर लिया है। यहाँ टमाटर 160 रुपये प्रति किलो के भाव से मिल रहा है। इसके कारण लंका क्षेत्र के नगवां में सब्जी बेचने वाले अजय फौजी ने अपनी दुकान पर बाउंसर को तैनात किया है। उसने पोस्टर भी लगाया है। जिसमें लिखा है कि पहले पैसे तब टमाटर। कृपया टमाटर को न छुएं। इस बारे में सब्जी दुकानदार अजय फौजी ने बताया कि टमाटर काफी महंगा हो गया है। आम लोगों के पहुंच से बाहर हो गया है। महंगाई की मार के चलते एक तो कम ही लोग टमाटर खरीद रहे हैं , जो खरीद रहे हैं उनमें भी लोग 100 और 50 ग्राम ही टमाटर ले रहे हैं। कई जगह से खबर आई है कि टमाटर को लेकर मारपीट हो रही है। तो कहीं टमाटर लूट लिया जा रहा है। हर जगह टमाटर के कारण विवाद की स्थिति हो गई है।विवाद से बचने के लिए दुकान पर अपनी और टमाटर की सुरक्षा के लिए दो बाउंसर को तैनात किया है। जब सारे टमाटर बिक जाएंगे तो इन बाउंसर की छुट्टी कर देंगे। दुकान के बाहर बाउंसर खड़े हैं। कोई भी ग्राहक जब सब्जी छूकर मोल



भाव करता है तो बाउंसर उसे रोक दे रहे हैं। कहते हैं कि आपको जो चाहिए मांग कर लीजिए। पहले पैसा दीजिए फिर टमाटर लीजिए। इस दुकान की चर्चा पूरे शहर में होने लगी है। टमाटर की बढ़ी कीमतों के बीच होटल और रेस्तरां के सलाद में टमाटर का प्रयोग कम हो गया है। सलाद में जहां टमाटर मिल भी रहा है वहां उसकी कीमत बढ़ा दी गई है। होटल और रेस्तरां टमाटर के बजाए सब्जियों में टमाटर की प्यूरी का प्रयोग कर रहे हैं। बीते दो सप्ताह में टमाटर की कीमत 35 रुपये से बढ़कर 160 रुपये तक पहुंच गई है। ऐसे में आम लोगों के किचन से पूरी तरह टमाटर गायब हो गया है। लोग टमाटर को देख दूर से ही नमस्कार कर ले रहे हैं।

**NEWS इन ब्रीफ**

### एनसीपी का पंचायत संवाद कार्यक्रम सम्पन्न

**हरिहरगंज।** हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने रविवार को पिपरा प्रखंड के तेंदुई पंचायत के पिंजरही स्कूल परिसर में पंचायत संवाद कार्यक्रम किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष जनेश्वर भुइयां ने की। मौके पर एनसीपी के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने पंचायत के एक- एक गांव के कार्यकर्ता व जनता की समस्याओं को सुना तथा विकास कार्यों की स्थिति को जाना। उन्होंने पिपरा में कार्यकर्ताओं को जनता के साथ जुड़कर उनकी समस्याओं को विधायक तक पहुंचाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की मजबूती के साथ-साथ जनता की समस्याओं को समाधान करने का आह्वान किया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि संदीप पासवान, सरोज प्रसाद कुशवाहा, हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश मेहता, बीस सूत्री अध्यक्ष रविन्द्र सिंह ,उपाध्यक्ष हरिवंश पासवान, पंचायत अध्यक्ष सुरेंद्र राय, कंधा सिंह, उदय कुमार सिंह, बबलू सिंह, सुनील सिंह, कमलेश प्रजापति, विवेक चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व लोग उपस्थित थें।

### प्रेमी प्रेमिका की मंदिर में कराई गई शादी

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर पूर्वी पंचायत के नोनियाडीह टोला निवासी कामेश्वर चौहान के 20 वर्षीय पुत्र पंकज कुमार व मनोज चौहान की पुत्री सुनीता कुमारी का काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिनकी मंदिर परिषर में शनिवार को दो पंचायत के मुखिया क्रमशः संतोष कुमार सिंह व जितेंद्र कुमार सिंह, अयोध्या सिंह टिकैत की उपस्थिति में शादी कराई गई। इस संबंध में पंचायत के मुखिया संतोष सिंह ने कहा कि दोनों पक्षों के माता पिता की सहमति से इस शादी को सम्पन्न कराया गया। उन्होंने कहा कि लड़की पक्ष से सामर्थ्य के अनुसार उसे मुखिया द्वारा सहयोग कर विदा किया गया। दोनों को आशीर्वाद देते हुए परिजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम को सम्पन्न कराया गया। जिसका गवाह माँ भगवती के साथ साथ काफी संख्या में लोग उपस्थित हुये। साथ ही प्रेमी युगल को मंदिर कमिटी की ओर से शादी का प्रमाण पत्र दिया गया। बताते चलें कि हैदरनगर देवी धाम परिसर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष 2023 में जनवरी से अब तक 100 से अधिक वर वधु ने फेरा लिया। जिसे मंदिर कमिटी की ओर से उन जोड़ियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

# टेंपो ने ट्रैक्टर में मारी टक्कर, चालक समेत पांच बच्चे घायल

### एक बच्चे की हालत हैं गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के रविवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे कचरा गांव क्षेत्र से बच्चों को स्कूल लेकर आ रही टेंपो ने अनुमंडल कार्यालय गेट के समीप सीमेंट दूकान के पास खड़ी ट्रैक्टर में सीधे टक्कर मार दी। इस घटना में टेंपो चालक समेत पांच बच्चे घायल हो गए। घायलों में पियूष कुमार ( 5) वर्ष,आयूष कुमार (7) वर्ष ,अभिज्ञान कुमार (5) वर्ष, चालक प्रवीन यादव (35) व चालक का पूत्र प्रभात कुमार (5) का नाम शामिल है। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया,जहां ऑन ड्यूटी मौजूद चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद अभिज्ञान कुमार की स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बच्चों के अभिभावक रोते बिलखते अस्पताल पहुंचे। जहां काफी देर तक परिसर में अफरातफरी का माहौल रहा। जानकारी के अनुसार जपला शिवशक्ति नगर स्थित समता स्कूल में टेंपो स्कूली बच्चों को कचरा और पचमो गांव से लेकर स्कूल आ रहा था,इसी क्रम में अचानक टेंपो असंतुलित होकर सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर में सीधे जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर चालू होकर पीछे की ओर बढ़ने लगा,परंतु वहां मौजूद लोग ट्रैक्टर को बंद किया। अन्यथा और बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था।

# दादा-दादी व नाना-नानी का हमेशा सम्मान करने की अपील

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रतिनिधि। पलामू जिले के जपला स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शनिवार को दादा-दादी एवं नाना-नानी सम्मान सह पूजन कार्यक्रम किया गया। इसके माध्यम से आम लोगों को दादा-दादी एवं नाना-नानी के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। साथ ही संस्कार को कतई नहीं भूलने की अपील की गई। पलामू जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह ने विशिष्ट अतिथि चंद्रेश्वर प्रसाद, प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे, सचिव राकेश कुमार तिवारी, अध्यक्ष डॉ. शिव प्रसाद मेहता, कामाख्या सिंह, सेवानिवृत्त शिक्षक रंजीत कुमार सिंह, प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, संजय कुमार पाठक आदि के साथ कार्यक्रम का उदघाटन किया। बच्चों ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत पेश किया। उपाध्यक्ष ने ऐसे कार्यक्रम की भूमिका और जरूरत को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि शिशु मंदिर ने दादा-दादी एवं नाना-नानी को सम्मानित करने की परंपरा को जीवंत रखा है, यह हमारी संस्कृति विरासत है, जो आज भी जीवित है। शिशु मंदिर एक ऐसा विद्यालय है, जहां शिक्षा के साथ संस्कार भी देने की परंपरा है। दादा-दादी एवं नाना-नानी सभ्य परिवार के स्तंभ होते हैं। आज की युवापीढ़ी को इसे संजोकर रखना एवं आदर करना होगा। कार्यक्रम में प्रमुख शशि कुमार, मीडिया प्रभारी अभिषेक पाठक, राजेश्वर सिंह यादव, संजय सिन्हा, मृत्युंजय प्रसाद, सुनील पासवान, चंदन कुमार, हर्षदा चौबे, श्वेता सिंह, रंजीत मिश्र, राजकुमार सिंह, मनोज सिंह आदि मौके पर विशेष रूप से उपस्थित थे।

### माता शबरी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम संपन्न

# भगवान राम की भक्त शबरी समरसता की थी प्रतीक: चंद्रवंशी

### भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



#### भंडार व लालगढ़ दोनों गांव में समाज के लोगों ने शबरी मंदिर बनाने की मांग की थी : चंद्रवंशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर प्रखंड के भंडार व लालगढ़ गांव में रविवार को माता शबरी मंदिर में भगवान श्री राम लक्ष्मण व माता शबरी की प्रतिमा स्थापित की गई। इसे ले भारी संख्या में शबरी समाज के लोगों ने पूजन कार्यक्रम करते हुए एक ऐतिहासिक दिन के साक्षी बने। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता शबरी समाज के अजय भुइयां व संचालन नावा बाजार पूर्व जिला परिषद सदस्य अनुज राम, अशोक भुईयां व रामराज भुइंया ने संयुक्त रूप से किया। भगवान श्री राम, लक्ष्मण व माता शबरी की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के मौके पर भंडार व लालगढ़ गांव में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक सह पूर्व स्वास्थ्य मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, पाटन-छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, पूर्व सांसद मनोज भुईयां, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी सहित पार्टी, विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव, नगर मंडल प्रतिनिधि राजन पांडेय, उप प्रमुख सत्येंद्र सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटनकर्ता पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सह स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भंडार व लालगढ़ दोनों गांव में समाज के लोग शबरी मंदिर बनाने की मांग की थी। जिसकी दिशा में आगे बढ़कर मंदिर का निर्माण कराते हुए शबरी माता सहित भगवान राम व लक्ष्मण की प्रतिमा लगवाई गई। यह आगे भी जारी रहेगा। पाटन छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि समाज की आराध्य देवी शबरी माता की प्रतिमा स्थापित कर स्थानीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने अनुकरणीय कार्य किया है। इनके साथ कदम से कदम मिलाकर समाज को चलना होगा। भुइंया समाज में अशिक्षा व पिछड़ापन एक बड़ी समस्या है। इसे दूर करने की दिशा में सभी को मिलकर कार्य करना होगा। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी उर्फ मुन्ना चंद्रवंशी ने कहा कि भुइंया समाज को कल तक उपेक्षित रखा गया था। लेकिन स्थानीय विधायक सह पूर्व मंत्री ने समाज के लिए एक लकीर खिंचने का काम किया है। जरुरत समझ क्षेत्र में माता शबरी की मंदिर व प्रतिमा स्थापित की जा रही है। कल तक लोग केवल वोट के लिए समाज के नेताओं का उपयोग करते थे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, सोना देवी, भाजपा मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण शर्मा, शिक्षाविद् अशोक पांडेय, तोलरा मुखिया रोहित तिवारी, लालगढ़ मुखिया धर्मेन्द्र चौधरी, रबदा मुखिया सजिवन भुईयां, भोला चंद्रवंशी, शंकर यादव, प्रभात भुईयां, हलकानी भुईयां, उपेंद्र तिवारी, रेखा चंद्रवंशी, पूर्व प्रमुख रविन्द्र पासवान, सहित लगभग 5000 से अधिक लोग कार्यक्रम में शामिल हुए।

### लोगों की मनोरंजन के लिए काशी मथुरा वृंदावन से लाये गये थे कलाकार

विश्रामपुर प्रखंड के भंडार व लालगढ़ गांव में आयोजित माता शबरी मंदिर में भगवान श्री राम सहित लक्ष्मण व माता शबरी की प्राण प्रतिष्ठा को ले आयोजित कार्यक्रम में भव्य तरीके से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां हजारों हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां कलाकार के द्वारा गीत संगीत प्रस्तुत किया गया। वहीं वृंदावन, काशी व मथुरा से आमंत्रित कलाकारों के द्वारा झांकियां निकाली गई। जो कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रहा। बताया कि कार्यक्रम में आने वाले सभी लोगों के लिए भोजन आदि की व्यवस्था भी की गई थी।



# पलामू के 1508 दिव्यांगों को तीन महीने से नहीं मिला पेंशन




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना के 1508 लाभुकों को अप्रैल माह से पेंशन नहीं मिल रही है। योजना से लाभान्वित हो रहे दिव्यांगों को इसके कारण काफी परेशानी हो रही है। हालांकि राज्य सरकार की स्वामी विवेकानंद पेंशन योजना से आच्छादित 12 हजार 929 लाभुकों को जून माह तक का पेंशन का भुगतान कर दिया गया है। जिला समाजिक सुरक्षा कोषांग के सहायक निदेशक विक्रम आनंद ने बताया कि इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना का संचालन भारत सरकार करती है। केंद सरकार ने इस मद में तीन माह से राशि आवंटित नहीं की है। इस कारण लाभुक को पेंशन नहीं मिल पा रहा है। आवंटन के लिए विभाग को पत्र भेजा गया है। आवंटन प्राप्त होते ही इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना के लाभुकों के खाते में राशि हस्तांतरित कर दी जाएगी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार संचालित स्वामी विवेकानंद पेंशन योजना अपडेट है। जुलाई माह का बिल ट्रेजरी में भेजा जा रहा है। दो-तीन तीन में स्वामी विवेकानंद पेंशन योजना के 12 हजार 929 लाभुकों के खाते में राशि हस्तांरित कर दी जाएगी। स्वामी विवेकानंद पेंशन योजना और इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विकलांग पेंशन योजना के लाभुकों को एक-एक हजार रुपये प्रतिमाह पेंशन दिया जाता है। दिव्यांग सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि पेंशन बहुत बड़ा सहारा है। केंद्र सरकार से मिलने वाली पेंशन तीन माह से नहीं मिल रही है। इस कारण आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दिव्यांग सत्येन्द्र गुप्ता ने कहा कि सबसे बड़ी परेशानी है कि अभी ऑन लाईन दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाया जा रहा है। ऑफ लाइन मोड में बने दिव्यांग सर्टिफिकेट में अगर दिव्यांग को 60 प्रतिशत दिव्यांगता घोषित किया गया है तो ऑन लाईन में उसे 50 प्रतिशत कर दिया जा रहा है। दिव्यांग नागेन्द्र ठाकुर ने कहा कि समय पर पेंशन नहीं मिलने से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जेएमएम ने छत्तरपुर में की बैठक

**छतरपुर।** पलामू झारखंड मुक्ति मोर्चा छतरपुर की बैठक कोयल कम्युनिटी हॉल छतरपुर के प्रांगण में की गई। जिसकी अध्यक्षता झारखंड मुक्ति मोर्चा पलामू के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार सिन्हा एवं संचालन केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने किया, जिसमें पूर्व में भंग प्रखंड कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया गया। प्रखंड अध्यक्ष के रूप में मुखिया रविंद्र राम, सचिव अनुज राम, कोषाध्यक्ष गणेश सिंह, उपाध्यक्ष कुलदीप सिंह, बुधन भुइंया एवं फिरदौस आलम का चयन किया गया। साथ ही महिला प्रखंड अध्यक्ष के रूप में उषा कुमारी ,सचिव लक्ष्मी परहिया, कोषाध्यक्ष दूसिया देवी, उपसचिव उमा देवी का चयन किया गया। मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा आंदोलनकारियों की पार्टी है और लोगों की उम्मीद झारखंड मुक्ति मोर्चा पर ही टिकी हुई है। भाजपा ने झारखंड को सिर्फ लूटने का काम किया है जिसकी सजा उसे मिल गई है, बहुत जल्द केंद्र से भी यहां की जनता उसे उखाड़ फेंकेगी। सरकार द्वारा विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी गई केंद्रीय समिति सदस्य चन्दन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि छतरपुर की जनता राजनीतिक गुलामी से गुजर रही है। पहले के विधायक सिर्फ दो हाथों से लूट रहे थे और वर्तमान विधायक अपने पति के साथ मिलकर छतरपुर के चार हाथों से लूट रहे हैं। जिला सचिव सन्नू सिद्दीकी ने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार जन आकांक्षाओं पर खरी उतर रही है और हमें उन्हें मजबूत करने की आवश्यकता है। वहीं रंजीत जायसवाल ने कहा कि लोगों का रुझान झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति बढ़ रहा है और वह दिन दूर नहीं जब झारखंड से भाजपा का पूर्ण रूप से सफाया हो जायेगा। मौके पर महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा सचिव मंजू देवी नजरुल अंसारी कलीम अंसारी अरविंद कुमार विश्वकर्मा उमा देवी रीना देवी रामजी सिंह अनिल सिंह बुधन भैया राजू ठाकुर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिलाओं का एक जत्था आजसू पार्टी में शामिल



**मेदिनीनगर।** आज मेदनीनगर के हाउसिंग कालोनी मे महिलाओं की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता श्रीमति अमला सिंह ने की। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हमारी पार्टी महिला सशक्तिकरण को लेकर लगातार बढ़ रही है। हेमंत सरकार के राज्य में महिला उत्पीड़न व शोषण तेजी से बढ़ी है। सुदेश महतो के साथ तेजी से महिलाओं का जुड़ाव मिशन 2024 के सफलता को ईंगित कर रहा है। केन्द्रीय सचिव ईन्तयाज अहमद नजमी ने कहा कि आधी आबादी को सरकार अधिकार से बंचीत कर रही है। हमारा पार्टी ने महिलाओं को 50% आरक्षण के लिए संघर्ष कर मुकाम तक पहुंचाया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष तुलसी शुक्ला व अखिल झारखण्ड पिछड़ा वर्ग महासभा के मुकेश मेहता शामिल थे। अखिल झारखण्ड महिला संघ में शामिल होने वाली महिलाओं को सतीश कुमार ने पार्टी का झंडा सौप कर स्वागत किया। मुख्य रूप से अमला सिंह, चन्द्रावती कुवर, माया देवी, कौशल्या देवी, बिणा देवी, मीना देवी, रंभा देवी, रुबी देबी, मंशा सिंह, शोभा जी, खुशबु कुमारी, माधुरी देवी, बिमला जी, रिणा सिंह, रिया पाण्डेय, प्रिती कुमारी, सरीता जी, ममता जी वनफुल कुमारी समेत कई महिलाएं शामिल हुई। 23 जुलाई को कार्यकर्ता सम्मेलन में मेदिनीनगर शहरी क्षेत्र से काफी संख्या में महिलाएं शामिल होगी।

# ट्रेन की चपेट में आकर 18 वर्षीय युवक की मौत




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा रेलवे क्रॉसिंग के पास रविवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से नगर निगम कर्मी ड्राइवर के पुत्र सोनू कुमार उम्र 18 वर्ष की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की शाम सदर थाना क्षेत्र के सिंगरा गांव निवासी संतोष राम का पुत्र सोनू कुमार अपने घर के पास रेलवे क्रॉसिंग के पास बकरी चरा रहा था। इसी बीच वह ट्रेन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वही इस घटना के बाद नगर निगम के अन्य कर्मी सदर अस्पताल पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दिये। वहीं मृतक के परिजनों ने बताया कि सोनू मानसिक रूप से कमजोर था और उसे कान से सुनाई भी नहीं देता था। इस घटना के बाद से नगर निगम कर्मियों में शोक का माहौल है।

# मारपीट में दो सहोदर भाई घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र के मिजार्पुर गांव में जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में गुफरान आलम (35) और रिजवान आलम(25) दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों का इलाज हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। दोनों ग्राम मिजार्पुर गांव के ही निवासी हैं। बताया जाता हैं कि अपने पड़ोसी के साथ जमीन को लेकर तू-तू मैं के बाद मामला मारपीट तक हो गया। जिसमें एक पक्ष के दो सहोदर भाई घायल हो गए।

**अनियमितता** जवाहर नवोदय विद्यालय भवन निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत

# इंटक प्रदेश महासचिव ने जांच की मांग की

#### जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू टू जपला के भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है : ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** इंटक के झारखंड प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने जवाहर नवोदय विद्यालय निर्माण पलामू टू जपला के भवन निर्माण कार्य की जांच उच्च स्तरीय कमेटी से कराने की मांग पलामू के उपायुक्त की की है। उन्होंने बताया कि लंगरकोर्ट समेत आस पास के ग्रामीणों ने इंटक के प्रदेश महासचिव विनय कुमार सिंह से मिलकर भवन निर्माण कार्य में भारी अनियमितता की लिखित शिकायत की है। ग्रामीणों ने कहा है कि जवाहर नवोदय विद्यालय पलामू टू जपला के भवन निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि बालू की जगह पत्थर के डस्ट से ईंट की जोड़ाई की जा रही है। जवाहर नवोदय विद्यालय का काम अंतिम चरण में है। उन्होंने जवाहर नवोदय विद्यालय के प्रबंधन को नवनिर्मित भवन हस्तांतरित नहीं करने का आग्रह किया है। प्रबंधन जांच से संतुष्ट होने के बाद भवन को लेगा तो बेहतर होगा।नवनिर्मित भवन की दीवार में दरार भी हो गयी है। बच्चो और शिक्षकों की जान जोखिम में डाल कर पठन पाठन करना उचित नहीं होगा। उन्होंने उपायुक्त को पत्र देकर घटिया निर्माण कार्य की शीघ्र जांच कराने की मांग की है। बीनू सिंह ने कहा कि उन्होंने जनता के आवेदन को विधायक कमलेश कुमार सिंह को भेज कर उन्हे वस्तु स्थिति से अवगत करा दिया है।

### भाजपाइयों ने मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित

**पांकी।** चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह के निर्देश पर पांकी में भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने रविवार की दोपहर पांकी प्रखंड के मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर मौके पर मौजूद चतरा सांसद के जिला प्रतिनिधि ललित मेहता अमरनाथ गुप्ता अध्यक्ष शत्रुघन सिंह ने सभी मीडिया कर्मियों को अंग वस्त्र एवं पुस्तक देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संबोधन में चतरा सांसद के प्रतिनिधि अमरनाथ गुप्ता ने बताया कि चतरा सांसद के निर्देश पर संपर्क से समर्थन अभियान के तहत पांकी प्रखंड में रविवार को प्रमुख मीडिया कर्मियों समेत अन्य प्रबुद्ध जनों को सम्मानित किया गया।

# बाजार में सावन को लेकर गेरुआ कपड़ों की बिक्री बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सावन मास बुधवार से शुरू होते ही गेरुआ कपड़ों से बाजार पट गये हैं साथ ही कांवर की दुकानें भी सज गयी है। परन्तु महंगाई को नजर अंदाज करते हुए भक्तगण भोले-नाथ के धाम पर पहुंचने के लिए आस्था के साथ कपड़ों व कांवर की खरीदारी कर रहे है। भक्तों के उत्साह को देखकर यही लगता है कि महंगाई पर आस्था भारी है। गौरतलब है कि बुधवार से सावन मास शुरू हो चुका है। इसके चलते बाबा धाम जाने वाले श्रद्धालु गेरुआ वस्त्र व कांवर की खरीदारी जमकर कर रहे है। महंगाई भक्तों के उत्साह को कम नहीं कर पा रही है। जबकि इस बार 30 प्रतिशत तक की वृद्धि होना बताया जा रहा है। पांकी से मेदिनीनगर बाजार में खरीदारी करने आये रामाशीष कुमार सिंह ने बताया कि अपने कई साथियों के साथ वह बाबा धाम जायेंगे। इस लिए हम सभी लोग कांवर व कपड़े खरीदने के लिए आये हुए है। परन्तु वे बढ़ती महंगाई के प्रति भड़ास निकालते हुए कहा कि इस बार अन्य वर्ष की अपेक्षा कीमत बढ़ी है। बाबाधाम जाने के लिए गेरुआ वस्त्र पहनने के संबंध में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि गेरुआ रंग में रंगा कपड़ा शुद्धता व शक्ति का प्रतीक है। गेरुआ कपड़ा पहनते ही आध्यात्मिक शक्ति का अहसास होने लगता है। कपड़ा व्यवसायी सोनू कुमार ने बताया कि गत वर्ष की अपेक्षा कुछ अवश्य ही महंगाई हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 80 रुपया में मिलने वाली टीशर्ट सौ रुपया में बिक रही है। इसी तरह कमीज 50 रुपया गमछा पर गंजी पर भी 30 से 50 की वृद्धि हुई है।

## तस्वीर झूठ न बोले



अपेक्षा के अनुरूप मौनसून की बारिस तो अब तक नहीं हुई है। इससे किसानों में निराशा जरूर बढ़ रही है। लेकिन किसानो का जी कहां मानने वाला। कम वर्षा में भी खेती का समय निकलता देख हल बैल के साथ खेत में उतरे किसान बरसात के लिए भगवान पर भरोषा रखते हुए खेत की जोताई में जुट गये हैं। छाया – भोला

# वृक्ष लगाओ जागरूकता अभियान की शुरूआत



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम के प्रथम उप मेयर मंगल सिंह के द्वारा वृक्षा रोपण अभियान के साथ वृक्ष लगाओ जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई । उन्होंने कहा कि जो पलामू में जल संकट है उससे उबरने के लिए सिर्फ एक ही उपाय है कि प्रत्येक व्यक्ति अपने घर के बाहर या घर मे पौधा लगाएं और जल संकट से निजात पाएं। मंगल सिंह ने कहा कि मैं नगर निगम के घर-घर तक जाऊंगा और लोगों को जागरुक करूंगा कि वह अपने यहां पौधा जरूर लगाएं ताकि यह जो जल संकट है पलामू का इससे हम उबर पाऐं । ये एक ही रास्ता है हमें जल संकट से उबारने का।

## NEWS इन ब्रीफ

### महिला ने किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के पहाड़ी मोहल्ला निवासी नसीम राइन की पत्नी गुड़िया खातून रविवार को मानसिक तनाव में आकर जहरीला पदार्थ का सेवन कर आत्महत्या का प्रयास की। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह गुड़िया खातून अपने घर में अकेली थी,उसका पति नसीम राइन दुकान में काम करने गया हुआ था, जबकि घर के अन्य सदस्य बाहर में थे। इसी बीच गुड़िया घर में रखें जहरीला पदार्थ का सेवन कर ली ।जिसमें उसकी स्थिति गंभीर हो गई। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही टाइगर मोबाइल के जवान परवेज खान घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों की मदद से गुड़िया को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया जहां इलाज के बाद गुड़िया की स्थिति खतरे से बाहर है ।वही इस घटना के बाद से पुलिस घटना से संबंधित मामले की छानबीन में जुट गई है।

### ध्वस्त होगी विधायक के झूठ की इमारत : बिट्टू पाठक



**मेदिनीनगर।** पांकी की जनता अब विधायक शशिभूषण मेहता के काले करतूतों से वाकिफ हो चुकी है, पल-पल विरोध शुरू हो चुका है,अब उनकी झूठ की इमारत ध्वस्त होने की कगार पर है, यही कारण है कि लोग लगातार भाजपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं, उक्त बात पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जयेश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने रविवार को पांकी प्रखंड,मंडल कार्यकारिणी की बैठक में संबोधित करते हुए कही। आगे जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि चतरा लोकसभा एवं पांकी विधानसभा में कांग्रेस लक्ष्य 2024 को लेकर कार्यकर्ता एकजुट होकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का काम कर रहे हैं, देश में भाजपा के शासन में राजनीति का स्तर काफी गिराव आया है। बैठक में विशिष्ट अतिथि पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष प्रखंड प्रभारी तालकेश्वर पासवान ने संगठन मजबूती पर काफी सुझाव दिये। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष पिंटू सिंह ने की एवं संचालन जिला महासचिव एजाज अहमद खान ने किया बैठक में प्रमुख रूप से जिला महासचिव मुकेश सिंह,आफताब आलम, अब्दुल हसन, भानु प्रताप सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# पेड़ की डाली टूटने से एक की मौत, आधा दर्जन लोग घायल

### डीलर के पास राशन लेने गये थे ग्रामीण, भीड़ के कारण बैठे थे महुआ के पेड़ के नीचे





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सदर थाना क्षेत्र के सुआ गांव के निराला टोला में रविवार की सुबह में महुआ के पेड़ की डाली टूट कर गिरने से आधा दर्जन से अधिक व्यक्ति घायल हो गये है। वहीं चिकित्सकों द्वारा इलाज के दौरान सुआ गांव निवासी 62 वर्षीय सोमरी कुंवर पति स्वर्गीय बिलट सिंह की मौत हो गई है। जख्मी होने वालों में कलावती देवी, भोलाई सिंह, अनीता देवी को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया है जबकि नीतीश कुमार एवं दो लोगों को निजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। बाकी का इलाज मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे इलाज जारी है। पूर्व जिला परिषद अर्जुन सिंह पंचायत मुखिया प्रेम प्रकाश ने बताया कि सभी लोग जन वितरण प्रणाली दुकानदार विनय सिंह के घर राशन के सामान लेने गए थे। अधिक भीड़ होने के कारण कुछ लोग दुकान के समीप ही एक महुआ के पेड़ के नीचे बैठे थे। इसी क्रम में पेड़ की एक सूखी डाली टूटकर गिरने से पेड़ के नीचे बैठे हैं आधा दर्जन से अधिक लोगों को चोट लगी। बाद में स्थानीय लोगों के सहयोग से गंभीर रूप से जख्मी सभी लोगों को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच इलाज के लिए भेज दिया गया है।

# नि:शुल्क रक्त जांच शिविर आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** युवा कसौधन वैश्य समिति चैनपुर (डाल्टनगंज) इकाई के तत्वाधान में विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल के द्वारा नि:शुल्क रक्त जांच शिविर का आयोजन क्लाइमैक्स पब्लिक स्कूल में किया गया। जिसमे समिति के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष दिलीप कश्यप ने कहा कि समिति का रक्त जांच का पहला फेज है, आगे भी इस तरह के शिविर का आयोजन होता रहेगा। इस अवसर पर विनायक चाइल्ड हॉस्पिटल के पूजा कसौधन (दिप्ती) संदीप कुमार, नीरज कुमार, पंकज कुमार एवम समिति के अध्यक्ष दिलीप कश्यप, सचिव रौशन कश्यप, उपसचिव अनिकेत चंदन, अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष पंकज कश्यप, उपाध्यक्ष रूपेश कश्यप समेत कसौधन सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कश्यप झारखंड प्रदेश के विवाह सलाहकार सत्येंद्र कश्यप आदि उपस्थित थे।

### मुहर्रम इंतजामिया कमिटी के सदर बने सलामुद्दीन खान



**मेदिनीनगर।** चैनपुर के दर्जी मोहल्ला स्थित मदरसा में मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी की बैठक की गई। बैठक में सर्व सम्मती से मोहर्रम इंतेजामिया कमेटी का सदर सलामुद्दीन खान को बनाया गया। सदर बनने के बाद जनाब खान ने कहा कि वह सभी से हाथ से हाथ मिला कर चलेंगे ।चैनपुर में हिंदू - मुस्लिम एकता की भावना को बल देने का काम करेंगे कोई भी पर्व को सौहार्द के साथ मिलजुल कर मनायेंगे। इस दौरान हाजी फारुख खलीफा, जमालुद्दीन खलीफा , अल्लाउदीन खलीफा, सद्दाम खलीफा, फरीद उल्लाह खलीफा, हरेरा खलीफा, आमिर खान, मजहर खान, मुन्ना खान, छोटू खान, लाडले खान,तैयब खान व सम्मी खान समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# 75वें स्थापना दिवस पर अभाविप के विविध कार्यक्रम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर अभाविप पलामू जिला के कार्यकर्ताओं द्वारा 14 प्रखंडों में झंडोत्तोलन,सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता,विचार संगोष्ठी पौधारोपण,पठन-पाठन सामग्री वितरण जैसे विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मेदिनीनगर में परिषद के वैसे कार्यकर्ता जो स्तंभ के रूप में परिषद को गढ़ने का काम किये, वैसे पूर्व कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। जिसमें मुख्य रूप से प्रो०के०के मिश्रा,प्रो० एस०सी मिश्रा,श्याम नारायण दुबे एवं डा० राणा सिंह को सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि विद्यार्थी परिषद का यह 75 वां स्थापना दिवस है, जिसे परिषद कार्यकर्ता अमृत महोत्सव के रूप में मना रहे हैं। जिस कारण कार्यकताओं के मध्य भारी उत्साह देखने को मिला ।पलामू जिले में प्रवासी कार्यकर्ता के रूप में आए अभाविप प्रदेश सह मंत्री निशांत चतुर्वेदी ने कहा कि साधना, संकल्प और समर्पण के आज 75 वर्ष पूर्ण हो रहे हैं। सभी पूर्व कार्यकताओं को याद करते हुए वो बोले कि सबके सहयोग और सामान मानोयोग के कारण ही आज पलामू जिला में विद्यार्थी परिषद मजबूती के साथ आगे बढ़ रही है और उसी का परिणाम है कि 75वें स्थापना दिवस के अवसर पर कार्यकताओं द्वारा विभिन्न प्रखंडों में बड़े स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश खेल गतिविधि प्रमुख अभय वर्मा, ज़िला संयोजक सुमित पाठक, नगर मंत्री रामाशंकर पसवान, नगर सह मंत्री अभिषेक रवि, नितीश दुबे,उत्कर्ष तिवारी, उज्जवल पांडे, अंकित ठाकुर, राहुल कुमार चेरों, राहुल उपाध्याय,लव सिंह, अमन गूप्ता, गितांजली, सूरभी, रिया, मधू सहित कई सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# होमगार्ड कार्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में जिला समादेष्टा होमगार्ड कार्यालय पलामू में वृक्षारोपण का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक सह जिला समादेष्टा ऋषभ गर्ग, कंपनी कमांडर अनुज झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा, संरक्षक स्वीटी सिंह, अध्यक्ष अजीत कुमार दुबे, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे, सचिव रणजीत रंजन, संगठन सचिव नंदलाल दुबे, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी, भावी सदस्य संतोष दुबे, मिथिलेश दुबे, बंटी कुमार गुप्ता, महिला कमेटी के सदस्य रीना देवी, बिंदा देवी, रानी देवी, अनीता देवी, रंजू देवी आदि शामिल थे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला समादेष्टा ने कहा कि जिस प्रकार पलामू की धरती तप रही है, आज हमें पेड़ लगाने की जरूरत है। प्रवक्ता अजय तिवारी ने सभा को समापन करते हुए कहा कि आगामी शुक्रवार को शैक्षिक ब्लड डोनेट कैंप का आयोजन किया गया है। सदस्य में वृंदा देवी अनीता देवी मंजू देवी सुजानती देवी कांति देवी बंटी कुमार गुप्ता प्रदीप गुप्ता शादी कार्यालय प्रांगण में इस कार्यक्रम के सहयोग के रूप में गृह रक्षक बलराम गुप्ता संजय दुबे विकास महतो तुलसी यादव संजय कुमार मूरत यादव जितेंद्र कुमार राम विनय कुमार मनोज कुमार जयदेव पासवान प्लाटून कमांडर अखिलेश पाठक प्लाटून कमांडर अनिल तिवारी सभी लोगों ने मिलजुल कर पेड़ लगाने का एवं सहयोग करने का कार्य किये।

# मणिपुर में अघोषित आपातकाल पर चुप हैं भाजपाई :रूचिर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आज रामगढ़ प्रखंड के ग्राम बेड़मा में आम जनता की जनसमस्याओं को लेकर बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता रामशरण भूइंया ने की। बैठक में सर्वप्रथम ग्रामीणों की जनसमस्याओं से भाकपा के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य अवगत हुये। उन्होने कहा कि गरीब का बेटा कह कर वोट लेने वाले भाजपा के विधायक आलोक चौरसिया को आम जनता की जन समस्याओं से कोई मतलब नहीं है। वह कांग्रेस के समय के आपातकाल के बारे में चर्चा कर रहे हैं, जो सर्व विदित है। लेकिन भाजपा के शासित राज्य मणिपुर में अघोषित आपातकाल उत्पन्न हुई स्थिति के बारे में कुछ नहीं बोलते, जबकि वहां भाजपा की डबल इंजन की सरकार है। जिस डबल इंजन सरकार का बखान सभी भाजपाई करते नहीं थकते हैं। आम जनता उनकी इस चाल को समझ चुकी है उनकी आने वाले समय में जनता उन्हें मुंहतोड़ जवाब देगी। बैठक में नगर सचिव सुरेश ठाकुर नसीम राइन सोनू अहमद, रामजन्म भूइंया, गफ्फार अंसारी, बिहारी भूइंया, अहमद अंसारी , सुखलाल भूइंया, श्याम नारायण साव, लोचन लालती देवी, मालो देवी, बनारसी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## अपराध

### पलामू में शिवाल्या कंसट्रक्शन के साइट कांड से इंकार

# अमन गैंग का दावा, सुजीत सिन्हा से नहीं है नाता

### मयंक ने पलामू पुलिस से आग्रह किया है कि उनका नाम सुजीत सिन्हा गिरोह से ना जोड़ें



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कुछ दिनों पहले एक खबर आई थी कि अमन साव और सुजीत सिन्हा एक साथ काम कर रहे हैं। पुलिस कुख्यात गैंगस्टर के द्वारा इस मामले की पुष्टि भी की गई थी, लेकिन इस मामले को लेकर अमन गैंग एक बार फिर से मुखर हुआ है। गैंगस्टर अमन साहू के खास सहयोगी मयंक ने अमन गैंग और सुजीत सिन्हा गैंग की एकता की बात से साफ इनकार किया है। अमन गैंग से जुड़े मयंक ने रांची में कई लोगों को फोन कर ये जानकारी दी है कि उनका सुजीत सिन्हा से कोई लेना देना नहीं है। मयंक ने बताया है कि काफी पहले उसका और उसके बॉस यानी अमन का सुजीत सिन्हा से संपर्क था, लेकिन कुछ चीजों को लेकर अमन गिरोह उनसे अलग हो गया। उसने यह भी जानकारी दी कि पलामू में शिवालय कंस्ट्रक्शन के साइट पर जो गोलीबारी की गई थी उसमें उनके गिरोह का कोई हाथ नहीं है। मयंक सिंह ने पलामू पुलिस को इंगित करते हुए साफ लिखा है कि उनकी पलामू में कोई गतिविधि नहीं है। मयंक ने पलामू पुलिस से यह आग्रह भी किया है कि उनका नाम वे लोग सुजीत सिन्हा गिरोह से ना जोड़ें ।बताया जा रहा है कि झारखंड के अलग-अलग जिलों के लगभग दो दर्जन व्यापारी और कारोबारी अमन गिरोह के निशाने पर हैं। सभी से लगातार गिरोह के द्वारा रंगदारी की डिमांड की गई है। जो लोग रंगदारी नहीं दे रहे हैं उन पर हमला किया जा रहा है ।अमन साव गिरोह रांची, धनबाद, हजारीबाग, लातेहार और चतरा पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है। गिरोह के पास एके-47 जैसे खतरनाक हथियार भी हैं। वहीं, दूसरी तरफ झारखंड एटीएस और बाकी जिलों की पुलिस की टीम भी अमन गिरोह पर शिकंजे के लिए लगातार काम कर रही है। पुलिस के अनुसार गैंग के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

# राशन वितरण मामले में प्रखंड उप प्रमुख की दोहरी नीति हुई उजागर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रखंड उप प्रमुख अंजली देवी की दोहरी नीति उस समय जगजाहिर हुआ जब कटौती कर लाभुकों के बीच राशन वितरण कर रहे दो दुकानदारों में एक दुकानदार के वितरण कार्य पर रोक लगा दी, जबकि दूसरे दुकान पर न तो वह गई और ना ही वहां वितरण कार्य पर रोक लगाई। उसके घंटा दो घंटा बाद उक्त दुकानदार के देखा देखी वितरण कार्य पर रोक लगाए दुकानदार ने भी पुनः वितरण कार्य शुरू कर दिया। मामला प्रखंड के डंडाई गांव से जुड़ा है।

डंडई गांव के जन वितरण दुकानदार रामगुलाम साह व पारसनाथ प्रसाद के द्वारा रविवार अहले सुबह लाभुकों के बीच राशन का वितरण किया जा रहा था। इसी बीच रामगुलाम साह के दुकान पर पहुंची उपप्रमुख अंजलि ने वितरण कार्य पर रोक लगा दी। साथ ही दुकानदार से राशन नहीं वितरण करने की बात कह कर वह अपने घर लौट

**लाभुकों ने कहा, सबके लिए नियम एक जैसा होना चाहिए न कि अलग-अलग**

आई। उधर पारसनाथ प्रसाद के द्वारा कटौती कर लाभुकों के बीच राशन का वितरण होता रहा। उक्त दुकान पर राशन वितरण होता देख रामगुलाम साह के द्वारा भी राशन का वितरण करना शुरू कर दिया गया। इसी बीच पुनः उक्त दुकान पर पहुंची उपप्रमुख ने बिना कटौती के राशन वितरण कराने का आश्वाशन देकर लाभुकों को वापस जाने को कहा।

इस दौरान लाभुकों ने दूसरे दुकानदार के द्वारा राशन कटौती कर लाभुकों के बीच राशन वितरण होने की बात उप प्रमुख से बताई। साथ ही उक्त दुकान पर चलकर मामले की पड़ताल करने का उनसे निवेदन भी किया गया, लेकिन लाभुकों की बातों का उनपर तनिक भी असर नहीं हुआ। इसी बीच लाभुकों के द्वारा रिश्वतखोरी से लेकर कई तरह के उन्हें आलोचनात्मक शब्द भी कहे गये। उसके बाद वह दूसरी दुकान पर पहुंची और कटौती कर वितरण हो रहे राशन पर रोक लगाने की बात कही। तत्पश्चात लाभुकों के द्वारा उन्हें कहा गया कि सबों के लिए नियम एक जैसा होना चाहिए न कि अलग-अलग। इससे पहले उक्त दुकानदार के द्वारा लाभुकों के बीच वितरण किए चावल की मात्रा को उप प्रमुख के द्वारा तराजू पर तौल कर देखा गया जिसमें उसका वजन 1 किलो कम पाया गया।

दुकानदारों ने बताया कि उप प्रमुख की पहल सराहनीय है। उप प्रमुख ने कहा कि गरीबों के साथ अब अन्याय नहीं होगा। पूरे ब्लॉक में बिन कटौती के लाभुकों के बीच राशन वितरण कराया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जितने भी संपन्न लोग राशन का उठाव कर रहे हैं प्राथमिकता के आधार पर उनका राशन कार्ड कटवाया जाएगा। उसके बाद उक्त कार्डों को गरीब व्यक्तियों के बीच वितरण करा दिया जाएगा।

## जिले के हर जरूरतमंद को कराया जाएगा ब्लड उपलब्ध : विकास

# सदर अस्पताल के ब्लड बैंक में 43 ने किया रक्तदान




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकाश दुबे के सहयोग से सदर अस्पताल स्थित ब्लड बैंक में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह, युवा समाजसेवी विकाश दुबे, वीबीडीए के अध्यक्ष विवेक कुमार तिवारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस मौके पर दुबे ने कहा कि रक्त एक अनमोल चीज है। इसका उत्पादन नहीं किया जा सकता है। रक्त का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हर स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि गढ़वा ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। इसमें हमारे सभी साथियों ने 43 यूनिट रक्तदान किया है। पिछले दिनों भी ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें दर्जनों लोगों ने रक्तदान किया था। आगे भी रक्त को कमी को देखते हुए लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। 15 अगस्त को अपने जन्मदिन पर कांडी प्रखंड क्षेत्र में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं द्वारा रक्तदान किया जाएगा। रक्तसेवक विवेक तिवारी ने बताया कि रक्त संकट को दूर करने में युवाओं की अहम भूमिका है और इसके लिए युवाओं एवं युवतियों को आगे आना होगा। हमारी टीम रक्त के जरूरतमंद को हर संभव रक्त उपलब्ध कराने का प्रयास करती है। सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ.अवधेश कुमार सिंह ने कहा कि समाजसेवी विकास दुबे की ओर से काफी सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ब्लड बैंक में रक्त की काफी कमी थी गढ़वा जिले में रक्त की डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। समाजसेवी के बल पर ही ब्लड गढ़वा में लोगों को उपलब्ध हो सकेगा। समाजसेवी अरुण दुबे, योगी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विपुल दुबे, दीपू दुबे, आशीष दुबे, सोनू सिंह मौजूद थे।

## जीयर ने की आत्मदेव व उनकी पत्नी धुंधली के प्रसंग की चर्चा

# साधन-संसाधन का उपयोग करें, उपभोग नहीं : स्वामी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
साधन-संसाधन का उपयोग संस्कार, संस्कृति और धर्म के अनुसार होनी चाहिए। साधन और संसाधन का दुरुपयोग कतई नहीं होनी चाहिए। इनके उपयोग से धन, वैभव और प्रतिष्ठा बढ़ती है जबकि दुरुपयोग से धन ओर प्रतिष्ठा की हानि होती है। अपने साधन-संसाधन का दुरुपयोग करने वाले को समाज हेय भाव से देखता है।



श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में आत्मदेव और उनकी पत्नी धुंधली के प्रसंग की चर्चा करते हुए जीयर स्वामी ने कहा कि गृहस्थ आश्रम पुत्र होना चाहिए लेकिन मैं पुत्र प्राप्ति नहीं होने पर जीवन निरर्थक नहीं समझना चाहिए। उन्होंने पाप की चर्चा करते हुए कहा कि जाने अनजाने में हुए पाप का सत संकल्प से मार्जन संभव है, लेकिन दुराग्रह के साथ किए गए पापों को अवश्य भोगना है। लोभ पाप का जन्मदाता है। जो मनुष्य रात-दिन पाप करता हो, निरंतर दुराचार सान्निध्य का संस्मरण करता हो और क्रोध की अग्नि में जलता हो, उसका भी उद्धार संभव है, बशर्ते वह सत सकल्प के साथ भागवत कथा का श्रवण करे और पुनः पाप न करे।

भागवत कथा अनुष्ठान से सुनने पर कल्याण होता है। कथा सुनने के समय संसारिकता से अलग एकाग्रचित्त होने पर फल प्राप्ति होती है। भगवान की कृपा होने पर पति-पत्नी में मधुरता रहती है। यदि पत्नी कर्कशा हो और घर में बच्चों की किलकारी भी नहीं हो, तो सुख-शांति नहीं रहती। उन्होंने कहा कि जो पाप दुराग्रह के साथ हो, वह महापाप है। ब्राह्मण, गाय, परिजन और महापुरुषों की हत्या और विश्वासी के साथ विश्वासघात करना महापाप की श्रेणी में आता है। शराब पीने, जुआ खेलने, हत्या करने और न्यायालय में मुकदमा करने वाले की सम्पति प्रायः नष्ट हो जाती है। इन कारणों से प्राप्त गरीबी का समाज उपहास करती है, क्योंकि अपनी गरीबी और बेबसी का कारण भी ये स्वयं होते हैं। ऐसे लोगों के प्रति किसी का दयाभाव नहीं होता। ये साधन का दुरुपयोग और दुराग्रह युक्त पाप के भागी होते है। उन्होंने कहा कि मांस, मनुष्य के लिए उचित नहीं। मांस खाने के लिये परपोषी जीवों का कुतर्क नहीं देना चाहिए। मुनष्य के शरीर की संरचना परपोषी जीवों से अलग है। अगर मुनष्य छह माह कच्चा मांस खा ले तो चर्म रोग के साथ ही उसका पाचन तंत्र बुरी तरह कुप्रभावित हो जाएगा। अपने स्वार्थ और गलत इच्छा की पूर्ति के लिए कुतर्क का सहारा नहीं लेनी चाहिए।

## अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को पुलिस ने किया जब्त



**चिनिया।** थाना क्षेत्र के खूरी गांव से रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने अवैध रूप से बालू लदे एक ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर चिनिया थाना परिसर लाया है। वहीं जब्त किया हुआ हरा रंग का ट्रैक्टर खूरी गांव निवासी राजन प्रसाद-पिता गोपाल प्रसाद का बताया गया। पूछे जाने पर थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि कनहर नदी से अवैध रूप से बालू ढूलाई किए जाने पर व गुप्त सूचना मिलने के बाद मौके से अवैध रूप से बालू लदे ट्रैक्टर ट्रॉली को जब्त कर थाना परिसर लाया गया है। इनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए खनन अधिनियम के तहत अंचलाधिकारी को रिपोर्ट कर दी गई है। मौके पर चिनिया थाना प्रभारी राजबालभ कुमार सहित पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# बड़गड़ प्रखंड के खुर गांव के 12 घरों के लोग एनर्जी प्लांट के लाभ से वंचित

**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़**
प्रखंड अंतर्गत मदगढ़ी च पंचायत के खुरा गांव में जरेडा द्वारा लगाया जा रहा सोलर एनर्जी प्लांट के लाभ से 12 घरों के लोगों को वंचित किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने की है। ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उनके गांव में जरेडा के द्वारा सोलर एनर्जी प्लांट लगाया जा रहा है। उक्त प्लांट से गांव के 81 घरों तक सर्वे सूची के आधार पर कनेक्शन दिया जाना था, परंतु संवेदक के द्वारा प्लांट से कुछ दूरी पर स्थित गांव के एक टोले में, जहां बारह घरों में लगभग सत्तर लोग निवास करते हैं, उनके घरों तक सोलर एनर्जी प्लांट का कनेक्शन नहीं पहुंचाया जा रहा है। इस कारण उक्त टोले के लोगों में काफी नाराजगी है।





ग्रामीण संदीप तिर्की, संजय नागेसिया, चौठा किसान, बुधु किसान, बुधन किसान, मुन्ना किसान, कैलाश किसान, शरीफा किसान, राजू किसान, नन्हका किसान, राजेश टोप्पो, विगन उरांव आदि ग्रामीणों की शिकायत है कि उनके घरों तक कनेक्शन न पहुंचाकर गलत तरीके से आस पास के एक ही घर में दो से तीन कनेक्शन देकर निर्धारित संख्या पूरा कर ली जा रही है। खुरा गांव से सटे टोले में रहने वाले उपरोक्त ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि वे लोग लंबे समय से अंधेरे में जीवन बीता रहे हैं। टोले के लोग आज भी ढिबरी युग में जी रहे हैं, जिसे दूर करने के लिए गांव में रोशनी की जरूरत है। जिला उपायुक्त से उन्होंने मांग की है कि उनके टोले तक भी सोलर एनर्जी प्लांट का कनेक्शन पहुंचा कर हम सभी वंचित लोगों के घरों में रोशनी पहुंचाई जाए।

# नोटिसों का भी आवास लाभुक पर नहीं पड़ा असर

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**
प्रधानमंत्री आवास योजना मद की राशि वापस करने को लेकर लाभुक राम दुलारी देवी के नाम बीडीओ सोमा उरांव की ओर से जारी किया गया दूसरा नोटिस का भी लाभुक पर कोई असर नहीं पड़ा। मामले में बीडीओ सोमा उरांव ने बताया कि राशि जमा करने के लिए लाभुक को एक नहीं दो दो बार नोटिस दिया जा चुका है। बावजूद अब तक उनके द्वारा योजना मद की राशि को नजारत में जमा नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि अब कोई रास्ता नहीं बचा है। सप्ताह दिन के अंदर उनके खिलाफ सर्टिफिकेट केस कर दिया जाएगा। दूसरे नोटिस को जारी हुए महीनों बीत गये लेकिन आज तक उनके द्वारा उक्त मद की राशि 125000 रुपये प्रखंड के नजारत खाते में जमा नहीं किया गया। 16 जून को जारी दूसरे नोटिस में भी बीडीओ ने पूर्व की तरह सप्ताह के अंदर उक्त राशि को प्रखंड के नजारत खाते में लाभुक को जमा करने का निर्देश दिया था। उन्हें चेतावनी दी गई थी कि ससमय राशि जमा नहीं करने पर उनके खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# स्कूल की बाउंड्री वाल गिराए जाने की आलोचना

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा जिला पब्लिक स्कूल एसोसिएशन के सदस्यों ने अपने एक सदस्य गढ़वा सेंट्रल स्कूल के निदेशक सलामतुल्ला खान के विद्यालय में पहुंचकर गढ़वा नगर परिषद द्वारा उनके विद्यालय की बाउंड्री वाल को गिराए जाने पर क्षोभ व्यक्त किया। सदस्यों ने ध्वस्त बाउंड्री वाल को देखकर हतप्रभ होते हुए कहा कि विद्यालय के चलने के समय नगर पालिका प्रशासन एवं पुलिस की उपस्थिति में यह कृत्य भयावह है।

विद्यालय के बच्चे जहां पुलिस के प्रति एवं प्रशासन के किसी

**जिला पब्लिक स्कूल एसोसिएशन ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की**

विभाग के प्रति अच्छे विचार रखें यह कोशिश विद्यालयों की होती है। प्रशासन के द्वारा भी यह प्रचार किया जाता है। पुलिस के द्वारा भी कम्युनिटी पुलिसिंग एवं सोशल पुलिसिंग की बात की जाती है एवं अभियान चलाए जाते हैं। यह घटना इन अभियानों के विरुद्ध है। यह बच्चे जिसने पुलिस की एवं नगर परिषद प्रशासन की कार्यवाही को देखा है, हो सकता है उनके मन में उनके प्रति घृणा उत्पन्न हो एवं समाज की मुख्यधारा में जाने में वह भय उत्पन्न करें। ऐसे में एसोसिएशन प्रशासन को सचेत करती है कि इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति ना हो एवं दोषियों पर कार्रवाई हो तथा विद्यालय की जो भी हानि हुई हो उसकी भरपाई करते हुए बाउंड्री वॉल को पुनः खड़ा किया जाए। इस कार्रवाई में निदेशक के पांच वर्षीय बच्चे को भी किसी कर्मी के द्वारा एक थप्पड़ लगाया गया है। इस घटना पर आश्चर्य व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि यह एक संज्ञेय अपराध है। इस पर तो इस व्यक्ति की तुरंत गिरफ्तारी होनी चाहिए जिसने बच्चे पर हाथ उठाया।

इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के निदेशकों में आनंद पांडे, राज नारायण चौबे, शशि शेखर गुप्ता, शिव कुमार उपाध्याय, सुनील रजक, एसएन पाठक, कृष्णा केसरी, चंदन कुमार गोंड, नितेश कुमार चौबे आदि उपस्थित थे। एसोसिएशन के अध्यक्ष जिला मुख्यालय से बाहर होने की वजह से उपस्थित नहीं थे लेकिन उन्होंने दूरभाष पर क्षोभ व्यक्त किया है एवं प्रशासन की एवं सरकार की दमनकारी नीति की आलोचना भी की है।

# संघ पदाधिकारी पर हमले के विरोध में बाजार बंद, प्रशासन रहा अलर्ट



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**
थाना क्षेत्र के घुरुआ गांव में एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा आरएसएस के जिला धर्म जागरण प्रमुख विवेक सोनी एवं एकल विद्यालय के प्रखंड अध्यक्ष ऋषि पांडेय पर शनिवार को जानलेवा हमले के विरोध में रविवार को मझिआंव के सभी व्यवसाइयों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखी। इस दौरान अति आवश्यकता की दुकानें (दवा, शब्जी, फल) आदि की दुकानों को छोड़कर बाकी सभी दुकाने बंद देखी गईं, जबकि लंबी व मध्यम दूरी के छोटे बड़े सभी वाहनों का परिचालन पूर्व की भांति होता रहा। इधर सभी दुकानें बंद होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा और वे आवश्यक सामानों की खरीददारी के लिए परेशान होकर घूमते देखे गए। साथ ही दुकानों की बंदी के कारण लोग चौक चौराहों पर इस घटना की चर्चा करते देखे गए। इस दौरान आरएसएस के कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों और दुकानदारों ने बैठक कर बाकी बचे सभी आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की। इसी बीच भाजपा नेता व स्थानीय विधायक पुत्र डॉ ईश्वरसागर चंद्रवंशी ने मझिआंव आकर व्यवसाइयों के बंद का समर्थन किया और कहा कि इस घटना की जितनी भी निंदा की जाय वह कम है। इधर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध कुमार यादव ने मझिआंव आकर व्यवसाइयों से वातालाप की और सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है बाकी को भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर ने भी शांति व्यवस्था को लेकर पूरे शहर में भ्रमण करते रहे। इस दौरान पुलिस निरीक्षक राजीव कुमार एवं थाना प्रभारी कमलेश कुमार महतो दल बल के साथ मौजूद थे। वहीं शांति कायम रहे जिसको लेकर जिला से अतिरिक्त पुलिस बल भी बाजार क्षेत्र में लगाया गया था।

## आस्था
## ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों ने किया सत्संग का आयोजन

# 'भक्त के लिए ईश्वर ही होते हैं सबकुछ'

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**
ठाकुर अनुकूलचंद्र के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में सत्संग सह भंडारा का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बंदेपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के साथ दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से प्रातः कालीन विनती प्रार्थना, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। इष्टचर्चा करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि भक्त का मन ईश्वर को प्राप्त करने के लिये बेहाल रहता है भक्त के लिये ईश्वर ही सबकुछ होते हैं। भक्त केवल अपने गुरु को ही प्राप्त करना चाहते हैं। ऋत्विक धृतिसुंदर लाल ने कहा कि मनुष्य को अपना कर्तव्य अवश्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि यह पूर्ण सत्य है कि कर्ता ही पाने की जननी होती है। ठाकुर का दीक्षा ग्रहण कर उनके द्वारा दिये गये निर्देशों का पालन करना चाहिये। सत्संगी माला दास ने कहा कि ठाकुर का दीक्षा लेकर यजन, याजन, इष्टभृति करने से विशेष अनुभूति प्राप्त होती है। उस अनुभूति से मनुष्य को ज्ञान प्राप्त होता है। यह सभी सत्संगी वृंद के लिये आवश्यक है। अनिता सिन्हा ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्रत्येक मनुष्य को थान कुनी का पता खाली पेट खाकर पानी पीना चाहिये। इससे शरीर का विष उत्सर्जी अंगों द्वारा बाहर निकल जाता है तथा शरीर मे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ता है। इसके साथ-साथ सदाचार का पालन करना चाहिये। उन्होंने कहा कि सदाचार आध्यात्मिक, मानसिक व शारीरिक तीन प्रकार के होते हैं। तीनों सदाचार का पालन करने से मन व शरीर स्वस्थ रहता है।



ऋत्विक शंकर सुमन दा ने कहा कि ठाकुर द्वारा प्रदत्त सत्संग व सतनाम का पालन अवश्य करना चाहिये। सत्संग में अनुयायियों द्वारा भक्ति मूलक भजन भी प्रस्तुत किया गया। सत्संग के बाद भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने महा प्रसाद ग्रहण किया। सत्संग में प्रसाद व भंडारा की व्यवस्था चेचरिया निवासी सतवंती देवी द्वारा की गई थी। सत्संग में ब्रजेश तिवारी, शक्तिदास सिन्हा, अखिलेश प्रसाद, राजकुमार, भोला प्रसाद, श्रीराम जायसवाल, संजय दा, अजय दा, माला देवी, निर्मला जायसवाल, तारा देवी, आशा देवी, पूजा कुमारी, राहुल कुमार, चंचला गुप्ता, वृंदा देवी, रेखा देवी सहित बड़ी संख्या में सत्संगी उपस्थित थे।

## साहू बने रौनियार वैश्य महासभा के राष्ट्रीय संरक्षक

**केतार (गढ़वा)।** अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा गढ़वा जिला कमिटी के संरक्षक राम विचार साहू को अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा का राष्ट्रीय संरक्षक के पद पर नियुक्त किया गया है। जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद ने कहा कि यह गढ़वा जिला के लिए गर्व की बात है। साहू मिलनसार, अनुभवी के साथ समाज को जोड़ने का कार्य हमेशा कार्य करते हैं।

साहू को राष्ट्रीय संरक्षक बनने पर जिला कमेटी गढ़वा की ओर से जिला अध्यक्ष बैजनाथ प्रसाद, दिनेश प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, विनोद प्रसाद, सूर्यदेव प्रसाद, विकास प्रसाद, संजय प्रसाद, अर्जुन प्रसाद, रामचंद्र प्रसाद ने अखिल भारतीय रौनियार वैश्य महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता ने बधाई दी है।

### गैर जिम्मेदार अंचल कर्मियों के कारण अधर में लटक रहीं जन कल्याणकारी योजनाएं

# बीडीओ व थाना प्रभारी पहुंचे तिलरा, रैयतों से वार्ता

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

मयूरहंड अंचल कार्यालय में पदस्थापित अंचल अमीन व अंचल निरीक्षक के गैर जिम्मेदार हरकत के कारण जन कल्याणकारी योजनाएं अधर में लटकने के साथ रैयतों में विवाद उत्पन्न हो रहा है। ज्ञात हो कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जलनल योजना के क्रियान्वयन के लिए स्थल चयन में घोर अनियमितता बरती जा रही है।

पेयजल स्वच्छता प्रमंडल द्वारा मंझगावां, करमा व हुसिया पंचायत के विभिन्न गांवों में शुद्ध पेयजल मुहैया कराने को लेकर पानी टंकी निर्माण हेतु स्थल चयन को लेकर अंचल कार्यालय को पत्र प्रेषित किया गया। इसके आलोक में प्रभारी अंचल अधिकारी साकेत



कुमार सिन्हा ने अंचल निरीक्षक व अंचल अमीन को गरमजुरवा जमीन तिलरा व करमा में चयन करने का निर्देश दिया। निर्देश का अनुपालन करते हुए संबंधितों ने तिलरा में सोलहो अना रैयतों की जमीन गरमजुरवा बताकर स्थल का चयन करने के साथ मापी कर नक्शा बनाकर विभाग को सुपुर्द कर दिया। इसपर संवेदक द्वारा पानी टंकी निर्माण कार्य को लेकर फाउंडेशन कार्य प्रारंभ किया गया, जिसमें योजना का लाखो रुपये खर्च कर पिलर खड़ा किया गया। जिसके बाद तिलरा के रैयतों ने रैयती जमीन में पानी टंकी निर्माण कार्य होते देख विरोध कर कार्य बंद करवाया। जिसके बाद बीडीओ सह सीओ व थाना प्रभारी रामवृक्ष राम रैयतों से वार्ता करने तिलरा पहुंचे, जहां रैयतों ने बताया की ए जमीन सोलहो अना रैयती है, जिसका लगान सभी रैयतों द्वारा दी जा रही है।

तिलरा में गरमजुरवा जमीन उपलब्ध रहने के बावजूद अंचल कर्मियों द्वारा रैयती जमीन को गरमजुरवा बतलाकर निर्माण का आदेश दे दिया गया। कमोवेश अन्य स्थानों पर भी पानी टंकी निर्माण के लिए चयनित स्थलों पर आपत्ति जताई जा रही है। रैयतों से वार्ता सफल नहीं होने तक निर्माण कार्य पर पाबंदी लगाई गई है। मौके पर मुखिया मंजित सिंह के अलावा दर्जनो रैयत मौजूद थे।

# चार नव पदस्थापित पंचायत सचिवों ने बरवाडीह प्रखंड में दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

चार नवनियुक्त पंचायत सचिवों ने बरवाडीह प्रखंड में जिला प्रशासन लातेहार के आदेश पर योगदान दिया है। इनमें संजीव कुमार, अरुण उरांव, संतोष कुमार भगत, तनुजा किरण टोप्पो शामिल हैं। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि इन चारों पंचायत सचिवों के योगदान देने के बाद प्रखंड में पंचायत सचिवों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है।

इन पंचायत सचिवों के आने के बाद पंचायत के कार्यों का निष्पादन अब त्वरित गति से हो सकेगा और कई प्रभार में चल रहे पंचायत को अब पूर्णकालिक पंचायत सचिव मिल जाएंगे। इससे पंचायत में अब अधिक समय यह पंचायत सचिव दे सकेंगे और योजनाओं की बेहतर मॉनिटरिंग हो पाएगी। उन्होंने कहा कि साथ ही जनता को अपनी



पंचायत में ही अब काम कराने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुछ दिनों तक नवनियुक्त पंचायत सचिवों को व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा और उन्हें मनरेगा, 15 वें वित्त और प्रधानमंत्री आवास के कार्यों की बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी 15वें वित्त के प्रखंड समन्वयक मंजीत सिंह को दी गई है। संक्षिप्त प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद नवनियुक्त चारों पंचायत सचिवों को पंचायत का प्रभार विधिवत दे दिया जाएगा।

# पलामू जिला प्रभारी नियुक्त होने पर संजय को दी बधाई

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

समाजसेवी सह युवा राजद प्रदेश सचिव संजय यादव को पलामू जिला प्रभारी नियुक्त किया गया है। इस पर चंदवा निवासी संजय यादव को श्रम मंत्री सत्यानंद भोगता ने टेलीफोन पर बधाई दी और संगठन को धारदार बनाने का मंत्र दिया। वहीं संजय यादव ने कहा कि मुझ पर संगठन ने भरोसा किया है। इसके लिए श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव, युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव एवं राजद प्रदेश कोषाध्यक्ष सह चतरा लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी सुभाष यादव का आभार जताया। वहीं संजय यादव को पलामू जिला प्रभारी बनने पर राष्ट्रीय महासचिव अभय सिंह, लातेहार विधानसभा विधायक प्रत्याशी सुरेश राम, युवा प्रदेश उपाध्यक्ष सह श्रम मंत्री के पुत्र विनोद भोक्ता, राजद प्रदेश अध्यक्ष सीपी सोलंकी, महिला प्रदेश अध्यक्ष रानी सिंह, प्रदेश महासचिव कमलेश यादव, चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष डॉ अरुण देव राय, खटाल प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष गौरी शंकर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मण यादव, जिला अध्यक्ष लातेहार रामप्रवेश यादव, वरिष्ठ राजद नेता लातेहार दीपक नाथ शाहदेव, युवा राजद जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव, पीरीतलाल यादव यादव ,दीपक यादव, सुशील यादव, सूरज यादव, ने बधाई दी।

### चंदवा के डेढ़टंगवा घाटी में दर्दनाक सड़क हादसा, खलासी घायल

# असंतुलित हो सड़क किनारे पलटा ट्रक, चालक की मौत

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदवा-चांपी-लोहरदगा मुख्य पथ पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक ट्रक चालक की मौत हो गई, जबकि खलासी घायल हो गया। घटना डेढ़टंगवा घाटी में शनिवार देर रात की है। घटना में एक चौदह चक्का ट्रक असंतुलित होकर सड़क किनारे पलट गया। ट्रक में लोहे का पाइप लोड था। केबिन के अंदर ही दबने की वजह से ट्रक चालक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कृष्ण कुमार यादव पिता सीताराम यादव अयोध्या (यूपी) के रूप में हुई है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी बबलु कुमार पुलिस बल के साथ रात में ही घटना स्थल पर पहुंचे और कड़ी मशक्कत के बाद क्रेन की मदद से ट्रक के अंदर फंसे खलासी को गाड़ी से बाहर निकाला गया। घायलावस्था में खलासी को लोहरदगा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार उक्त लोहा लोड ट्रक लोहे का पाइप लेकर लोहरदगा की ओर



से आ रहा था तभी चंदवा से पहले डेढ़टंगवा घाटी में दुर्घटना का शिकार हो गया। बताया जाता है कि दुर्घटना में लोहे का भार केबिन में आ गया और उसके नीचे दबने की वजह से ड्राइवर की मौत हो गई। दुर्घटना में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए हैं। पुलिस ड्राइवर के शव को अपने कब्जे में कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है।

### बाइक हादसे में तीन घायल, एक रिम्स रेफर

**बारियातु।** थाना क्षेत्र के भाटचतरा गोनिया मुख्य मार्ग के बिश्रामपुर तीन मुहान के पास बाईक अनियंत्रित होने से तीन युवक घायल हो गए। भाटचतरा ग्राम के फूलवारिया टोला निवासी लखन तुरी पिता स्व चैता तुरी, संदीप तुरी पिता शंकर तुरी, राजू तुरी पिता स्व बूटा तुरी तीनों युवक बाइक से आ रहे थे कि मनोज तुरी के घर के ठीक सामने बाइक अनियंत्रित हो गयी। संदीप को स्थानीय चिकित्सकों द्वारा इलाज कराया गया, जबकि राजू व लखन को वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बालूमाथ ले जाया गया, जहां से लखन तुरी की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया।

# नेतरहाट थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार जारी

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

सरकार और प्रशासन बालू के अवैध खनन और धंधे को रोकने में विफल साबित हो रहा है। इधर लगातार अवैध कारोबारियों का दबदबा बढ़ता जा रहा है। नेतरहाट थाना क्षेत्र के लुरगुमी गांव में पिछले तीन दिनों से करमखाड़ नदी से बालू का अवैध भंडारण किया जा रहा है। प्रखंड में बालू का अवैध कारोबार रोक पाने में पुलिस प्रशासन या फिर खनन विभाग पूरी तरह से विफल साबित हो रहा है। जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार द्वारा कहा गया है कि झारखंड राज्य के मानसून सीजन में 10 जून से 15 अक्टूबर तक जिले के सभी बालू घाटों से बालू उठाव पूर्णतः प्रतिबंधित है। नदी घाटों से पारित आदेश के विपरीत अगर कोई बालू उठाते पकड़ा जाता है, तो संबंधित दोषी के खिलाफ नियम के तहत कार्रवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त

### आरएसएस के गुरु दक्षिणा कार्यक्रम का समापन



**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय के आदर्श नगर मोहल्ला स्थित दुर्गा मंडप परिसर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का गुरु दक्षिणा कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसमें प्रखंड के सैकड़ों स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। मुख्य अतिथि के तौर पर संघ के सामाजिक सद्भाव प्रमुख एवं पूर्व प्रांत प्रचारक विजय घोष मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक प्रकाश राम ने की, जबकि संचालन संघ के सरकार्यवाह सत्येंद्र प्रसाद ने किया। मौके पर खंड कार्यवाह विवेक सिंह जगनारायण पाठक, संजय यादव, अरविंद कुमार, अजीत ओझा, चंदन कुमार, लक्ष्मण कुशवाहा, गंगेश्वर यादव, अमित राम, राम कुमार गुप्ता, सूरज साह, संजीव सिन्हा, सुनील पांडे, राजू भगत, विजय यादव, अखिलेश भोक्ता, महानंद कुशवाहा, लोकेश सिंह, त्रिवेणी साहू, विपिन यादव, श्रवण सोनी, रविंद्र सिन्हा, जितेंद्र कुमार, पवन कुमार, शशि भूषण गुप्ता, अजीत कुमार, परमेश पांडे, शंभू प्रसाद, विनोद साहू आदि मौजूद रहे।

### एबीवीपी की 75वीं वर्षगांठ पर हुए कार्यक्रम




**बरवाडीह।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 75 साल पूरा होने पर और इंटरनेशनल स्टूडेंट डे के उपलक्ष में परिषद ने प्रखंड में कई कार्यक्रमों का किया। इस मौके पर पलामू से आए हुई मुख्य अतिथि विभाग के संगठन मंत्री रत्नेश त्यागी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि व सदस्यों ने विवेकानंद चौक परिसर समेत कई विद्यालय परिसरों में फलदार और छायादार पौधे लगाये। कार्यक्रम में सागर कुमार, कार्यालय मंत्री धनंजय कुमार, अश्विनी कुमार प्रधान, हंसपाल कुमार, गणेश कुमार, हिमांशु गुप्ता, अविनाश कुमार, आर्यन वर्मा, गोल्डन कुमार, शिवानी कुमारी, बरखा कुमारी, गंगा कुमारी, राजा कुमार समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### महिला श्रद्धालुओं का जत्था देवघर रवाना

**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय के गायत्रीनगर से महिलाओं का एक जत्था बाबा नगरी देवघर के लिए रवाना हुआ। इससे पहले जत्था की महिलाओं ने शहर के वैष्णव दुर्गा मंदिर में माथा टेका व अपने मंगलमय यात्रा की कामना की। महिलाओं ने बताया कि वे बाबा नगरी में भगवान शिव से अपने परिवार व क्षेत्र की सुख शांति की कामना करेंगी। महिलाओं में मंजू देवी, विभा देवी, निर्मला देवी, रीना देवी, आशा देवी, देवंति देवी, विभा देवी, साक्षी कुमारी व हिमांश कुमार का नाम शामिल है।

### सोना सोबरन : मुखिया ने बांटी धोती-साड़ी

**बरवाडीह।** प्रखंड के मोरवाई पंचायत सचिवालय में रविवार को प्रदेश के महत्वाकांक्षी सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत लाभुकों के बीच मुखिया आशीष कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य बीना देवी द्वारा धोती-साड़ी का वितरण किया गया। मोरवाइ पंचायत के महिला सहायता समूह जन वितरण विक्रेता की उपस्थिति में लाल, पीला, हरा कार्डधारी ग्राहकों के बीच मुखिया द्वारा बारी-बारी से वितरण किया गया। मौके मुखिया सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा साल में दो बार सभी लाभुक कार्ड धारियों के बीच 10 रुपये में धोती साड़ी वितरण किया जा रहा है। मौके पर पंचायत के सभी वार्ड सदस्य आदि लाभुक उपस्थित थे।

### डायन उत्पीड़न को लेकर की नुक्कड़ सभा

**टंडवा (चतरा)।** रविवार को टंडवा थाना क्षेत्र के पदमपुर में पुलिस द्वारा एनजीओ जनविकास केंद्र के सहयोग से डायन उत्पीड़न से संबंधित ग्रामीणों में जन- जागरुकता हेतु नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इंस्पेक्टर विजय कुमार सिंह ने बताया कि कानून में डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 1999 तथा आइपीसी 1973 में यह मामला संज्ञेय है। जिसमें उत्पीड़न करने वाले आरोपियों के विरुद्ध गैर-जमानती तीन माह की सजा व आर्थिक जुमार्ने तक का प्रावधान किया गया है। अभियान में एसआइ भोलानाथ दास, अभिनव आनंद समेत अन्य शामिल थे।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा की हुई प्रखंडस्तरीय बैठक

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय स्थित भास्कर स्वालंबन क्लब भवन में रविवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कि प्रखंड स्तरीय बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा व संचालन सचिव देवदीप कुमार ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा उपस्थित थे। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षक देवचरण दांगी, चंद्रदेव साहू, देवनारायण दांगी, पूरन राम, एकरामुल हक, सलीम अख्तर, उपेंद्र दांगी, शशि कुमार गुप्ता, भुवनेश्वर दांगी, रमेश कुमार महतो सहित अन्य शामिल थे।

# अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से हो रही लोहा चोरी की हो ईडी जांच : भाजपा

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

भाजपा नेता सह प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने ट्वीट कर चंदवा प्रखंड स्थित बंद पड़े अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से हो रही लोहा चोरी की घटना की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से कराने की मांग की है। ट्वीट कर शाहदेव ने कहा कि लातेहार जिला अंतर्गत चंदवा के चकला स्थित दिवालिया हो गए अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट से लगभग 100 करोड़ के स्क्रैप की डकैती हुई है। यह लूट अभी भी जारी है। एक संगठित सफेदपोशों के गिरोह के द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से अभी भी लगातार चोरी की घटना



को अंजाम दिया जा रहा है। शाहदेव ने आगे लिखा है कि इस लूट के पैसे की बड़े पैमाने पर मनी लांड्रिंग की गई है। उन्होंने ईडी डायरेक्टर से आग्रह करते हुए कहा है कि बालूमाथ व चंदवा थाना में दर्ज लोहा चोरी की दर्जनों मामलों को टेकओवर करके जांच शुरू करें। लोहा चोरी को सरक्षंण देने वाले संगठित गिरोह के सदस्यों के कॉल डिटेल, वाट्सएप कॉल, मोबाइल लोकेशन की जांच करने से बड़े बड़े चौकाने वाले नाम सामने आएंगे। शाहदेव ने डीजीपी झारखंड को टैग करते हुए लिखा है कि मैंने पहले भी आपका ध्यान अभिजीत ग्रुप पॉवर प्लांट में चल रहे महाचोरी की ओर आकर्षित कराया था लेकिन चोरी अबतक थमी नहीं है। हाइवे के रास्ते धड़ल्ले से माल कबाड़ी दुकानों तक पहुंचाया जा रहा है। बीच-बीच में खानापूर्ति के लिए कुछ गिरफ्तारी हुई। कुछ माल बरामद भी किये गए लेकिन स्क्रैप चोरी की घटना में कोई कमी नहीं आई है।

# टंकी फट जाने से बर्बाद हो रहा पेयजल, बच्चे परेशान

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

राजकीय प्राथमिक विद्यालय मतनाग के प्रांगण में लगे जल मीनार की टंकी फट जाने से प्रतिदिन सैकड़ों लीटर पानी बर्बाद हो रहा। बीते चार माह से विद्यालय परिसर में लगी टंकी के फट जाने से पानी बर्बाद हो रहा है। इसके कारण विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे विद्यालय से दूसरे क्षेत्रों में जाकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। विद्यालय प्रबंधन समिति ने इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को देते हुए टंकी को बदलवाने की मांग की है। इसके बावजूद टंकी बदलवाने की दिशा में किसी तरह की करवाई नहीं हो रही है। विद्यालय में



पढ़ने वाले आदिम जनजाति परहिया समुदाय के बच्चे सुनील परहिया, सुभाष परहिया, सुबोध परहिया, शिवपूजन परहिया, नेहा कुमारी, सुनीता कुमारी, पूजा कुमारी, खुशबू कुमारी समेत अन्य बच्चों ने बीडीओ राकेश सहाय, उपायुक्त का ध्यान आकर्षित करते हुए उक्त समस्या का समाधान करने की मांग की है।

### 10 बकायेदारों के काटे गए विद्युत कनेक्शन

**गिद्धौर(चतरा)।** विद्युत विभाग द्वारा रविवार को गिद्धौर प्रखंड के चिरैया गांव में छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी अभियान का नेतृत्व कनीय अभियंता तरुण कुमार कर रहे थे। इस क्रम में 10 बकायेदारों का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। बताया गया कि 28000 से 56000 रुपये तक की बिजली बिल इन बकायेदारों पर बकाया है। कहां गया कि अगर बकाया बिल जमा किए कनेक्शन जोड़ते हैं तो इसे विद्युत की चोरी समझा जाएगा। पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई भी की जाएगी। इस अभियान में संतोष कुमार, पंकज कुमार व महावीर दांगी सहित अन्य शामिल थे।

### बैठक : चतरा संसदीय क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवार की मांग

# 2024 में स्थानीय बने सांसद : पांडेय

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड(चतरा)**

आजादी के बाद से अबतक चतरा संसदीय क्षेत्र से स्थानीय उम्मीदवार को अखिल भारतीय राजनीतिक पार्टियीं द्वारा उम्मीदवार नहीं बनाया गया और ना ही कोई क्षेत्रीय पार्टियों से जीत दर्ज कर पाया है। अबतक बाहरी लोग ही चतरा संसदीय क्षेत्र का नेतृत्व करते आ रहे हैं, जिसका प्रश्न कौन बनेगा करोड़पति में भी पूछा गया था। पर अब बाहरी उम्मीदवार बर्दाश्त नहीं करने के लिए चतरा संसदीय क्षेत्र के लोग गोलबंद होने लगे हैं और स्थानीय उम्मीदवार की मांग कर रहे हैं।

इस मुहिम को धारदार बनाने को लेकर रविवार को इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के पंचवटी प्लाजा होटल में



स्थानीय उम्मीदवार को सांसद बनाने को लेकर एक बैठक की गई। इसकी अध्यक्षता अमित कुमार पांडेय लातेहार द्वारा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लोकसभा में किसी भी दल से स्थानीय उम्मीदवार आता है तो जनता अपना मत लोकसभा चुनाव में उसी को दें। बहुत ही हास्यास्पद है कि चतरा लोकसभा से आजतक स्थानीय उम्मीदवार नहीं जीत दर्ज कर पाए हैं। इसे लेकर संकल्प अभियान चलाने के साथ ही कमेटी के माध्यम से पार्टी को भी हस्ताक्षर अभियान के द्वारा जानकारी देने का निर्णय लिया गया, ताकि चतरा लोस में स्थानीय उम्मीदवार को ही राजनीतिक पार्टियों द्वारा चुनाव लड़ाया जा सके। अगली बैठक प्रखंड स्तर पर किया जाएगा और जनता की राय के अनुसार अभियान तेज किया जाएगा। मौके पर संदीप कुमार, बिजेश सिन्हा इटखोरी, अजय कुमार यादव चतरा, अनिल कुमार सिंह कान्हाचट्टी, रंजीत सिंह, मालिक बाबू मयूरहंड, विकास कुमार, सौरव कुमार, अभय कुमार लातेहार, अभिजीत कुमार, विकास कुमार आदि शामिल थे।

# एक ऐसा सरकारी स्कूल जहां पढ़ते हैं मात्र 4 बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले के महुआडांड़ में सरकार विद्यालयों में छात्रों के ठहराव के लिए कई योजनायें चला रही है। बच्चों को मध्याह्न भोजन योजना से लेकर कॉपी-किताब, पोशाक, छात्रवृति व साइकिल आदि दिये जा रहे हैं, ताकि गांव के बच्चे सरकारी स्कूलों में पढ़ सके। इस पर सरकार का लाखों-करोड़ों रुपए खर्च होता है, लेकिन महुआडांड़ प्रखंड में एक ऐसा भी विद्यालय है जहां मात्र चार बच्चे पढ़ते हैं। हम बात कर रहे हैं प्रखंड के चैनपुर पंचायत के राजकीय प्राथमिक विद्यालय खपरतला की, जहां मात्र चार बच्चे पढ़ते हैं। इन चार बच्चों को पढ़ाने के लिए एक शिक्षक हैं। सबसे बड़ी बात है कि चारों बच्चे भी विद्यालय में हर दिन नहीं आते हैं। यही कारण है कि शिक्षक दिन भर स्कूल में



समय बीता कर लौट जाते हैं।

**क्या कहते हैं स्कूल के शिक्षक :** विद्यालय में पदस्थापित एक मात्र शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ने पूछे जाने पर बताया कि गांव के पास में ही संत मिखायल स्कूल है। गांव के अधिकांश बच्चे उसी विद्यालय में पढ़ते हैं। उन्होंने आगे बताया कि गांव में प्रायः सभी लोग शिक्षित व संपन्न हैं और वे अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में नहीं कराना चाहते हैं। इससे विद्यालय में बच्चों की संख्या कम है।

## सावन में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व, मनोकामना पूर्ण करते हैं शिव

# रांची पहाड़ी मंदिर में जलार्पण के लिए निकली श्रद्धालुओं की टोली

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
महाकाल क्लब चंद्रशेखर आजाद चौक तेतरतर द्वारा विशाल कांवड़ यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वित्त मंत्री के पुत्र रोहित उरांव, उपायुक्त डॉ. बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को साफा और पगड़ी पहनाकर किया गया। भगवान शंकर की पूजा आरती के बाद यात्रा को भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया गया।



मौके पर मंत्री पुत्र रोहित प्रियदर्शी उरांव ने कहा कि सावन में कांवड़ यात्रा का विशेष महत्व होता है। भगवान भोलेनाथ सभी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। सावन की प्रथम सोमवारी को भक्त जलार्पण के लिए पहाड़ी मंदिर जा रहे हैं। लगभग 80 किमी की पैदल यात्रा कर श्रद्धालु पहुचेंगे। इस दौरान मार्ग में भक्तों की सुलभता के लिए हरसंभव व्यवस्था की गई है। शिवभक्त शंख नदी से जल उठाकर पहाड़ी मंदिर के लिए रवाना हुए। कांवर यात्रा लोहरदगा से कुडू मांडर होते हुए सोमवार सुबह रांची स्थिति पहाड़ी मंदिर में भोलेनाथ को जल अर्पण कर समाप्त होगी। इस कांवड़ यात्रा में विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संतोष कुमार महतो, संरक्षक बलराम साहु, समित के अध्यक्ष कुणाल कुमार, सचिव निश्चय वर्मा, रोहित साहु, चंद्रशेखर पांडे, गोपाल पांडे, संजय नायक, सोनू कुमार, दीपक मुखर्जी सहित हजारों शिव भक्त सम्मिलित थे।

## बिजली चोरी पर दो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**सेन्हा।** बिजली ऊर्जा चोरी के विरुद्ध विभागीय कारवाई के दौरान कल्हेपाट के दो उपभोगता पर प्राथमिकी दर्ज बिजली अधिनियम एवं राजस्व क्षति को लेकर होगी कारवाई। सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के कल्हेपाट में सहायक विधुत अभियंता अंजू कच्छप के नेतृत्व में पुलिस बल के सहयोग से बिजली ऊर्जा चोरी के विरुद्ध सघन छापामारी चलाते हुए दो व्यक्ति को अवैध रूप से बिजली ऊर्जा चोरी करते हुए पकड़ा गया। विधुत ऊर्जा चोरी में 42 वर्षीय सुशीला देवी और 24 वर्षीय समशेर अंसारी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया गया। इस संदर्भ में सहायक विधुत अभियंता अंजू कच्छप ने बताया की सुशीला देवी के द्वारा एल टी लाईन में सर्विस तार से टोका लगाकर अपने घर में बिजली चोरी करतें हुए पकड़ा गया है। जबकि समशेर अंसारी को मीटर के पूर्व से सर्विस तार में टेप कर मीटर से बाईपास कर घर में बिजली ऊर्जा की चोरी करतें पकड़ा गए हैं। इस दरमियान सिंगल कोर पीबीसी तार लगभग 5 फिट तथा 4 फिट जब्त करते हुए अग्रतर करवाई हेतु थाना में लिखित सूचनार्थ किया गया।

# अखिल विश्व गायत्री परिवार ने किया युवा चेतना शिविर का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ झारखंड के मार्गदर्शन में जिला युवा प्रकोष्ठ लोहरदगा के मुद्रिका बैंक्वेट हॉल में एक दिवसीय युवा चेतना शिविर का आयोजन किया गया। गुरु गायत्री आवाहन पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ युवा चेतना शिविर का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ मोटिवेशनल स्पीकर सुरेश कुमार ने कहा भारतवर्ष की जवानो को वैज्ञानिक अध्यात्म वाद का इंजेक्शन अर्थात गायत्री महामंत्र की उपासना, स्वाध्याय के रूप में महापुरुषों की जीवन गाथा को नियमित पढ़ना, संयम के रूप में इंद्रिय संयम, अर्थ संयम, समय संयम और विचार संयम को जीवन का अनिवार्य अंग बनाना होगा। सेवा के रूप में पर्यावरण संवर्धन हेतु अपने जन्मदिन पर प्रतिवर्ष हर युवा को एक पौधा लगाये। युग निर्माण सत संकल्प पाठ कार्यक्रम की संचालिका पिंकी जायसवाल के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी प्रोफेसर गोविंद साहू एवं प्रतिमा दीदी ने धन्यवाद ज्ञापन तथा सैकड़ों की संख्या में




उपस्थित युवा भाई बहनों ने हाथ उठाकर नियमित सूर्य दर्शन गायत्री महामंत्र का जप, वाटर थेरेपी, (उषा पान), अंकुरित अनाज का सेवन, आजीवन ब्यसन मुक्त रहने का संकल्प एवं सप्ताह में 2 घंटे बाल संस्कार शाला, प्लांटेशन, स्वच्छता अभियान जैसे रचनात्मक गतिविधियों में गायत्री परिवार लोहरदगा के साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया गया। सबसे अंत में राष्ट्रगान के साथ सभा का समापन किया गया। प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के टीम में शिव कुमार वर्णवाल, सुनीता वर्णवाल, प्रदीप साव, अमित किरण, ब्यूटी सिंह, दीपक दयाल, राज किशोर एवं संतर कुमार की भी उपस्थिति रही।

## मनोकामना दुर्गा मंदिर में महाआरती आज

सावन माह के उपलक्ष्य में प्रत्येक दूसरे सोमवार को जिला के विभिन्न मंदिरों में केंद्रीय महावीर मंडल द्वारा महाआरती करवाने का निर्णय केंद्रीय महावीर मंडल, लोहरदगा जिलाध्यक्ष रोहित साहू द्वारा लिया गया। उन्होंने बताया कि सनातन धर्म को आगे बढाने हेतु केंद्रीय महावीर मंडल अपने सामाजिक कर्त्तव्यों को निभाने का काम अनावरत करते रहेगी। इसी कड़ी में सावन माह के उपलक्ष्य में जिला के विभिन्न शिव मंदिरों में सोमवार को महाआरती करवाएगी। कल मनोकामना दुर्गा मंदिर, बरवा टोली, लोहरदगा में महाआरती का आयोजन शाम 7 बजे किया गया है।

## सुदेश के आगमन को लेकर आजसू की बैठक आज

**कुडू।** कुडू प्रखंड आजसू पार्टी की एक आवश्यक बैठक का सोमवार को ब्लॉक मोड़ कुडू में आयोजन किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी नावेज खान ने बताया कि सोमवार की प्रस्तावित बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के लोहरदगा आगमन को लेकर रणनीति बनाई जाएगी। इसके अलावा अन्य मुद्दों पर पर आवश्यक चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस प्रस्तावित मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव केंद्रीय सदस, जिला अध्यक्ष, जिला सचिव, जिला उपाध्यक्ष, कुडू प्रखंड प्रभारी, कुडू अध्यक्ष, सचीव, पंचायत प्रभारी, पंचायत अध्यक्ष एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# भाजपाइयों ने गिनाई केंद्र सरकार की उपलब्धियां

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
संपर्क से समर्थन कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने बूथ अध्यक्ष वासुदेव उरांव के नेतृत्व में बिशुनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 81 एवं 82, ग्राम भैसमुंदो में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में घर घर जाकर सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी। कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए समर्थन की अपील की।

इस अवसर पर जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की योजना प्रधानमंत्री आवास योजना, घर घर नल जल योजना, सभी को निशुल्क कोविड-19 टीकाकरण, परिवार के हर लोगों का बैंकों में खाता, किसान सम्मान निधि योजना, निशुल्क अन्न, खाद्यान्न, चावल, गेहूं उपलब्ध कराना, महिला सम्मान निधि के तहत निशुल्क गैस सिलेंडर एवं चूल्हा उपलब्ध कराना सहित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री बाल कृष्णा सिंह, कांति देवी, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, करमचंद महतो, अभय महतो, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, पुष्पा देवी, बाली देवी, लीलावती देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।



## भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान में शामिल हुईं पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर

**लोहरदगा।** महाजनसंपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ने विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। इसमें नगर के अनेक स्थानों में पर्चा और पुस्तक का वितरण करते हुए महाजनसंपर्क अभियान चलाया गया। कार्यक्रम के समापन में विशेष रूप से प्रभारी मांडर के पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर उपस्थित रही। मौके पर मनीर उरांव, राजकुमार वर्मा, अमरेश भारती, अनिल उरांव, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी, समेला भगत, भारती सिन्हा, श्रीमती जयश्री, पुष्पा देवी, आरती देवी, अनूप वर्मा, राजेश महतो,दीपक साहू, ज्ञानेश गुप्ता, मुरलीधर अग्रवाल, अतुल गनपत संजय महतो, विजय अग्रवाल, संगीता कुमारी, विकी कुमार, मुन्ना चौबे, सुरेश आदि उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त

### टेंपो की चपेट में आने से साइकिल सवार घायल

**गढ़वा।** नगर उंटारी भवनाथपुर मार्ग पर भवनाथपुर स्कूल के पास टेंपो की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल व्यक्ति नगर उंटारी थाना क्षेत्र के नरही गांव निवासी दीना राम बताया गया है। उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि दीना राम साइकिल पर घूम घूम कर आइसक्रीम बेचने का काम करता है। रविवार को भवनाथपुर की ओर साइकिल से आज क्रीम बेचने गया था। इसी दौरान टेंपो ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी।

### महिला को सांप ने डसा, सदर अस्पताल में भर्ती

**गढ़वा।** पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के कुटमू गांव निवासी जीतन राम की पत्नी सुरती देवी को सांप ने डस लिया। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि सुरती देवी खेत में मूंग तोड़ रही थी। इस दौरान करैत सांप ने उसके बायें पैर में डस लिया। इसके पश्चात उसके स्वजनों ने उसे आनन-फानन में सदर अस्पताल गढ़वा में लाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। सदर अस्पताल के चिकित्सकों ने उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताई है।

### मुंग तोड़ रही महिला को सांप ने काटा

**गढ़वा।** खरौंधी थाना क्षेत्र के लामि सरहीया गांव निवासी रामानुज यादव की पत्नी रीना देवी सांप काटने से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में लाया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रीना देवी मुंग तोड़ रही थी। इसी बीच सांप ने उसके पैर में काट लिया। इस बात की सूचना घरवालों को हुई तो उन लोगों ने उसे उठाकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक ने गम्भीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया है।

### जल नल योजना का किया गया भूमि पूजन



**विशुनपुरा (गढ़वा)।** जल नल मिशन के तहत प्रखंड में भाजपा के भवनाथपुर विधानसभा प्रभारी दयानंद भगत ने रविवार को लगभग 19 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाली जल नल योजना का भूमि पूजन प्रखंड के सारंग, पिपरी कला एवं विशुनपुरा में किया गया। इस मौके पर विशुनपुरा मंडल प्रभारी कृपाल सिंह, विधायक प्रतिनिधि कृष्णा विश्वकर्मा, अशोक पासवान, जीतेन्द्र दीक्षित, मंडल अध्यक्ष अवध बिहारी गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, ललु ठाकुर, इंद्रजीत ठाकुर, ऊप प्रमुख प्रतिनिधि अजय पाल, भुनेश्वर राम, श्रवण चौरसिया, कुंदन चौरसिया, जितेंद्र यादव, सुमंत मेहता, चन्दन चंद्रवंशी, चिन्टू सिंह, जवाहर सिंह, मुकेश वियार आदि लोग उपस्थित थे।

### दो प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त किए गए गिरफ्तार



**मझिआंव।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तलशबरिया के स्थानीय निवासी शेख नसरुद्दीन के पुत्र शेख इरशाद एवं महबूब सेख के पुत्र समीर सेख को थाना कांड संख्या 79/23 धारा 343/ 325 /307/ 147/ 148 /504 /506 एवं 379 भादबी के प्राथमिकी दर्ज अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया हैं।

## कैरो में आरएसएस का गुरु पूजन कार्यक्रम आयोजित



**कैरो।** दुगार्बाडी भवन में रविवार को गुरु पूर्णिमा पखवाडा कार्यक्रम के तहत खंड संघ चालक डॉ. भोला प्रसाद की अध्यक्षता में गुरु पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संघ के जिला प्रचारक एवं उपस्थित स्वयं सेवको ने सर्वप्रथम पूज्य डॉ केशव बलिराम हेडगेवार एवं गुरु जी माधवराव सदाशिव गोलवलकर के चित्रों मे पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया। मौके पर खंड कार्यवाह पीतांबर सह खंड कार्यवाह नीरज कुमार, स्वयं सेवक सोनू कुमार, रंजन कुमार, आकाश कुमार, संतोष कुमार के अलावा विशेश्वर प्रसाद दीन, गंगा प्रसाद, संजय गुप्ता, बालेश्वर साहू, राजेंद्र सोनी, प्रभू भगत, बीरेंद्र साहू इत्यादि कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## न्यू पठारी झारखंड ट्रक एसोसिएशन की हुई बैठक

**लोहरदगा।** न्यू पठारी झारखंड ट्रक एसोसिएशन के सभी पदाधिकारी एवं चंदवा के सभी ट्रक मालिको की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि जो भी गाड़ियां गुरदरी, सेरेंगदाग, भैंसबथान एवं जालिम माइंस में चलती है वे सभी ऑनर एकमत से पुनः जल्द से जल्द चुनाव कराये ताकि सकारात्मक माहौल बन सके और गाड़ी का परिचालन स्वस्थ रूप से हो। बैठक में संदीप कुमार, मुख्तार अंसारी, विनोद सिंह, संतोष साहू, पप्पू कनोडिया, संदेश कुमार, किशोर कनोडिया, मनोज कुमार गुप्ता, दीपक दुबे, चंद्रभूषण केसरी, अफताब अंसारी, शिवनाथ यादव, महताब अंसारी, शोएब अख्तर, एस चौधरी, अजय कुमार आदि मौजूद थे।



## ट्रक ने वन विभाग के वाहन में मारा धक्का, बचा चालक




**सेन्हा।** जोगना मोड़ में अज्ञात ट्रक ने वन विभाग के मालवाहक पिकअप को टक्कर मार दी। इससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन गनीमत रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार घाघरा की ओर से लोहरदगा जा रही वन विभाग का मालवाहक पिकअप को अज्ञात ट्रक जो लोहरदगा की ओर से घाघरा जा रहा था। उसी दौरान ट्रक चालक शराब के नशे में लापरवाही एवं तेज रफ्तार से आ रहा था कि अचानक ट्रक चालक का सावधानी हटी और पिकअप को टक्कर मार दी। घटना में वन विभाग के पिकअप का चालक बाल बाल बचा। यह घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के जोगना मोड़ में एन एच 143 ए पथ पर हुई। थाना प्रभारी अभिनव कुमार के निर्देश पर गस्ती दल घटना स्थल पहुंच घटना का जायजा लेते हुए अज्ञात ट्रक का पता लगाने में पुलिस जुट गई।

## मिसाल: आजीविका समूह से 10 हजार लेकर गोभी व टमाटर की खेती की, कमा रही 15 हजार

# महिला किसान अनीता उरांव ने लिखी नई इबारत

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भंडरा प्रखंड के उदरंगी गांव निवासी महिला ने आजीविका समूह जय भगवती आजीविका महिला मंडल से जुड़कर नई कामयाबी हासिल की है।

जानकारी के अनुसार अनीता उरांव उदरंगी गांव की एक पढ़ी- लिखी महिला है। वर्ष 2016 से पहले अपने आजीविका चलाने के लिए पूर्णतः मजदूरी पर निर्भर थी। पति के पास कुछ काम नहीं होने के कारण उन्हें कई बार पलायन कर शहर मजदूरी करने जाना पढता था। परिवार में माता-पिता के अलावे तीन बेटे और एक बेटी है, जिनका खर्च उठाना तथा पढाई-लिखाई कराने में काफी दिक्कतों का सामना करना पढ़ रहा था। जरुरत पड़ने पर पूर्ण रूप से साहूकार पर ही निर्भर रहना पड़ता था। वर्ष 2015 में उदरंगी गांव में समूह निर्माण का कार्य शुरू हुआ तब अनीता उरांव अपने गांव में ही जय भगवती आजीविका महिला स्वयं सहायता से जुड़ गयी। समूह में साप्ताहिक बचत कर, पंचसूत्र का पालन करते हुए, छोटी-मोटी दैनिक खर्च के लिए लेनदेन करने लगी। वर्ष 2018 में समूह से 10 हजार रुपये लेकर गोभी और टमाटर की खेती करना शुरू की तथा तीन से चार हजार रुपये की आमदनी होने लग गयी। इससे अनीता की समूह के प्रति और ज्यादा विश्वास एवं लगाव हो गया। इसके बाद वर्ष 2021 में 20 हजार रुपये ऋण लेकर मटर की खेती की और करीब 60 हजार रुपये की आमदनी हुई। वर्ष 2022 में 50 हजार रुपये ऋण लेकर अनीता दीदी ने गोभी की खेती तथा एक छोटी सी कपड़े की दुकान कर करीब 12 से 15 हजार रु. प्रति माह की कमाई कर रही है। अपने बच्चों की अच्छी परवरिश एवं शिक्षा भी देने में सक्षम है। अपने जीवन में आये बदलाव के लिए अनीता उरांव समूह एवं झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रोमोशन सोसाइटी को दिल से धन्यवाद् तथा आभार व्यक्त करती है तथा भविष्य में आने वाले नए नए योजनाओं से लाभान्वित होने हेतु इच्छुक भी है।





आपके पास जो है, उसके लिए भगवान का शुक्रिया अदा करें और जो नहीं है, उसके लिए आज से ही मेहनत करना शुरू करें। सफलता आपके कदमों में होगी। - अज्ञात



# पलामू की फिजा बदली

**झारखंड** के पलामू की फिजा समय के अंतराल के साथ बदल रही है। एक सक्सेस स्टोरी यह कि यहां के किसान अब अपनी परम्परागत खेती से अलग हटकर कुछ कर रहे हैं। एक प्रकार से कह सकते हैं कि यहां खेती के तौर तरीके बदल रहे हैं। अब गेंहू, मक्का, धान जैसी अन्य पारंपरिक फसलों की खेती छोड़ पलामू प्रमंडल के किसान अब फूलों की खेती में जोर आजमा रहे हैं। लागत कम और मुनाफा अधिक होने की उम्मीद से किसानों ने पारंपरिक खेती के स्थान पर अन्य दूसरे फसलों में रूचि ले रहे हैं, ताकि वे आर्थिक रूप से सबल हो सकें और खेती-किसानी में उनका मान-सम्मान भी बना रहे। पलामू प्रमंडल के जिले पलामू, गढ़वा एवं लातेहार के कुछ किसानों ने फूलों की खेती कर अपनी पहचान बनाई है। किसान फूलों की खेती में न केवल संभावनाएं तलाश रहे हैं, बल्कि अधिक मुनाफा पाकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं। फूलों की खेती का सुखद परिणाम भी सामने आये हैं। खेतों में फूलों की विभिन्न प्रजातियां अपनी खुशबू बिखेर रही है। किसानों की कड़ी मेहनत और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह सब संभव हो पाया है। पलामू प्रमंडल के 459 किसानों के बीच उद्यान विभाग की ओर से फूल के पौधे वितरित किये गये थे। कभी किसी जमाने में गांव के खलिहान सुने हो गये थे। ग्रामीण क्षेत्रों में उग्रवादियों की धमक से किसान काफी प्रभावित थे। लेकिन अब वैसी बात नहीं है। बहरहाल पलामू के चैनपुर प्रखंड क्षेत्र के कंकारी, बसरिया कला, सलतुआ, बंदुआ आदि पंचायत के 130 किसानों के बीच गेंदा एवं ग्लैडियोलस के पौधे उपलब्ध कराये गये थे। चैनपुर के बसरिया कला की ललिता देवी, मंजू देवी, सोकरा की रीतू देवी, मीना देवी सहित अन्य महिला किसानों ने छोटे-छोटे पैच में फूलों की खेती की। दूसरी तरफ लातेहार जिले में 20 किसानों को गेंदा और ग्लैडियोलस फूल के पौधे उपलब्ध कराये गये थे। चंदवा प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने 20 हेक्टेयर के क्षेत्रफल के लिए फूलों के पौधे विभाग से प्राप्त कर खेती की। मुख्य रूप से राजेन्द्र उरांव, निर्मला देवी, सगुना कुमारी आदि किसानों ने फूलों की खेती कर अपनी आमदनी बढ़ाई है। वहीं गढ़वा जिले के 60 किसानों को गुलाब, 74 किसानों को ग्लैडियोलस एवं 175 किसानों के बीच गेंदा फूल के पौधे वितरण हुए थे। जिले के मेराल प्रखंड अंतर्गत अरंगी पंचायत के बनखेता गांव निवासी आरमा कुशवाहा एवं केतार प्रखंड के वेलावार निवासी अलताफ अंसारी ने भी फूलों की खेती प्रारंभ की है। किसानों ने बताया कि अन्य पारंपरिक खेती की अपेक्षा फूलों की खेती से उन्हें काफी फायदा हुआ है। वेलावार के ही सकील अंसारी, केतार के जितेन्द्र कुमार मेहता, मकरी के नसरूदीन मियां, रंका के पिंटू मालाकार आदि ने भी फूल की खेती प्रारंभ की है। इसके अलावा करूआ कला, नगर उंटारी आदि विभिन्न प्रखंडों के गांवों में किसान फूलों की खेती में जोर आजमा रहे हैं। फूल के साथ-साथ वे माला बनाकर भी बेचते हैं। कृषि विभाग से उन्हें सहयोग मिला है। इसके पूर्व वे पारंपरिक खेती करते थे, लेकिन उतनी मुनाफा नहीं होती थी, जितनी मुनाफा फूल की खेती से हुई है। फूल के साथ-साथ माला बनाकर भी बेचते हैं। इससे अच्छी आमदनी हो रही है। फूलों की खेती में बहुत फायदा समझ में आ रहा है। कम लागत में ज्यादा मुनाफा हो रहा है। आसपास के किसान भी फूल की खेती देखने आते हैं और इसके संबंध में जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। ऐसे में आने वाले दिनों में यहां के और हालात बदलने की संभावना से इंकार भी नहीं किया जा सकता है। समय का तकाजा है कि सभी किसान बदलते दौर में अलग ढंग की खेती को अपनायें तो जरूर उनके हालात सुधरेंगे।

**किसानों की कड़ी मेहनत और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से यह सब संभव हो पाया है। पलामू प्रमंडल के 459 किसानों के बीच उद्यान विभाग की ओर से फूल के पौधे वितरित किये गये थे।**

# विदेशी मेहमानों को दिये जायेंगे मोटे अनाज के पकवान





मृत्युंजय दीक्षित

**मोटा** अनाज और इसकी कृषि को प्रोत्साहन देने के लिए स्वयं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत सरकार ने कमर कस ली है। मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने के लिए इन अवसरों का भरपूर लाभ लिया जायेगा। सभी सम्मेलनों में कृषि मंत्रालय व खाद्य मंत्रालय तथा राज्य सरकारों के सहयोग से मोटे अनाजों से बने उत्पादों का ही प्रदर्शन किया जायेगा व देश विदेश से आ रहे सभी अतिथियों को मोटे अनाज से बने व्यंजन परोसे जायेंगे जिससे इनका डंका विश्व भर में बजना तय हो गया है। मोटे अनाज का प्रचलन बढ़ने से जनसामान्य सहित किसानों को लाभ मिलने की बड़ी संभावना है। एक ओर इससे कुपोषण की समस्या से निपटने का नया और सरल मार्ग मिलेगा। वहीं दूसरी ओर इससे किसानों की आय दोगुनी होने का मार्ग भी प्रशस्त होगा। यही करण है कि मोटा अनाज वर्ष में एक ओर किसानों को इन अनाजों की खेती करने के लिए जागरूक किया जायेगा और दूसरी ओर लोगों को मोटे अनाज के महत्व से अवगत कराया जायेगा जिससे इनकी खपत बढ़े और किसान इनकी खेती में रूचि दिखाएं। इसके अतिरिक्त मोटे अनाज की खेती को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इस वर्ष मोटे अनाज के समर्थन मूल्यों में भी वृद्धि कर दी है। एक समय था जब भारत की हर थाली में केवल ज्वार, बाजरा, रागी, चीना, कोदो, सांवा, कुटकी, कुटटू और चौलाई से बने हुए व्यंजन ही हुआ करते थे लेकिन फिर समय बदलता गया और आज स्थिति यह हो गयी है कि लोग इन अनाजों का महत्व तो दूर नाम भी भूल गये हैं। आज के वातावरण में जब घरों में बड़े बुजुर्ग इन अनाजों का नाम लेते हैं या नई पीढ़ी को इनका महत्व बताते हैं तो या तो वो अचरज से सुनती है या नाम सुनते ही मुंह बनाने लगती है। मोटा अनाज वर्ष के माध्यम से नई पीढ़ी के लोग भी इन अनाजों का वैज्ञानिक आधार पर महत्व समझेंगे और स्वीकार करेंगें और जब स्वीकार करेंगे तब वह भी इस इनकी खेती और इनसे बने नये व्यंजनों को बनाकर स्टार्टअप्स व नवाचार भी कर सकेंगे। पिछले कुछ दिनों की चर्चा से ही देश के कई युवा उद्यमियों ने ज्वार, बाजरा सहित अन्य मोटे अनाज से बनने वाले कई तरह के व्यंजनों पर नवाचार आरम्भ भी कर दिया है। ज्वार, बाजरा के आटेसे दोसा बन रहा है, लड्डू बन रहा है और पापड़ भी बन रहे हैं। दिसंबर 2022 में न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दुनियाभर के राजदूतों को मोटे अनाज से बने व्यंजनों की दावत दी, राजधानी दिल्ली में संसद सत्र के दौरान सभी सांसदों को मोटे अनाज से बने व्यंजन परोसे गये और उन्हें मोटा अनाज वर्ष के विषय में अहम जानकारी दी गई। अब मोटे अनाज की दावतों का सिलसिला सम्पूर्ण भारत ही नहीं वरन सम्पूर्ण विश्व में चल रहा है। 2018 में भारत सरकार ने मोटे अनाजों को पोषक अनाज की श्रेणी में रखते हुए इन्हें बढ़ावा देने की शुरूआत की थी तब से सरकार की ओर से उठाये गये कदमों का सकारात्मक प्रभाव अब सामने आने लगा है। वर्तमान समय में 175 स्टार्टअप इस दिशा में काम कर रहे हैं । मार्च 2021 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा भारत की ओर से प्रस्तुत एक प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार कर लिया गया जिसके अंतर्गत वर्ष 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया। मोटा अनाज वर्ष का उद्देश्य बदलती जलवायु परिस्थितियों में मोटे अनाज के पोषण और स्वास्थ्य लाभ और इसकी खेती के लिए उपयुक्तता के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। मोटे अनाज में ज्वार, बाजरा, रागी, कंगनी, कुटकी, कोदो, सांवा आदि शामिल है। हम सभी को यह भी पता होना चाहिए कि अप्रैल 2016 में संयुक्तराष्ट्र महासभा ने भूख को मिटाने और दुनियाभर में कुपोषण के सभी प्रकारों की रोकथाम की आवश्यकता को मान्यता देते हुए 2016 से 2025 तक पोषण पर संयुक्त राष्ट्र कार्रवाई दशक की भी घोषणा की थी। मोटा अनाज उपभोक्ता, उत्पादक व जलवायु तीनों के लिए अच्छा माना गया है। ये पौष्टिक होने के साथ कम पानी वाली सिंचाई से भी उगाए जा सकते हैं। विषेषज्ञों का मत है कि कुपोषण मुक्त और टिकाऊ भविष्य बनाने के लिये मोटे अनाज की अहम भूमिका होगी और इसके लिए देशों को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। मोटे अनाज को प्रोत्साहन वर्तमान समय की मांग भी है क्योंकि यह अनाज आधुनिक जीवन शैली में बदलाव के कारण सामने आ रही कई बीमारियों व कुपोषण को रोकने में सक्षम है। केंद्र सरकार ने मोटा अनाज वर्ष को सफल बनाने के लिए काफी समय पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी थीं और अब यह सफलतापूर्वक धरातल पर उतरने को तत्पर हैं। मोटा अनाज वर्ष को सफल बनाने के लिए केंद्र सरकार कई योजनाएं लेकर आई है। राशन प्रणाली के तहत मोटे अनाजों के वितरण पर जोर दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी और मध्यान्ह भोजन योजना में भी मोटे अनाजों को शामिल कर लिया गया है। प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रमों में मोटे अनाजों से बने व्यंजनों का उल्लेख करते रहते हैं। सर्वाधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि अब 'मोटा अनाज, खाओ और प्रभु के गुण गाओ' का नारा खूब चलने वाला है। मोटा आनाज पोषण का सर्वश्रेष्ठ आहार कहा जाता है। मोटे अनाज में 7से12 प्रतिशत प्रोटीन,65 से 75 प्रतिशत काबोर्हाइड्रेट और 15 से 20 प्रतिशत डायटरी फाइबर तथा 5 प्रतिशत तक वसा उपलब्ध रहता है जिसके कारण यह कुपोषण से लड़ने में सक्षम पाया जाता है। मोटे अनाज का आयुर्वेद में भी बहुत महत्व है। भारत में सिंधु घाटी सभ्यता के समय से ही मोटे अनाज की खेती के प्रमाण मिलते हैं तथा विश्व 131 देशों में इनकी खेती होती है । मोटे अनाज के वैश्विक उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 20 प्रतिशत और एशिया में 80 प्रतिशत है। ज्वार के उत्पादन में भारत विश्व में प्रथम स्थान पर है। भारत में ज्वार का सर्वाधिक उत्पादन महाराष्ट्र, कर्नाटक, राजस्थान, तमिलनाडु , आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, तेलंगाना और मध्य प्रदेश में होता है। बाजरे के उत्पादन में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, गुजरात, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक आगे है।

**मोटे अनाज का प्रचलन बढ़ने से जनसामान्य सहित किसानों को लाभ मिलने की बड़ी संभावना है। एक ओर इससे कुपोषण की समस्या से निपटने का नया और सरल मार्ग मिलेगा।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### आईये सुने भगवान सत्यनाराण की कथा

**सत्यनारायण व्रत चौथा अध्याय**

सचेत होने पर वणिकपुत्र चिन्तित हो गया। तब उसके दामाद ने इस प्रकार कहा - 'आप शोक क्यों करते हैं? दण्डी ने श्राप दे दिया है, इस स्थिति में वे ही चाहें तो सब कुछ कर सकते हैं, इसमें संशय नहीं। अतः उन्हीं की शरण में हम चलें, वहीं मन की इच्छा पूर्ण होगी।' दामाद की बात सुनकर वह साधु बनिया उनके पास गया और वहां दण्डी को देखकर उसने भक्तिपूर्वक उन्हें प्रणाम किया तथा आदरपूर्वक कहने लगा - आपके सम्मुख मैंने जो कुछ कहा है, असत्यभाषण रूप अपराध किया है, आप मेरे उस अपराध को क्षमा करें-ऐसा कहकर बारम्बार प्रणाम करके वह महान शोक से व्याकुल हो गया। दण्डी ने उसे रोता हुआ देखकर कहा - 'हे मूर्ख! रोओ मत, मेरी बात सुनो। मेरी पूजा से उदासीन होने के कारण तथा मेरी आज्ञा से ही तुमने बारम्बार दुख प्राप्त किया है।' भगवान की ऐसी वाणी सुनकर वह उनकी स्तुति करने लगा। साधु ने कहा - 'हे प्रभो! यह आश्चर्य की बात है कि आपकी माया से मोहित होने के कारण ब्रह्मा आदि देवता भी आपके गुणों और रूपों को यथावत रूप से नहीं जान पाते, फिर मैं मूर्ख आपकी माया से मोहित होने के कारण कैसे जान सकता हूं! आप प्रसन्न हों। मैं अपनी धन-सम्पत्ति के अनुसार आपकी पूजा करूंगा। मैं आपकी शरण में आया हूं। मेरा जो नौका में स्थित पुराा धन था, उसकी तथा मेरी रक्षा करें।' उस बनिया की भक्तियुक्त वाणी सुनकर भगवान जनार्दन संतुष्ट हो गये। भगवान हरि उसे अभीष्ट वर प्रदान करके वहीं अन्तर्धान हो गये। उसके बाद वह साधु अपनी नौका में चढ़ा और उसे धन-धान्य से परिपूर्ण देखकर 'भगवान सत्यदेव की कृपा से हमारा मनोरथ सफल हो गया' - ऐसा कहकर स्वजनों के साथ उसने भगवान की विधिवत पूजा की।

*(क्रमशः)*

# मोदी जी, कमाल के नौ साल, विकास पथ बेमिसाल



डॉ दिलीप अग्निहोत्री

**इस** समय केवल देश ही नहीं, दुनिया में भी मोदी सरकार के बेमिसाल नौ साल की चर्चा है। इसमें उनकी कार्यशैली की झलक है। विरासत और विकास दोनों का सम्मान है। यहां नौ वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा आवश्यक नहीं है। नरेन्द्र मोदी के मात्र दो दिनों के कार्यक्रमों को देख कर उनकी कार्यशैली का अनुमान लगाया जा सकता है। यह मात्र बानगी की तरह हैं। उनका प्रत्येक दिन इसी तरह कार्य करते हुए व्यतीत होता है। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर आज तक नरेन्द्र मोदी ने कोई अवकाश नहीं लिया। वह विदेश की व्यस्त यात्रा से भले ही कितनी देररात नई दिल्ली लौटें, सुबह होते ही अधिकारियों, मंत्रियों और पार्टी के लोगों आदि के साथ बैठक करते हैं। विदेश में भी उन्हें यह पूरी जानकारी रहती है कि देश में क्या चल रहा है। फिर भी वह आते ही पूछते हैं कि देश में क्या चल रहा है। अमेरिका से लौटने के बाद भी उन्होंने अपने इस चिर परिचित अंदाज में यही प्रश्न किये। मोदी विरोधी कुछ पत्रकारों ने इसे ही मुद्दा बना दिया। कुछ घटनाओं को जोड़कर यह दिखाने का प्रयास किया कि चार दिन में देश की स्थिति बहुत खराब हो गई। इसी अंदाज में विपक्षी दल भी मोदी का विरोध करते हैं। मोदी विरोधी मीडिया और विपक्षी पार्टियां नौ वर्ष से यही कर रहीं हैं। लेकिन मोदी अपने अंदाज मे आगे बढ़ते जा रहे हैं। सात और आठ जुलाई को नरेन्द्र मोदी ने चार राज्यों के पांच शहरों के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इनमें उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं। यहां करीब पचास हजार करोड़ रुपये की विकास योजनाओं को सौगात दी। सात जुलाई को छत्तीसगढ़ के रायपुर से उनका कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। रायपुर-विशाखापट्टनम कॉरिडोर के छह लेन परियोजना की आधारशिला रखी। इसके बाद वो गोरखपुर पहुंचें। गोरखपुर में वह गीता प्रेस के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल हुए। तीन वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने गोरखपुर स्टेशन पहुंचे। गोरखपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी। प्रधानमंत्री ने काशी में बारह हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गोरखपुर यात्रा के दौरान विकास और विरासत दोनों का संदेश दिया। कुछ दिन पहले कांग्रेस ने गीता प्रेस को सम्मान देने का विरोध किया था। नरेन्द्र मोदी ने यहां विचार का गौरव के साथ उल्लेख किया। उन्होंने कहा- गीता प्रेस ट्रस्ट नहीं जीवन की आस्था है। जहां गीता है, वहां कृष्ण हैं। जहां कृष्ण हैं, वहां करुणा और कर्म है। सब कुछ वासुदेव से है। सब कुछ वासुदेव में हैं। गीता प्रेस भारत को जोड़ती है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस अवसर के साक्षी बन रहे हैं। गीता प्रेस ट्रस्ट संतों की कर्मस्थली रही है। गीता प्रेस का कार्यालय किसी मंदिर से कम नहीं। हमारी सरकार ने गांधी शांति सम्मान दिया है। सौ वर्ष पूर्व गीता प्रेस के रूप में जो आध्यात्मिक ज्योति प्रज्ज्वलित हुई, आज उसका प्रकाश पूरी मानवता का मार्गदर्शन कर रहा है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि महात्मा गांधी का गीता प्रेस से भावानात्मक जुड़ाव था। एक समय में गांधी जी 'कल्याण' के माध्यम से गीता प्रेस के लिए लिखा करते थे। गांधी जी ने सुझाव दिया था कि 'कल्याण' पत्रिका में विज्ञापन न छापे जाएं। गीता प्रेस, गांधी जी के उस सुझाव का शत-प्रतिशत अनुसरण कर रहा है। गीता प्रेस जैसी संस्था, सिर्फ धर्म व कर्म से नहीं जुड़ी है, बल्कि इसका एक राष्ट्रीय चरित्र भी है।

**सात और आठ जुलाई को नरेन्द्र मोदी ने चार राज्यों के पांच शहरों के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इनमें उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान शामिल हैं।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से

हर चीज का सृजन दो बार होता है
पहली बार दिमाग में
दूसरी बार
वास्तविकता में

# प्राकृतिक आपदा में अली वार्निंग सिस्टम की बढ़ती विश्वसनीयता



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**इसमें** कोई दोराय नहीं कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते प्राकृतिक आपदाएं अब अधिक होने लगी है। आये दिन दुनिया के किसी न किसी कोने में कोई न कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा देखने को मिल जाती है। समुद्री तूफान, जंगलों में दावानल व भूकंपों की फ्रिक्वेंसी लगातार बढ़ती जा रही है। ऐसे में आज अर्ली वार्निंग सिस्टम की विश्वसनीयता बढ़ी है। कुछ दिन पहले बिपरजॉय चक्रवात से हम रूबरू हो चुके हैं। सबसे अच्छी बात यह रही कि बिपरजॉय चक्रवात के आने का समय, उसकी चाल और गति से लेकर उसके फैलाव व प्रभाव क्षेत्र की पूर्व जानकारी मिलने से जनहानि लगभग शून्य रही है। प्राकृतिक आपदा के प्रबंधन का इससे बेहतर उदाहरण देखने में लगभग नहीं के बराबर है। आखिर यह सब इसलिए संभव हो पाया कि मौसम विज्ञान विभाग द्वारा समय पर सटीक जानकारी दी गई और इस जानकारी के आधार पर आपदा प्रबंधन के व्यवस्थित व योजनावद्ध प्रयास हो सके जिसके सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए और जनहानि से बचाने में बड़ी सफलता प्राप्त हो सकी। यह इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है कि एक समय था जब आपदा प्रबंधन के हालात अच्छे नहीं होने के कारण जनहानि अधिक होती थी। फिर धनहानि की तो भरपाई की जा सकती है पर जलहानि की भरपाई किसी भी तरीके से संभव नहीं है। देश में 2013 के फैलिना तूफान से लेकर, हुदहुद, वरदा, फैनी, अम्फान, ताउते व बिफरजॉय तूफान तक 11 बड़े चक्रवती तूफान आ चुके हैं। दरअसल बिफरजॉय तूफान के सुपर साइक्लोन होने के कारण भारी जन-धन हानि होने की आशंका व्यक्त की जा रही थी। यही कारण है कि करीब एक लाख लोगों को गुजरात के तटीय इलाकों खासतौर से मांडवी व आसपास के क्षेत्र से सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया। लोगों को सचेत किया गया। पल-पल की जानकारी साझा की जाती रही। लगभग 100 ट्रेनों के फेरे रद्द किये गये या उनकी राह बदली गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केन्द्र सरकार के मंत्रीगण, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल और राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत न केवल स्थिति पर नजर रखे रहे अपितु उच्चस्तरीय बैठक कर तैयारियों की समीक्षा करते रहे। हांलाकि कुछ साल पहले मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को मजाक के रूप में लिया जाता था। चाइनीज उत्पादों को लेकर यह मान्यता है कि चले तो चले, नहीं तो शाम तक भी चले तो कोई बड़ी बात होगी। लगभग यही छवि मौसम विभाग के पूर्वानुमानों को लेकर होती थी। पर आज हमारे मौसम विभाग ने पूर्वानुमानों के आकलन की सबसे बेहतरीन आकलन माना जा सकता है। पिछले दो-तीन साल से मौसम विभाग ने अपनी छवि को न केवल बेहतर बनाया है अपितु मौसम विभाग के पूर्वानुमान खरे उतर रहे हैं। देश में पिछले दो-तीन साल में आये चक्रवाती तूफानों की मिनट-मिनट की सटीक जानकारी ने जनहानि को इस साल शून्य स्तर तक पहुंचा दिया है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि बिपरजॉय में दो लोगों की जान गई पर उसके कारण आपदा प्रबंधन न होकर कोई अन्य कारण रहे। दरअसल विश्व मौसम विज्ञान संगठन और भारत के संदर्भ में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्वानुमान सटीक होने से बड़ा लाभ मिला है। हालांकि जब तेज तूफान आते हैं तो बिजली व अन्य पोल, पुरानी बिल्डिंग, पेड़-पौधों और अन्य संरचनात्मक ढांचों का नुकसान होना स्वाभाविक है।

**आये दिन दुनिया के किसी न किसी कोने में कोई न कोई बड़ी प्राकृतिक आपदा देखने को मिल जाती है। समुद्री तूफान, जंगलों में दावानल व भूकंपों की फ्रिक्वेंसी लगातार बढ़ती जा रही है।**

आपदा

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : रिलायंस पेट्रोल पंप के बगल में, आशा कॉम्प्लेक्स लोहरदगा- फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# सिंघाड़ा एक औषधि



**वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे**
**पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा**
**डालटनगंज पलामू झारखण्ड**
**मो. – 7903216488, 9334716688**

सिंघाड़ा अश्विन-कार्तिक (अक्टूबर-नवंबर) मास में आनेवाला लोकप्रिय फल है। इसका पौधा बेल के रूप में होता है। बेल प्रायः वर्षा ऋतु में लगायी जाती है और फल जाड़े की ऋतु प्रारंभ होने के बाद आते हैं। इसका पौधा जलीय कहलाता है। सिंघाड़े को लोग बड़े प्रेम से कच्चा ही खाते हैं। कच्चे सिंघाड़े को दूधिया सिंघाड़ा भी कहते हैं। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यों के अनुसार सिंघाड़ा शीतल प्रकृतिवाला फल है। यह खाने में स्वादिष्ट, भारी एवं ग्राही होता है। सिंघाड़ा मलशोषक, पित्त, रक्त विकार तथा रक्त पित्त का शमन करने वाला होता है। यह वृष्य गुणवाला बाजीकारक, ताप निवारक, श्रमहारक, वीर्यवर्धक तथा उद्दीपक होता है। यह कुछ मात्रा में वायु और कफ की वृद्धि करने वाला होता है, अतः वात एवं कफ प्रकोप से ग्रसित लोगों को इसका सेवन नहीं करना चाहिये। यदि करना पड़ जाये तो अल्प मात्रा में करना चाहिये। सिंघाड़े का किसी भी रूप में नियमित सेवन वल्य (बलकारक) होता है।

रासायनिक विश्लेषण से पता चलता है कि सिंघाड़े के 100 ग्राम खाने योग्य भाग में लगभग 70 ग्राम क्षार जल, 5.25 ग्राम वसा, 4.5 ग्राम कार्बोहाइड्रेड, 3.25 ग्राम प्रोटीन तथा समुचित मात्रा में कैल्सियम, फास्फोरस और अन्य अनेक महत्वपूर्ण खनिज-लवण तत्व विद्यमान रहते हैं। सिंघाड़े में खनिज क्षार की मात्रा गाय-भैंस के दूध की तुलना बाईस प्रतिशत अधिक होती है।

यह एक अनुभव की बात है कि सिंघाड़े का सेवन त्रिदोष, भ्रम, मोह तथा सूजन को दूर करता है। यह दाह का शमन करता है। अवसाद, शुक्र, प्रमेह एवं स्वप्न दोष आदि रोगों में पर्याप्त लाभ पहुंचाता है। सिंघाड़े का सेवन करने से शरीर का क्षय जल्दी ही रूक जाता है। इसके सेवन से गुदामार्ग से होने वाला रक्तस्त्राव भी बंद हो जाता है। पित्त प्रकृति वाले को सिंघाड़े का पर्याप्त सेवन अवश्य करना चाहिए। सिंघाडे मे मांसवर्धक गुण होता है, अतः दुबले पतले व शक्तिहीन लोगों को इसका सेवन अवश्य करना चाहिए। गर्भवती महिलाओं के लिये यह अच्छा खाद्य है। इसके नियमित व उपयुक्त मात्रा में सेवन करने से गर्भस्थ शिशु स्वस्थ तथा सुंदर बनता है। बच्चा कुपोषण का शिकार नहीं होता। प्राचीन आयुर्वेदाचार्यो ने सिंघाड़े की प्रशंसा करते हुए यहां तक कह दिया है कि यदि गर्भवती स्त्री सिंघाड़े का पर्याप्त मात्रा में सेवन कर ले तो उसका मूढ़गर्भ भी सजीव हो उठता है। इससे सिद्ध होता है कि सिंघाड़ा गर्भावस्था में अत्यधिक लाभकारी होता है।

यदि कोई महिला गर्भाशय के दौर्बल्य की शिकार हो, गर्भाशय की दुर्बलता के कारण जिसे गर्भ न ठहरता हो, बार-बार गर्भस्त्राव या गर्भपात हो जाता हो तो उसे सिंघाड़े के आंटे से बना हलवा या लपसी का दूध एवं शक्कर के साथ प्रातः- सांय प्रयोग करना चाहिए।

स्त्रीयों में श्वेत प्रदर और रक्त प्रदर रोगों में भी यह फल लाभकारी है। श्वेत प्रदर मे स्त्री के बलाबल के अनुसार 40 ग्राम से 50 ग्राम तक सिंघाड़े का हलवे के रूप में सेवन करने से रोग से मुक्ति मिल जाती है। साथ ही शरीर पुष्ट होता है। रक्त प्रदर की स्थिति में हलवे की अपेक्षा इसके आंटे से बनी रोटियां अधिक लाभ पहुंचाती है। इसका सेवन भी तीन से चार सप्ताह तक करना चाहिए।

मूत्रकृच्छता, पेशाब की जलन, कठिनाई से पेशाब का उतरना आदि रोग होने पर सिंघाडे का मौसम हो तो ताजे सिंघाड़े का 100 ग्राम से 200 ग्राम तक प्रयोग करें, अन्यथा सिंघाड़े के क्वाथ का प्रयोग करें। धातु दौर्बल्यता की स्थिति में पुरूषों को 5 ग्राम से 10 ग्राम तक सिंघाड़े का आटा गुनगुने मिश्री युक्त दूध के साथ सेवन करने पर पर्याप्त लाभ मिलता है। इसके सेवन से वीर्य पुष्ट होता है।

सिंघाड़ा रक्त एवं ज्ञान तंतुओं को विशेष रूप से बल प्रदान करनेवाला होता है। यदि कोई व्यक्ति दाह, ज्वर, रक्त-पित्त या संताप बेचैनी आदि से पीड़ित हो तो उसे सिंघाड़े के रस का प्रयोग प्रतिदिन 10-15 ग्राम से 20-25 ग्राम तक शरीर के बलाबल के अनुसार अवश्य करना चाहिये। यदि सिंघाड़े का रस न मिले तो मींगी से क्वाथ तैयार करके प्रयोग में लायें। सिंघाड़े को विद्वानों ने फलाहार में शामिल किया है। इसके शुष्क फलों का आंटा व्रत उपवास आदि में प्रयोग किया जाता है। सिंघाड़े का सेवन करते समय इस बात का भी ध्यान रखना चाहिये कि यह और इसका आंटा पाचन में भारी होता है। अधिक मात्रा में सेवन करने से पेट दर्द, मूत्रावरोध,अफरा, अजीर्ण आदि विकार होने की संभावना रहती है। अतः सिंघाड़े अथवा आंटे का सेवन उचित मात्रा में ही करना चाहिये।

### जीवन छोटा है : नागेंद्र

# छोटे शहर से अमेरिका के स्टार्टअप तक का सफर




यूएसए स्थित एआई स्टार्टअप हेलिक्स के सह-संस्थापक, नागेंद्र की यात्रा जितनी दिलचस्प है उतनी ही प्रेरणादायक भी है। वह बिहार के सासाराम नामक एक छोटे से शहर में पले-बढ़े, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, धनबाद से स्नातक की उपाधि प्राप्त की और कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में डिग्री हासिल की है। शुरुआती दिनों की बात करें तो नागेंद्र को बचपन से ही विज्ञान और प्रौद्योगिकी में रुचि थी। आईआईटी धनबाद से स्नातक करने के बाद उन्होंने माइक्रोसॉफ्ट के लिए काम करना शुरु किया। वहां उन्होंने विंडोज ऑपरेटिंग सिस्टम बनाने में मदद की, जिसका उपयोग अरबों लोग करते हैं। उन्हें माइक्रोसॉफ्ट से कई पुरस्कार प्राप्त हुए और उनके पास अपने काम के लिए कई पेटेंट हैं। माइक्रोसॉफ्ट में उनके काम ने फेसबुक का ध्यान खींचा, जिसने उन्हें अपने सिलिकॉन वैली मुख्यालय के लिए नियुक्त किया। फेसबुक में एक इंजीनियरिंग लीडर के रुप में, नागेंद्र ने कई उत्पादों के विकास का नेतृत्व किया। जिससे व्यवसाय को बढ़ने में मदद मिली। उनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान व्यवसायों को फेसबुक और उनके ग्राहकों के बीच संचार चैनल के रूप में मैसेंजर का उपयोग करने में मदद करना रहा है। उनके मार्गदर्शन में, मैंसेंजर ने कई बड़ी कंपनियों को प्लेटफॉर्म पर शामिल किया। बाद में अपने करियर में, उन्हें एहसास हुआ कि कृत्रिम बुद्धिमता मानवता के लिए महत्वपूर्ण है और उन्होंने एक कंपनी शुरु करने के लिए अपनी उच्च वेतन वाली नौकरी छोड़ दी। यह कंपनी व्यवसायों को बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के 24/7 ग्राहकों के प्रश्नों का उत्तर देने में मदद करती है। हेलिक्स वीसी द्वारा वित्त पोषित है और ऐसे बड़ी वीसी फर्मों से कई डॉलर की फंडिंग प्राप्त हुई है। नागेंद्र कहते हैं, ''जीवन छोटा है और आपको जीवन में वही कहते रहना चाहिए जो आप चाहते हैं। अपने जुनून का पालन करें, और आपका भाग्य अपना रास्ता खोज लेगा।''

## काव्य कोना

### द्वन्द की कहानी

**दिल की कि दिमाग की बात**
**द्वन्द की कहानी**
**क्या छोड़ूँ , क्या याद करूँ?**
**शुरूआत कहाँ और अंत कहाँ**



**सुनते सुनाते, बस कहते कहते**
**न दिल पे लेना, न दिमाग पे जोर देना**
**कैसा यह खेल रे!**
**कैसी यह चाल रे!**
**कौन जाने कब यहाँ?**
**बढ़ गई तन्हाईयाँ।**

**राह पर बिखरे पड़े**
**पत्थरों को देखकर**
**काँटो की याद आई**
**सोच एक उभरा , यूँ ही तभी**
**संघर्ष की गाथा बनी**
**अंतर कहाँ ,व्यवधान कैसा**
**बस एक मुस्कुराहट,**
**सरल हो गये सब रास्ते**
**जिंदगानी ने कही तब घुमकर**
**दिल की कि दिमाग की बात**
**द्वन्द की कहानी**
**क्या छोड़ूँ , क्या याद करूँ?**

❖ **नाग मणि**

# सावन के पहले सोमवार पर करें राशि अनुसार शिव अभिषेक

ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि हिंदू धर्म में सावन के महीने का बहुत बड़ा महत्व है। इस मास में भगवान शिव की सबसे ज्यादा पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि सावन का महीना भगवान भोलेनाथ को सबसे प्रिय है। 4 जुलाई से सावन का पवित्र महीना शुरू हो गया है। सावन का महीना शिव भक्ति और उपासना के लिए सबसे खास माना गया है। सावन का महीना भगवान शिव का प्रिय महीना होता है। इस वर्ष सावन 2 महीनों का होगा और पूरे सावन में 8 सावन सोमवार व्रत रखे जाएंगे। पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि 19 वर्षों के बाद सावन के महीने में अधिकमास पड़ रहा है। सावन माह 4 जुलाई से आरंभ होकर 31अगस्त तक रहेगा। सावन के महीने में 59 दिन रहेंगे। 18 जुलाई से लेकर 16 अगस्त तक सावन अधिकमास रहेगा। इस बार 18 जुलाई से 16 अगस्त तक मलमास रहेगा। श्रावण मास के दौरान अधिकमास पड़ रहा है, इसलिए उस दौरान पूजा-अर्चना करने से भगवान हरि के साथ ही भोलेनाथ की भी जमकर कृपा बरसेगी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सावन के महीने में जो व्यक्ति सच्चे मन से भोलेनाथ और माता पार्वती की पूजा करता है उनकी सभी तरह की मनोकामनाएं जल्द ही पूरी होती हैं। सावन के महीने में किया जाने वाला उपाय बहुत विशेष होता है। ज्योतिषाचार्य डा. अनीष व्यास ने बताया कि वैदिक पंचांग की गणना में जिस महीने इन 33 दिनों का समायोजन होता है, उस माह में इनकी संख्या औसतन डबल हो जाती है। इस बार वर्ष 2023 में अधिकमास के दिनों का समायोजन भगवान शिव के प्रिय माह सावन में होगा। सावन का महीना 30 नहीं 59 दिन का होगा। सावन के महीने में 8 सावन सोमवार व्रत आएंगे। ये शुभ संयोग 19 वर्षों के बाद बना है। साल 2023 में लगभग सभी व्रत और त्योहार 15 से 20 दिनों के लिए आगे बढ़ गए हैं।

**सावन में आठ सोमवार :** भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक पंडित डॉ अनीष व्यास ने बताया कि इस बार सावन का महीना तकरीबन दो माह का होगा। यानि हर सावन में चार या पांच सोमवार ही पड़ते थे और शिवभक्त भगवान भोले की पूजा अर्चना करते थे। लेकिन इस बार सावन में आठ सोमवार पड़ेंगे। इसलिए इस बार दो महीने तक शिव भक्ति की बयार बहती रहेगी। इस दौरान शिव जी का अभिषेक, रुद्राभिषेक, जलाभिषेक, गंगा जल से अभिषेक किया जाएगा। साथ ही भक्त गंगा से कावंड भरकर भी लाएंगे और शिवजी को गंगा जल अर्पित करेंगे।

### सावन सोमवार की तिथियां

**सावन का पहला सोमवारः 10 जुलाई**
**सावन का दूसरा सोमवारः 17 जुलाई**
**सावन का तीसरा सोमवारः 24 जुलाई**
**सावन का चौथा सोमवारः 31 जुलाई**
**सावन का पांचवा सोमवारः 07 अगस्त**
**सावन का छठा सोमवारः14 अगस्त**
**सावन का सातवां सोमवारः 21 अगस्त**
**सावन का आठवां सोमवारः 28 अगस्त**

**सावन में दान :** कुंडली विश्लेषक पंडित डॉ अनीष व्यास ने बताया कि सावन के महीने भगवान शिव की विशेष रूप से पूजा-आराधना की जाती है। सावन के महीने में जितना महत्व भगवान भोलेनाथ की पूजा-आराधना का होता है उतना ही महत्व दान करने की भी होता है। शास्त्रों के अनुसार सावन के महीने में पूजा और दान करने पर सभी तरह के कष्ट दूर होते हैं और हर तरह की मनोकामनाएं जल्द ही पूरी हो जाती हैं। इस वर्ष सावन का महीना 58 दिनों का रहेगा और 8 सोमवार व्रत रखे जाएंगे।

**काला तिल :** भविष्यवक्ता पंडित डॉ अनीष व्यास ने बताया कि सावन के महीने में भगवान शिव के जलाभिषेक में काला तिल का प्रयोग किया जाता है। काला तिल भगवान शिव और शनिदेव दोनों को ही बहुत ही प्रिय होता है। ऐसे में जिन लोगों के ऊपर ग्रह संबंधित कोई दोष हो तो वे सावन सोमवार या सावन के शनिवार को काले तिल का दान करना चाहिए।। इस उपाय से ग्रह दोष खत्म हो जाते हैं।

**चांदी का दान :** भविष्यवक्ता पंडित डॉ अनीष व्यास ने बताया कि जिन लोगों की कुंडली में कालसर्प दोष होते हैं उन्हे इससे मुक्ति पाने के लिए सावन के महीने में चांदी की चीजों का दान करना बहुत ही शुभ होता है। इसके अलावा सावन के महीने में संतान की प्राप्ति के लिए भी चांदी का दान करना चाहिए।

**भविष्यवक्ता एवं कुंडली विश्लेषक पंडित डॉ अनीष व्यास बता रहे हैं राशि अनुसार किन वस्तुओं से करना चाहिए शिव अभिषेक**

**मेष राशि :** सावन महीने के पहले दिन मेष राशि के जातकों को जल में गुड़ मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करना लाभदायक रहेगा। इसके अलावा बेलपत्र पर सफेद चंदन से राम नाम लिखकर शिवलिंग पर अर्पित करने पर सभी तरह की मनोकामनाएं जल्दी पूरी होंगी।

**वृष राशि :** वृषभ राशि के जातकों पर भगवान शिव की विशेष कृपा रहती है। ऐसे में सावन के पहले दिन शिवलिंग पर दूध-दही से अभिषेक करना शुभ लाभकारी रहेगा।

**मिथुन राशि :** मिथुन राशि के जातक सावन के महीने में गन्ने के रस और शहद से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे तो विशेष लाभ मिलेगा।

**कर्क राशि :** कर्क राशि के जातक भगवान शिव को दूध, दही, घी, गंगाजल और मिश्री से अभिषेक करना कल्याणकारी रहेगा।

**सिंह राशि :** सिंह राशि के जातकों को जल में गुड़ मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करना शुभ रहेगा। इसके अलावा शुद्ध देसी घी से स्नान कराना भी शुभ रहेगा।

**कन्या राशि :** कन्या राशि के जातक सावन के महीने में भगवान शिव की कृपा पाने के लिए गन्ने के रस से भगवान शिव का अभिषेक करना चाहिए। दूध,शहद,बेलपत्र,मदार के पुष्प,धतूरा और भांग अर्पित करना भी शुभ रहेगा।

**तुला राशि :** इस राशि के जातक दही,सुगंधित इत्र और गन्ने के रस से शिवलिंग को स्नान कराएंगे तो उनकी कामना भोलेनाथ शीघ्र पूरी करेंगे।

**वृश्चिक राशि :** इस राशि वाले पंचामृत से भोलेनाथ का अभिषेक करें।या फिर शिवलिंग पर तीर्थ स्थान का जल और दूध में मिश्री एवं शहद मिलाकर स्नान करा लाल चंदन से त्रिपुण्ड लगाएं।

**धनु राशि :** गाय के दूध में केसर और गुड़ मिलाकर भगवान शिव का अभिषेक करें। अष्टगंध चन्दन लगाकर पीले पुष्प अर्पित करें।

**मकर राशि :** पंचामृत से भगवान शिव का अभिषेक करें। नारियल के जल से स्नान कराकर लाल,गुलाबी और नीले पुष्प अर्पित करेंगे तो लाभ मिलेगा।

**कुंभ राशि :** इस राशि वालों के लिए तिल के तेल से भगवान शिव का अभिषेक शुभ फलदायी साबित होगा। स्नान के बाद भोलेनाथ को जटा वाला नारियल अर्पित करें।

**मीन राशि :** दूध में केसर मिलाकर शिवलिंग का अभिषेक करें उसके बाद पीले चंदन का तिलक लगाकर पीले पुष्प और फल अर्पित करें।

❖ **डॉ अनीष व्यास**

# महादेव की कृपा पाने के लिए सावन के पहले सोमवार पर करें ये उपाय

सावन में भगवान शिव और माता पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। सावन सोमवार के व्रत का बहुत महत्व है। ऐसे में आप सावन में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए इन उपायों को कर सकते हैं। सावन के महीने में भगवान शिव की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। इसके अलावा मनोकामना पूर्ति के लिए सावन सोमवार का व्रत भी किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, जो भी महिलाएं व कुंवारी लड़कियां सावन सोमवार का व्रत करती हैं, उन्हें सुख और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। वहीं कुंवारी लड़कियों को मनपसंद जीवनसाथी मिलने का आशीर्वाद मिलता है। भगवान शिव तो सिर्फ जलाभिषेक करने से ही प्रसन्न हो जाते हैं। इसीलिए उन्हें भोलेनाथ कहा जाता है। वहीं सावन में भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से वह प्रसन्न होते हैं। वहीं शास्त्रों में भी भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए विशेष उपायों के बारे में बताया गया है। इन उपायों को करने से व्यक्ति मनोवांछित फल प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे में अगर आप भी महादेव का आशीर्वाद पाना चाहते हैं। तो सावन के सोमवार पर यह उपाय जरूर करना चाहिए। अगर आप कारोबार में तरक्की करना चाहते हैं, तो सावन के पहले सोमवार पर भगवान भोलेनाथ पर केसर अर्पित करें। बता दें कि भगवान शिव को केसर अतिप्रिय है। महादेव को केसर अर्पित करने से कारोबार में मन-मुताबकि सफलता मिलती है। अगर आप अपने करियर में सफलता पाना चाहते हैं, तो सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव का गन्ने के रस से अभिषेक करना चाहिए। इस उपाय को करने से करियर में सफलता मिलती है। इसके साथ ही दांपत्य जीवन मधुर होता है। अगर आप आर्थिक तंगी से निजात पाना चाहते हैं, तो सावन के पहले सोमवार पर देवों के देव महादेव का दूध और गंगाजल से अभिषेक करें। इस उपाय को करने से धन लाभ के योग बनते हैं। शारीरिक और मानसिक कष्टों से छुटकारा पाने के लिए सावन के पहले सोमवार को बेलपत्र पर चंदन से 'जय श्री राम' लिखकर महादेव को अर्पित करें। इस उपाय को करने से शारीरिक व मानसिक कष्टों से मुक्ति मिलती है।

❖ **अनन्या मिश्रा**

## सूडोकु नवताल- 6756

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6755 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## दैनिक पंचांग

**10 जुलाई को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मिथुन में | कर्क | 05.55 बजे से |
| चंद्र | मीन में | सिंह | 08.11 बजे से |
| मंगल | सिंह में | कन्या | 10.23 बजे से |
| बुध | कर्क में | तुला | 12.34 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृश्चिक | 14.49 ब.से |
| शुक्र | सिंह में | धनु | 17.05 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मकर | 19.10 बजे से |
| राहु | मेष में | कुंभ | 20.56 बजे से |
| केतु | तुला में | मीन | 22.29 बजे से |
| राहुकाल 7.30 से 9.00 बजे तक | | मेष | 00.00 बजे से |
| | | वृष | 01.40 बजे से |
| | | मिथुन | 03.38 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 191 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** श्रावण (दक्षिण भारत में आषाढ) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** अष्टमी 18.45 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रेवती 18.59 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 12.33 बजे को समाप्त।
**करण** बालव 07.18 बजे तदनन्तर कौलव 18.45 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 21.8 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 17'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871670
**जूलियन दिन** 2460135.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** जिल्हेज **तारीख** 21
**विशेष** प्रथम श्रवण सोमवार व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7818



**बाएँ से दाएँ**

1.रोशनी-3
4.आशा,उम्मीद-2
5.एक प्रकार की बंगाली मिठाई-2,3
7.भ्रमण,घूमना-3
9.फिजूल,व्यर्थ ही-3
11.गुनाह,जुर्म-4
12.स्नान करवाना-4
14.डग,पांव,पैर-3
16.मक्खन(अंग्रेजी-3)
18.रावण,दशानन-5
19.टेलीफोन,दूरभाष-2
20.असली,शुद्ध-3

**ऊपर से नीचे**

1.वार,घात-3
2.आश्रय,पनाह-3
3.पायल की आवाज-4
4.दर्पण,शीशा-3
6.चिपकू,जलौका-2
8.स्वयं की पसंद का, स्वरुचिकर-2,3
10.हकलाना,अटक-अटक कर बोलना-5
13.पशु,जन्तु-4
14.मजार,मकबरा-2
15.कामदेव-3
16.बारिश,बरसात-3
17.धनवान,संपन्न-3

### शब्द पहेली -7817 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जा | न | प | ह | चा | न | | बा | त |
| न | | ल | | ल | ल | क | | न |
| की | ल | | बा | बा | | क्ष | त्रि | य |
| ना | | श | | ज | | | का | |
| थ | का | व | ट | | म | स | ल | न |
| | ज | | | स | | त्य | | क |
| फ | ल | क | | ह | द | | ऐ | ब |
| रे | | म | स | ला | | गो | | ज |
| ब | ल | | ब | ना | व | टी | प | न |

# आज का राशिफल

**मेष राशि** : सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां पैदा होंगी। अल्प-परिश्रम से ही लाभ होगा।

**वृष राशि** : परामर्श व परिस्थिति सभी का सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। व्यावसायिक उपक्रम में उलटफेर की शुरूआत हो सकती है।

**मिथुन राशि** : विश्वस्त लोगों के कहे अनुसार चलें। राजकीय कार्यों में सतर्कता बरतें। मान-सम्मान को ठेस लग सकती है। जोश से कम व होश में रहकर कार्य करें।

**कर्क राशि** : पुरानी पारिवारिक समस्याओं का समाधान होगा। परिश्रम प्रयास से कार्य सफल होंगे। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी।

**सिंह राशि** : दाम्पत्य जीवन में तनाव का वातावरण बन सकता है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। आत्मचिंतन करें। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**कन्या राशि** : रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**तुला राशि** : संतान की ओर से हर्ष के प्रसंग बनेंगे। समय को देखकर कार्य करना ज्यादा हितकर रहेगा। परिश्रम अधिक करना पड़ेगा तभी आप लाभ की आशा कर सकते हैं।

**वृश्चिक राशि** : कर्म बल पर आपको सफलता मिलेगी। व्यवसायिक क्षेत्र में वर्तमान क्षमता को बढ़ाएंगे उपक्रम का विस्तार करने का प्रयास सफल होगा।

**धनु राशि** : मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य कमजोर बना रहेगा। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं।

**मकर राशि** : शनैः-शनैः स्थिति पक्ष की बनने लगेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

**कुंभ राशि** : विकास के लिए बनाई योजना सफल होगी। अच्छा हो कि आप अपने उद्देश्य को लेकर सचेत रहें। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य सौंपे जा सकते हैं।

**मीन राशि** : क्षमता से अधिक कार्य करने की नौबत आ सकती है। उत्तरदायित्व की अधिकता निजी जीवन में अपने ही ढंग की परेशानियां पैदा करेगी। कारोबार की उन्नति के लिए एक से अधिक सीढ़ी चढ़कर लोगों को आश्चर्य में डाल देंगे।




## NEWS इन ब्रीफ

### भूमि घोटाला मामले में नेपाल के संचार सचिव गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल में भूमि घोटाला मामले में संचार मंत्रालय के सचिव कृष्ण बहादुर राउत को गिरफ्तार कर लिया गया है। उन्हें नेपाल पुलिस के केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीआईबी) ने रविवार को त्रिभुवन हवाई अड्डे से गिरफ्तार किया। सीआईबी ने राउत की गिरफ्तारी की पुष्टि की है। उन पर भूमि घोटाले में संलिप्तता का आरोप है। यह भूमि घोटाला ललिता निवास मामले के नाम से जाना जाता है। इस मामले में नेपाल के पूर्व मंत्रियों, पूर्व सचिवों के अलावा दो सौ से अधिक पूर्व एवं वर्तमान कर्मचारियों और व्यवसायियों को गिरफ्तार करने के लिए सीआईबी नें वारंट जारी किया है। इससे पहले पुलिस ने भूटानी शरणार्थियों के मामले में पूर्व उप प्रधानमंत्री, पूर्व मंत्री और सचिव समेत 30 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया था। प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार एक के बाद एक भ्रष्टाचार और अपराध की बड़ी घटनाओं की फाइलें खोल रही है और कार्रवाई कर रही है।

### भारत-तंजानिया द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर सहमत

**दार अस सलाम।** भारत और तंजानिया अपने द्विपक्षीय संबंधों को और बढ़ाने पर सहमत हो गए हैं। दोनों देशों के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी साझा की है। दोनों देश कारोबार, निवेश, कृषि, रक्षा एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में सहयोग के नए क्षेत्रों की पहचान कर इसका एक खाका तैयार करेंगे। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को यहां तंजानिया की विदेश मामलों एवं पूर्व अफ्रीकी सहयोग मंत्री स्टरगोमेना टैक्स से यहां 10वें भारत-तंजानिया संयुक्त आयोग बैठक में मुलाकात की। जयशंकर ने कहा कि दोनों पक्षों के बीच इस संयुक्त आयोग में सार्थक बातचीत हुई। आयोग ने हमें अपने संबंधों पर नए सिरे से गौर करने का एक मौका दिया। हम उन क्षेत्रों में भी अपना सहयोग मजबूत करने पर सहमत हुए, जिन पर पहले से काम कर रहे हैं। जयशंकर ने कहा कि भारत को दोनों देशों के बीच जल साझेदारी पर गर्व है। जल साझेदारी में लगभग एक अरब डॉलर का आसान ऋण शामिल है, जो परियोजनाएं पूरी होने पर 80 लाख तंजानियावासियों को सुरक्षित पेयजल प्रदान करेगा।

# चाइल्डलाइन को राज्य सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा : स्मृति ईरानी

**एजेंसी। भोपाल**



केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने रविवार को कहा कि अब देशभर में चाइल्डलाइन को प्रदेश की सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा, ताकि मुसीबत के वक्त फोन कर गुहार लगाने वाले बच्चों की समस्याओं का स्थानीय प्रशासन त्वरित समाधान कर सके। मंत्री ने महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा भोपाल के रविन्द्र भवन में बाल संरक्षण, सुरक्षा तथा कल्याण पर आयोजित ह्यवत्सल भारतह्न क्षेत्रीय संगोष्ठी को संबोधित करते हुए यह बात कही। चाइल्डलाइन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय की एक सेवा है, जो 26 साल पहले शुरू की गई है। चाइल्डलाइन 1098 भारत के गैर सरकारी संगठन चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित दूरभाष सहायता सेवा है। बच्चों के हितों की रक्षा के लिए सातों दिन चौबीसों घंटे चलने वाली यह भारत की पहली निःशुल्क दूरभाष सेवा है जो अनाथ और निराश्रित बच्चों की सहायता करती है। उन्होंने कहा, जेजेबी (किशोर न्याय बोर्ड) हों अथवा चाइल्ड वेल्फेयर कमेटी हों, आप में से कई लोगों ने सुझाव दिया कि अगर फोन गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) के पास जाता है तो ऐसी विषम परिस्थिति में गहमागहमी यह होती है कि प्राथमिकी कहां दर्ज हो। ईरानी ने कहा, आपकी इसी चिंता को देखते हुए अब चाइल्डलाइन देशभर में प्रदेश की सरकारों के सुपुर्द किया जाएगा, ताकि बच्चा अगर मुसीबत में हो तो त्वरित रूप से वहां के थाने प्रशासन के पास वो फोन कॉल पहुंचे और त्वरित उसे स्थानीय प्रशासन उस बच्चे को समाधान दे। इस कार्यक्रम में तीन राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान के बाल कल्याण समितियों के प्रतिनिधियों, किशोर न्याय बोर्ड (जेजेबी), ग्राम बाल संरक्षण समिति सदस्यों और आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने भाग लिया। इस अवसर पर इरानी के अलावा केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री डॉ. मुंजपरा महेन्द्रभाई और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो भी उपस्थित थे।

## श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के 15 मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के रामेश्वरम के 15 मछुआरों को गिरफ्तार किया है, जो रविवार की सुबह नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ रहे थे। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मछुआरे दो मशीनीकृत नावों में थे। वे नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ रहे थे जब उन्हें गिरफ्तार किया गया। श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) पार करने और श्रीलंकाई जलक्षेत्र में मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया है। तमिलनाडु मत्स्य पालन विभाग ने कहा कि गिरफ्तार किए गए लोगों को कांकेसंतुरई हार्बर में श्रीलंकाई नौसेना अड्डे पर ले जाया गया। गौरतलब है कि श्रीलंकाई नौसेना ने तमिलनाडु के कई मछुआरों को गिरफ्तार किया था और उन्हें रिमांड पर लिया था। उन्होंने उनकी मछली पकड़ने वाली मशीनीकृत नौकाओं को जब्त कर लिया था। मछुआरों को कुछ सप्ताह जेल की सजा काटने के बाद रिहा कर दिया जाता है जबकि नावें जब्त कर ली जाती हैं। जब्त की गई महंगी मशीनीकृत नौकाओं ने तमिलनाडु के मछुआरों की बस्तियों में बड़ी समस्याएं पैदा कर दी है। राज्य में मछुआरा संघ इसके समाधान के लिए सभी दरवाजे खटखटा रहा है।

## आंध्र प्रदेश में कार-ट्रक की टक्कर से 6 की मौत, एक घायल

**तिरूपति।** आंध्र प्रदेश के तिरूपति जिले में रविवार को एक सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई। वहीं एक अन्य घायल हुआ है। यह दुर्घटना तब हुई जब श्रीकालाहस्ती में मित्तकांड्रिगा के पास एक एसयूवी ट्रक से टकरा गई, जिससे कार में सवार चार महिलाओं सहित दो पुरुषों की मौके पर ही मौत हो गई। एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसे श्रीकालाहस्ती एरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, तिरुमाला में श्री वेंकटेश्वर मंदिर में दर्शन के बाद सात लोग एसयूवी में तिरुपति से श्रीकालाहस्ती जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि पीड़ित एनटीआर जिले के विजयवाड़ा के रहने वाले हैं। मृतकों की पहचान रमेश, नरसिम्हा मूर्ति, राज्यलक्ष्मी, श्रीलता, अक्षय और वेंकट रामनम्मा के रूप में हुई। पुलिस ने कहा कि पीड़ित श्रीकालाहस्ती रामलिंगेश्वर स्वामी मंदिर की यात्रा कर रहे थे, तभी मित्तकांड्रिगा के पास उनकी कार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जापान भारतीय छात्रों व उनके स्टार्टअप की वेलकम के लिए तैयार : कोइके युरिको

**नई दिल्ली।** जापान भारतीय छात्रों और उनके स्टार्टअप को वेलकम करने के लिए तैयार है। टोक्यो की गवर्नर कोइके युरिको ने भारत में आईआईटी की अपनी यात्रा पर कहा, हम विनिमय कार्यक्रमों के माध्यम से भारतीय छात्रों और स्टार्टअप का स्वागत करने के लिए तैयार हैं।कोइके युरिको ने भारत में गहन तकनीकी नवाचारों पर काम कर रहे स्टार्टअप संस्थापकों के साथ बातचीत की और आईआईटी गांधीनगर में कुछ उन्नत प्रयोगशालाओं का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ सिंगापुर के अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल भी था। टोक्यो की गवर्नर ने कहा कि टोक्यो भारतीय छात्रों, स्टार्टअप, और व्यवसायों का टोक्यो में काम करने और अपने उत्पादों को विकसित करने के लिए स्वागत करना चाहेगा।

चर्चित एसडीएम ज्योति के खिलाफ

## अमिताभ ठाकुर व भीम आर्मी ने खोला मोर्चा

**नवेन्दु सिंह। लखनऊ**

अपने पति आलोक मौर्य से कानूनी लड़ाई और होमगार्ड कमांडेंट से नजदीकी को लेकर देश भर में चर्चित बरेली में तैनात पीसीएस अफसर ,एसडीएम ज्योति मौर्य की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। अब तक वसूली के आरोपों में ज्योति मौर्य के विरूद्ध जांच शुरू न होने का तर्क देकर पूर्व आईपीएस अमिताभ ठाकुर ने लोकायुक्त से शिकायत करने की चेतावनी दी है। इधर भीम आर्मी ने जातिसूचक टिप्पणी को लेकर ज्योति के विरूद्ध अलग मोर्चा खोल दिया है। पूर्व नौकरशाह अमिताभ ठाकुर ने बयान में कहा है कि महिला अधिकारी के पति की ओर से उपलब्ध कराए गए डायरी के कागजों के आधार पर मामला सीधे तौर पर वसूली का लग रहा था। उन्होंने 21 जून को मुख्यमंत्री योगी को इसकी शिकायत भेजी थी। अब तक इस मामले में कोई जांच नहीं हुई है जो दुखद स्थिति है। इसलिए उन्होंने मुख्यमंत्री को दोबारा शिकायत भेजी है। अगर सात दिनों में महिला अधिकारी की भूमिका को लेकर जांच नहीं की जाती है तो आजाद अधिकार सेना इस मामले को लोकायुक्त के समक्ष ले जाएगी।इधर, भीम आर्मी ने भी महिला अधिकारी पर कार्रवाई कराने को आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन मंडल अध्यक्ष विकास बाबू एडवोकेट ने एसएसपी कार्यालय में ज्ञापन देकर बताया है कि पीसीएस अधिकारी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसमें वह जातिसूचक शब्द कहती नजर आ रही हैं। इससे जातीय वैमनस्यता फैल रही है। वाल्मीकि समाज के साथ ही वंचित वर्ग अपमान महसूस कर रहा है। उन्होंने कहा कि महिला अधिकारी के खिलाफ एससी एक्ट का मुकदमा दर्ज कराने की मांग की है। उन्हें जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। अगर तय समय में रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई तो भीम आर्मी आंदोलन करेगी। मालूम हो कि बरेली की एसडीएम ज्योति मौर्य के पति आलोक मौर्य ने होमगार्ड मुख्यालय में शिकायत दर्ज कराई है कि उनकी पत्नी का गाजियाबाद के होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अफेयर चल रहा है ।पति आलोक ने दावा है कि साल 2020 में उन्होंने लखनऊ के एक होटल में रंगे हाथ ज्योति और मनीष को पकड़ा था, जहां ज्योति ने कबूल किया था कि उसका अफेयर मनीष दुबे के साथ है। और दोनों उनकी (आलोक)हत्या कराने की साजिश रच रहे हैं। उनकी शिकायत पर डीजी होमगार्ड वीके मौर्य ने प्रयागराज के डिप्टी कमांडेंट जनरल संतोष कुमार को जांच सौंपी है।

## राजद के संपर्क में हैं जदयू के 40 फीसदी विधायक : संजय जायसवाल

**एजेंसी। पटना**



बिहार भाजपा के पूर्व अध्यक्ष संजय जायसवाल ने दावा किया कि ललन सिंह के नेतृत्व में जदयू के 40 फीसदी विधायक राजद में शामिल हो सकते हैं और तेजस्वी यादव को बिहार का मुख्यमंत्री बना सकते हैं। ललन सिंह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। भाजपा नेता संजय जयसवाल का बयान महागठबंधन के नेताओं के बीच भ्रम पैदा कर नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली बिहार सरकार को अस्थिर करने का प्रयास हो सकता है। जायसवाल ने कहा, आजकल बिहार में जदयू का अस्तित्व नहीं है। ललन सिंह के नेतृत्व में पार्टी के 40 फीसदी नेता राजद में शामिल होकर तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री बना सकते हैं और ललन सिंह उपमुख्यमंत्री बनेंगे। जयसवाल ने कहा, जदयू के लगभग 60 प्रतिशत नेता भाजपा के संपर्क में हैं। वे नीतीश कुमार के महागठबंधन में शामिल होने के फैसले से खुश नहीं थे। उन्होंने राजद के खिलाफ चुनाव लड़े और अब सरकार में हिस्सेदारी कर रहे हैं।

## सहयोगी दलों को साधने के लिए एनडीए की बैठक 18 जुलाई को


**आरएनएम। नई दिल्ली**

आगामी विधानसभा व लोकसभा चुनावों की तैयारी के मद्देनजर भाजपा संगठन में कुछ फेरबदल करने के बाद अब 18 जुलाई को एनडीए की बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में महाराष्ट्र से एनसीपी (अजित पवार गुट) और शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के नेता भी शामिल होंगे। बिहार से लोकतांत्रिक जनता पार्टी के चिराग पासवान सहित दूसरे दलों के नेता भी शामिल हो सकते हैं। जिनमें वीआईपी ,हम व अन्य कुछ फुटर दलों के नेताओं के आने की संभावना है। पहले सहयोगी रहे लेकिन बाद में छुट्टा - छुट्टी हो जाने के बाद अब फिर तेलुगु देशम और शिरोमणि अकाली दल से भी प्यार जताते हुए साथ मिल अगला लोकसभा चुनाव लड़ने को हंसकर ऑफर दिया जाने लगा है। जो तैयारी चल रही है उसके चलते कई केंद्रीय मंत्रियों को हटाये जाने का भय हो गया है। इस दौरान कई सांसद जो बीते नौ वर्ष के दौरान मंत्री नहीं बने उनको लगता है कि बड़े साहब की उन पर कृपा हो जाएगी। यह भी कहा जा रहा है कि सहयोगी दलों के कुछ सांसदों को भी मंत्री बनाया जा सकता है। चुनावी तैयारी के लिए सभी राज्यों में जिला स्तर पर भी नई टीमों का गठन करने, नए चेहरों को पद देने, पुराने चेहरों को प्रदेश स्तर पदोन्नति करने की योजना बन रही है।




## अक्षय कुमार ने 'ओएमजी 2' से भगवान शिव के रूप की अपनी झलक की शेयर

2011 की फिल्म 'ओह माई गॉड' के सीक्वल का काफी इंतजार किया जा रहा है, और दर्शकों को अब आखिरकार फिल्म की पहली झलक



देखने को मिलेगी। 'ओएमजी 2' का पहला टीजर 11 जुलाई को रिलीज होगा। अक्षय कुमार भगवान शिव की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने रविवार को फिल्म से अपनी भूमिका की एक झलक साझा की। अपनी एक छोटी सी क्लिप के साथ टीजर की घोषणा करते हुए, अक्षय कुमार ने कैप्शन दिया, 'ओएमजी 2 का टीजर 11 जुलाई को आएगा। फिल्म 11 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।अक्षय कुमार लंबे उलझे हुए बाल, मोतियों की माला और माथे पर त्रिपुंड के साथ शिव की शक्तिशाली सुंदरता को धारण करते हुए नजर आ रहे है। फैंस ने फिल्म के लिए अपना उत्साह दिखाया है।

## अभिनेत्री काजोल के बयान पर क्यों हो रहा घमासान



बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री काजोल इन दिनों विवादों में घिरी हुई है इस का कारण उनके द्वारा देश के नेताओं दिया गया एक बयान है। जिस पर बवाल मच रहा है. सोशल मीडिया यूजर्स एक्ट्रेस को उनके वायरल कमेंट पर जमकर ट्रोल कर रहे हैं। दरअसल, एक इंटरव्यू में काजोल ने देश के नेताओं की पढ़ाई और स्लो ग्रोथ पर कमेंट कर दिया, जिसपर लोगों को गुस्सा फूट रहा है। देश के नेताओं पर किया गया काजोल का ये बयान सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हालांकि काजोल ने इस मामले में सफाई देते हुए कहा मैं केवल शिक्षा और उसके महत्व के बारे में बात कर रही थी। मेरा उद्देश्य किसी भी राजनीतिक नेता को नीचा दिखाना नहीं था।

## 'बिग बॉस' में वही रह सकता है, जो राजनीति का आदी हो : आरती सिंह

**'बिग बॉस** 13' की कंटेस्टेंट रह चुकी आरती सिंह ने शो में रहने के लिए एक आसान जगह नहीं होने पर अपने विचार साझा किए हैं। हाल ही के एक एपिसोड के दौरान, साइरस ब्रोचा ने कहा कि वह 'बिग बॉस ओटीटी 2' के घर के अंदर रहने के दबाव से नहीं निपट सकते और उन्होंने बिग बॉस के साथ-साथ होस्ट सलमान खान से उन्हें चल रहे रियलिटी शो से बाहर निकलने की अनुमति देने का आग्रह किया।



हालांकि, सलमान और बिग बॉस ने उनसे कहा कि जब तक दर्शक उन्हें शो से बाहर नहीं कर देते, तब तक उनके पास यह विकल्प नहीं है, आरती सिंह ने साइरस पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बिग बॉस का घर वास्तव में लोगों को बर्बाद कर सकता है, खासकर उन लोगों को जो राजनीति में माहिर नहीं हैं या उनमें धैर्य की कमी है। उन्होंने कहा, "यह उन लोगों के लिए बहुत थका देने वाला हो सकता है जो राजनीति के आदी नहीं हैं और उनमें धैर्य की कमी है। वे फंसा हुआ महसूस कर सकते हैं और छोड़ना चाहते हैं। हालांकि हार न मानने में ही उनकी ताकत है।" उन्होंने कहा, "उन्हें किसी को कुछ भी साबित नहीं करना है, यह उनकी अपनी यात्रा है। यहां तक कि मुझे भी पैनिक अटैक का सामना करना पड़ा है, लेकिन किसी भी स्थिति से अधिक मजबूत होना होगा। मुझे यकीन है कि वह इससे लड़ेंगे।" 'बिग बॉस ओटीटी 2' जियो सिनेमा पर स्ट्रीम होता है।

विवाद

मंत्री समूह को आम सहमति बनाने की जिम्मेदारी

# यूसीसी पर सरकार जल्दबाजी में नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**



जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना, अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण और देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करना भाजपा का मुख्य एजेंडा रहा है, जिनमें से दो उसने पूरा कर लिया है जबकि यूसीसी मसौदे को अंतिम रूप देने के प्रयास जारी हैं। सरकार और भाजपा यूसीसी मुद्दे पर जल्दबाजी नहीं कर रही है क्योंकि इसका असर मुसलमानों के साथ-साथ ईसाइयों और सिखों सहित अन्य समुदायों पर भी पड़ेगा। यहां तक कि हिन्दू भी इससे प्रभावित होंगे; विशेषकर अनुसूचित जनजातियों के साथ-साथ विभिन्न रीति-रिवाजों और परंपराओं को मानने वाले दलितों पर इसका व्यापक प्रभाव पड़ेगा। कई दशकों के लगातार प्रयासों के बाद अब भाजपा पूर्वोत्तर के कई राज्यों में सरकार चला रही है और अगर यूसीसी को पूरे देश में लागू किया जाता है तो निस्संदेह आदिवासी बहुल पूर्वोत्तर पर इसका बड़ा असर होगा। यही वजह है कि भाजपा इस मुद्दे पर ज्यादा से ज्यादा चर्चा को बढ़ावा दे रही है ताकि सभी वर्ग के लोगों की राय सामने आ सके। यूसीसी पर चल रहे विवाद के बीच यह भी स्पष्ट करने की कोशिश की जा रही है कि इसका मकसद सभी पर एक जैसा कानून या नियम थोपना नहीं है। दावा किया जा रहा है कि यूसीसी में सभी की आस्था का पूरा सम्मान किया जाएगा। हाल ही में भाजपा के राज्यसभा सांसद और यूसीसी मुद्दे पर संसदीय स्थायी समिति के अध्यक्ष सुशील मोदी ने भी प्रस्तावित यूसीसी से आदिवासियों और उत्तर-पूर्व को बाहर रखने की वकालत की थी। यह भी साफ दिख रहा है कि सरकार सभी पक्षों को ध्यान में रखकर ही यूसीसी पर आगे बढ़ना चाहती है। हाल ही में यूसीसी से संबंधित सभी महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा के लिए केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू की अध्यक्षता में अनौपचारिक रूप से गठित मंत्रियों के समूह को यूसीसी पर विभिन्न वर्गों के साथ परामर्श करने की जिम्मेदारी भी दी गई है। मंत्री समूह में रिजिजू आदिवासियों से संबंधित मुद्दों पर परामर्श करेंगे, जबकि केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, जी. किशन रेड्डी और अर्जुन राम मेघवाल क्रमशः महिलाओं के अधिकारों, पूर्वोत्तर और कानूनी पहलुओं से संबंधित मुद्दों पर गौर करेंगे। इसके अलावा, भाजपा यूसीसी के बारे में फैलाई जा रही गलतफहमियों को लेकर भी काफी सतर्क है। विधि आयोग द्वारा यूसीसी पर लोगों से सुझाव और राय मांगने के साथ ही देश भर में एक राष्ट्रीय बहस शुरू हो गई है। भाजपा के अलावा आरएसएस से जुड़े मुस्लिम राष्ट्रीय मंच और विश्व हिंदू परिषद जैसे अन्य संगठन भी देश के विभिन्न हिस्सों में यूसीसी के बारे में लगातार चर्चा और संवाद कर रहे हैं ताकि मुसलमानों सहित समाज का हर वर्ग खुलकर अपने सुझाव और विचार सामने रख सके। जनता और उसके आधार पर सरकार अपनी आगे की रणनीति तय कर सकती है।

# राज्य में 2019 से अब तक साइबर अपराध 5103 हुए



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** झारखंड में वर्ष 2019 से वर्ष 2023 में अब तक 5103 साइबर क्राइम की वारदातें हुई हैं। वर्ष 2023 में अब तक सबसे अधिक 102 साइबर क्राइम की वारदात राजधानी रांची में हुई है। हालांकि, आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2023 में अब तक की तुलना में साइबर अपराध की घटनाएं कम हुई है। पुलिस मुख्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2019 में साइबर अपराधियों ने 1343 वारदातों को अंजाम दिया है। इनमें धनबाद में 143, गिरिडीह में 41, हजारीबाग में 79, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 78, पलामू में 49, रांची में 478, साहिबगंज में 23, दुमका में 13, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 20, बोकारो में 42, लातेहार में 22, जामताड़ा में 68, सरायकेला में 43, सिमडेगा में नौ, रेल जमशेदपुर में एक, देवघर में 71, गोड्डा में 29,गुमला में 10, लोहरदगा में 10, चतरा में 32, गढ़वा में 20,कोडरमा में चार,खूंटी में 15, रामगढ़ में 30 और पाकुड़ में 13 शामिल है। वर्ष 2019 में साइबर क्राइम की सबसे अधिक 478 घटनाएं राजधानी रांची में हुई है। इसी प्रकार वर्ष 2020 में 1242 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 77, गिरिडीह में 61, हजारीबाग में 93, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) में 64, पलामू में 44, रांची में 286, साहिबगंज में 18, दुमका में 36, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में 28, बोकारो में 38 ,लातेहार में 38, जामताड़ा में 74,सरायकेला में 47, सिमडेगा में छह, देवघर में 94, गोड्डा में 27,गुमला में 27,लोहरदगा में 16,चतरा में 28,गढ़वा में 23,कोडरमा में आठ, खूंटी में 12, रामगढ़ में 67 और पाकुड़ में 30 शामिल है। वर्ष 2020 में सबसे अधिक राजधानी रांची में 286 साइबर क्राइम की घटनाएं हुई हैं। वर्ष 2021 में साइबर क्राइम की 10 51 घटनाएं हुई है। इनमें धनबाद में 74, गिरिडीह में 35, हजारीबाग में 93, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर )में 70, पलामू 33, रांची में 211, साहिबगंज में 20, दुमका में 33, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा )में 16, बोकारो में 29, लातेहार में 39 ,जामताड़ा में 76 , सरायकेला में 32, सिमडेगा में चार, रेल धनबाद एक, देवघर में 118, गोड्डा में 19 , गुमला में 23, लोहरदगा में चार, चतरा में 17 , गढ़वा में 17, कोडरमा में 25, खूंटी में सात, रामगढ़ में 41 और पाकुड़ में 14 शामिल है। वर्ष 2021 में सबसे अधिक राजधानी रांची में 211 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इसी प्रकार 2022 में पूरे राज्य में 1030 साइबर क्राइम की वारदात हुई है। इनमें धनबाद में 54, गिरिडीह में 54 , रामगढ़ में 19 और पाकुड़ में 12 शामिल है। वर्ष 2022 में राजधानी रांची में सबसे अधिक 255 साइबरक्राइम की वारदात हुई है।

### रांची में सबसे ज्यादा घटनाएं हुई

इनमें धनबाद में 43, गिरिडीह 23, हजारीबाग 18, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) से 50, पलामू में 10, रांची में 102, साहिबगंज से छह, दुमका में 11, पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) में छह, बोकारो में सात, लातेहार में 23, जामताड़ा में 24, सरायकेला में 13, सिमडेगा में छह, रेल जमशेदपुर एक, देवघर में 12,गोड्डा में नौ , गुमला में 11, लोहरदगा में चार, चतरा में नौ, गढ़वा में 11, कोडरमा में छह, खूंटी में दो, रामगढ़ में 17 और पाकुड़ में 13 शामिल है।

## स्कूली शिक्षा की सुविधा में बिहार-यूपी से झारखंड बेहतर

**रांची।** स्कूली शिक्षा में सुविधा और लर्निंग आउटकम के मामले में झारखंड की स्थिति पड़ोसी राज्य बिहार और उत्तर प्रदेश से बेहतर है। इसके बावजूद झारखंड की स्थिति बहुत अच्छी नहीं कही जा सकती है। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को मिलाकर झारखंड 27 प्रदेशों से पीछे है। यह खुलासा भारत सरकार के शिक्षा विभाग की ओर से कराए गए परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स (पीजीआई) रिपोर्ट में हुआ है। इसमें झारखंड को 503.7 अंक मिले हैं, जबकि बिहार को 465 और उत्तर प्रदेश को 501.9 अंक मिले हैं। 2021-22 की इस रिपोर्ट के अनुसार झारखंड को आकांक्षी टू ग्रेड में रखा गया है। इस ग्रेड में झारखंड सहित अन्य 11 राज्य हैं। इस ग्रेड में 461 से 520 तक स्कोर मानक रखा गया था। यह सर्वे आधारभूत संरचना, सुविधा, टीचर ट्रेनिंग, एसेसिबिलिटी, गवर्नेंस, इक्विटी और लर्निंग के आधार पर किया गया था।

# सरकारी स्कूलों में बच्चों के मध्याह्न भोजन में शामिल होगा मुनगा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्य के सरकारी स्कूलों के बच्चों को प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत मध्याह्न भोजन दिया जाता है। बच्चों को प्रतिदिन परोसे जाने वाले व्यंजन का मेन्यू तैयार है। बच्चों की सेहत का ख्याल रखते हुए इस बार बच्चों के भोजन के मुनगा भी शामिल होगा। इसकी जानकारी झारखंड राज्य मध्याह्न भोजन प्राधिकरण की निदेशक किरण कुमारी पासी ने सभी जिला शिक्षा अधीक्षक को दी है। निदेशक ने पत्र में लिखा है कि पीएम पोषण शक्ति निर्माण योजना अंतर्गत छात्र-छात्रा को दोपहर का भोजन उपलब्ध जाता है। भोजन में पोषक तत्वों की प्रचुरता को ध्यान में रखते हुए विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गये हैं।बच्चों को दोपहर के भोजन में मुनगा भी दिया जायेगा। यह उत्पाद भारत सरकार द्वारा दिये गए निर्देश के बाद शामिल किया गया है। यही नहीं, स्कूलों में मुनगा का पौधा भी लगाया जायेगा, ताकि बच्चे प्रचुर मात्रा में मुनगा का सेवन कर सकें। जुलाई से सितंबर माह मुनगा का पौधा विद्यालयों में लगाने के लिए अनुकूल समय है।झारखंड में मुनगा को स्थानीय भाषा में मुनगा कहा जाता है। निदेशक ने निर्देश दिया है कि विद्यालयों में मुनगा का पौधा लगाने और उसके उत्पाद (फल, फूल एवं पत्ता) का मध्याह्न भोजन में सर्वाधिक उपयोग के प्रति जागरुकता अभियान चलाया जाये। साथ ही दिये गये निर्देश के आलोक में जिले में वर्तमान विद्यालयों में मुनगा के पौधे की उपलब्धता रहे।

## थाना प्रभारी ने बाइक चोरी के मामले रोकने के लिए पम्फलेट और पोस्टर बांटे



**रांची।** डेली मार्केट थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने बाइक चोरी रोकने के लिए रविवार को सुरक्षा उपाय संबंधी पम्फलेट और पोस्टर को टैक्सी स्टैंड के आसपास में जगह-जगह चिपकाया और बांटा। थाना प्रभारी मधुसूदन मोदक ने कहा कि जब तक जनता जागरूक नहीं होगी तब तक कोई भी घटना को पूर्ण रूप से नहीं रोका जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपराधिक घटनाएं और बाइक चोरी रोकने के लिए जनता को जागरूक होना होगा। पम्फलेट-पोस्टर में लिखा है कि बाइक तथा गाड़ियों को निर्धारित स्टैंड में रखने, हैंडल लॉक करने, वाहनों को जहां तहां खड़ा नहीं करने, वाहनों की सुरक्षा खुद करने, गाड़ी में चाबी छोड़कर चोरों को मदद नहीं करने, गाड़ी रखने की जगह स्टैंड है सड़क नहीं, आपके एक सुरक्षित कदम से चोरी की घटनाओं को रोका जा सकता है। लापरवाही ही आपके बाइक चोरी का मुख्य कारण है। सतर्कता ही बचाव है जैसी बातें लिखी हैं।

## रांची में मारपीट और लूटपाट का मामला दर्ज



**रांची।** लोअर बाजार थाना कर्बला चौक तालाब के समीप मारपीट और लूटपाट का मामला गुमला निवासी हारुन अंसारी ने मोहम्मद कासिम सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ रविवार को दर्ज कराया है। दर्ज प्राथमिकी में बताया गया है कि हारुन अंसारी अपनी पुत्री का मंगनी करने रांची स्थित कर्बला चौक तालाब के पास मारुति वैन में बैठकर जा रहे थे। इसी दौरान मोहम्मद कासिम कुछ अज्ञात लोगों के साथ वहां पहुंचा और गाड़ी रुकवा कर गंदी-गंदी गालियां देने लगा। विरोध करने पर मोहम्मद कासिम ने रॉड से सिर पर वार किया, जिससे हारुन अंसारी का सिर फट गया। इसके बाद मोहम्मद कासिम ने हारुन अंसारी का सोने का चेन, कलाई घड़ी और पॉकेट में रखे सात हजार रुपये लूट लिया। गाड़ी में बैठी महिलाओं के साथ गाली-गलौच और छेड़छाड़ भी मोहम्मद कासिम और अन्य अज्ञात लोगों ने की। जब आसपास के लोग वहां जमा होने लगे तब वे लोग वहां से भाग गए। थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।


## ओबीसी आरक्षण के लिए खड़गे को राजेश गुप्ता ने सौंपा ज्ञापन



**रांची/ दिल्ली।** दिल्ली के कांस्टीट्यूशन हॉल में राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे के नाम 3 सूत्री मांग पत्र भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के कामगार कर्मचारी यूनियन के चेयरमैन डॉ उदित राज को सौंपा। जिसमें झारखंड प्रदेश के अधिसूचित 7 जिले में जिला स्तरीय नौकरियों में ओबीसी का आरक्षण देने तथा राज्य में 14% से बढ़ाकर जनसंख्या अनुपात 50% आरक्षण देने की मांग की है। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में आयोजित बहुजन संसद में भाग लिया; जिसमें जातीय जनगणना कराने, निजीकरण पर रोक लगाने, देश के संसद को डॉक्टर अंबेडकर के नाम करने, एबीएम बैन करने, मंडल कमीशन की सभी सिफारिशों को लागू करना आदि विषय पर चर्चा हुई।

### इम्युनिटी बढ़ाने में मददगार होगा झारखंड का 'शाकाहारी मटन' रुगड़ा

# मांसाहारियों का पसंदीदा विकल्प



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सावन में लोग नॉन वेज से परहेज करते हैं और हर सब्जियां भी आसमान छू रही हैं। ऐसे में झारखंड के प्रसिद्ध रुगड़ा के प्रति लोगों का रुझान बढ़ गया है। यह स्वाद के साथ सेहत के लिए भी लाभकारी है। मानसून के दौरान सखुआ के जंगलों में मिलने वाला 'शाकाहारी मटन' रुगड़ा सावन के महीने में मांसाहारियों का पसंदीदा विकल्प होता है। यहां के बाजारों में रुगड़ा मिलना शुरू हो गया है। शुरूआती दौर में इसकी कीमत काफी ज्यादा रहती है। बरसात के दिनों में वायरल और फंगल इंफेक्शन तेजी से फैलते हैं। इससे सबसे ज्यादा नुकसान कमजोर इम्युनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) वाले लोगों को होता है। इस मौसम में खुखड़ी या रुगड़ा का इस्तेमाल इम्युनिटी बढ़ाने में किया जा सकता है। इसमें औषधीय गुणों की भरमार होती है। यह हृदय रोग, कैंसर, किडनी के

### ग्रामीणों के प्राकृतिक आजीविका का साधन है साधन

रुगड़ा को ग्रामीणों का प्राकृतिक आजीविका का साधन माना जाता है। इसे ज्यादातर सखुआ के जंगलों के आस पास बसे गांवों में पाया जाता है। ग्रामीण द्वारा इसको ढूंढने और निकलने का प्रोसेस काफी मेहनत और मशक्कत भरा होता है। बारिश के बाद सखुआ के जंगलों में जमीन में कुछ कुछ भाग उठा सा नजर आता है , जिसे डंठल से खोदने पर रुगडा मिलता है, जिसके बाद इसकी काफी साफ-सफाई भी करनी पड़ती है। रुगड़ा में कई तरह के पौष्टिक तत्व पाए जाते हैं। उच्च स्तर के प्रोटीन और विटामिन इसमें पाए जाते है।मसलन विटामिन-बी, विटामिन-सी, विटामिन-बी, कॉम्प्लेक्स, राइबोलेनिन, थाईमिन, विटामिन-बी12, फोलिक एसिड और लवण, कैल्शियम, फास्फोरस, पोटाशियम तथा ताम्बा पाए जाते हैं। इसमें प्रोटीन ज्यादा और कैलोरी कम होती है, जिससे कारण ये काफी हेल्दी भी माना जाता है। यह सुपाच्य होने के साथ-साथ स्वादिष्ट भी होता है। हाई ब्लड प्रेशर और हाईपरटेंशन के रोगियों के लिए यह बहुत उपयुक्त माना जाता है। शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में भी यह बहुत सहायक है। इसके अलावा मोटापा कम करने में भी इसका उपयोग किया जाता है। यह आदिवासियों के भोजन में प्राचीन काल से सम्मिलित है। सामान्यतः यह दो प्रकार का होता है सफेद और काला, जिसमें काला रुगड़ा का टेस्ट कुछ अलग ही होता है और बारिश के सीजन के हिसाब से ये भी बढ़ता रहता है। जैसे-जैसे बारिश का सीजन खत्म होने लगता है वैसे-वैसे ये भी बुढ़ा होने लगता है।

### हजारों घरों में लहराया सदानी झंडा

# सदानों की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं : राजेन्द्र प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय समिति की ओर से सदानों की अधिकार को लेकर लगातार महापंचायत, सम्मेलन और सेमिनार पुरे झारखंड में किया जा रहा है। अधिकार आस्था और पहचान को लेकर सदानी झण्डा लगाओ अभियान का भव्य आयोजन आज बेड़ों के -++मैदान में किया गया। सदानी झण्डा को अपने घरों में लगाने को लेकर मूलवासी सदान काफी उत्साहित दिखे। इस मौके पर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया और अब हमारी पहचान को मिटाने का साजिश हो रही है। प्रसाद ने कहा राजनेताओं को सदान शब्द कहने से इन्हें शर्म आती है। प्रसाद ने कहा कि सदान झारखण्ड की सबसे पुराना वाशिंदे है। इस बात की पुष्टि इतिहासकारों और लेखकों ने भी की है। उन्होंने कहा राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में भी बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदनों के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं उसे अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रसाद ने कहा कि सदान अपने अधिकार को समझें यदि कोई राजनीतिक दल बाहरी प्रत्याशी देता है तो उससे हराना हर मूलवासी सदनों का कर्तव्य बताया।उन्होंने कहा कि राजनेता मूलवासी तो कहते हैं लेकिन मूलवासी सदान कहने में उन्हें कष्ट होता है। उन्होंने कहा कि सदानी झंडा हमारे पहचान और आस्था का प्रतीक है।

# सत्यापन नहीं कराना चाह रहे झारखंड के वकील

**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने वकीलों की प्रैक्टिस और सत्यापन को अनिवार्य कर दिया है। फिर भी राज्य के वकील सत्यापन नहीं करा रहे हैं। इसके लिए वकील अलग-अलग दलीलें दे रहे हैं। प्रमाण-पत्र फट जाने और नहीं मिलने की दलील कर सत्यापन से छूट चाह रहे हैं। प्रैक्टिस की अवधि को आधार मानकर ही सत्यापन करने का आग्रह बार कौंसिल से कर रहे हैं। इसके लिए कुछ वकीलों ने आवेदन दिए हैं, तो कुछ संबंधित बार संघ से छूट देने का आग्रह कर रहे हैं। लेकिन झारखंड बार कौंसिल ने वकीलों को आगाह किया है। राज्य के वकीलों का सत्यापन कार्य पूरा नहीं होने पर बार कौंसिल ऑफ इंडिया ने झारखंड बार कौंसिल को छह माह का अवधि विस्तार दिया है और स्पष्ट किया है कि इसके बाद अवधि विस्तार नहीं दिया जाएगा। सत्यापन के बाद अगले साल चार जनवरी तक बार कौंसिल का चुनाव कराने का निर्देश दिया है। चुनाव नहीं होने पर बार कौंसिल की वर्तमान कमेटी भंग कर विशेष कमेटी का गठन करने की बात बार कौंसिल ने कही है। झारखंड बार कौंसिल का कार्यकाल 28 जुलाई को समाप्त हो रहा था। झारखंड बार कौंसिल की दो जुलाई को हुई बैठक में सभी वकीलों को एक माह के अंदर सत्यापन कराने का अंतिम मौका दिया है।

## मैट्रिक-इंटरमीडिएट के 103 विद्यार्थी किए गए सम्मानित

**रांची।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची जिला ग्रामीण के मांडर इकाई द्वारा रविवार को ग्रामीण मेधा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मांडर, चान्हो और रातू के मैट्रिक और इंटर में टॉपर 103 विद्यार्थियों को शील्ड मेडल और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि युवा भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, समाजसेवी बाबू पाठक मौजूद थे। सन्नी टोप्पो और बाबू पाठक ने एबीवीपी के 75वें स्थापना दिवस पर सभी कार्यकताओं को बधाई देते हुए आयोजन की सराहना की। जिला ग्रामीण संयोजक उत्कर्ष तिवारी ने कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं एवं सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित कर उन्हें राष्ट्रवादी विचारधारा से जोड़ना है।

## पृष्ठ एक के शेष

**चार केंद्रीय कारा में...**

624 पदों पर कक्षपालों की नियुक्ति होने वाली थी, जिसे पिछले महीने रद्द कर दिया गया था। इसको लेकर गृह कारा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया था। जारी आदेश में कहा गया था कि बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार, लोकनायक जयप्रकाश नारायण केंद्रीय कारागार, केंद्रीय कारा दुमका और केंद्रीय कारा घाघीडीह में 624 पदों पर भूतपूर्व सैनिकों का कक्षपाल के पद पर नियुक्ति की प्रक्रिया की गयी थी लेकिन गृह कार्य एवं आपदा प्रबंधन विभाग और विधि विभाग के परामर्श एवं हाई कोर्ट के वाद संख्या डब्लूपी (सी) नंबर 3894 रमेश हांसदा / झारखंड सरकार पारित आदेश के तहत इस संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) की प्रक्रिया को रद्द कर दिया गया।

**युवा कारोबारी को घर में...**

में लोग वेद का हाल जानने अस्पताल पहुंच गये। घटना के सम्बन्ध में बताया जाता है कि इसी वर्ष के 13जनवरी को चैनपुर के क्रांति मोड़ पर स्थित शराब दुकान पर प्रिंट रेट से दस रुपए अधिक लेकर शराब देने की बात को लेकर दुकानदार के साथ आरोपी मोनू का झगड़ा हुआ था। बात बढ़ी तो मोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर गोली चलाई थी। तब रंजीत एवं राजू नामक दो युवकों को गोली लगी थी। दोनों घायल हुए थे, जो अब इलाज के बाद ठीक हो गये हैं। इस घटना में घायल रंजीत वेद का सगा और राजू चचेरा भाई है। इस घटना के बाद से आरोपी मोनू फरार चल रहा है। पुलिस उसके घर की कुर्की जब्ती भी कर चुकी है। बताया जाता है कि 13जनवरी की उक्त घटना में वेद प्रकाश गवाह हैं।10जुलाई को कोर्ट में वेद की गवाही थी । आशंका जताई जा रही है कि गवाही रोकने के लिए ही आरोपी द्वारा अपने भाई व अन्य साथियों के साथ मिलकर वेद को गोली मारकर हत्या का प्रयास किया गया है। बहरहाल घायल वेद की हालत गंभीर बनी हुई है। गोली निकाले जाने के बाद वेद के शरीर का आधा हिस्सा काम नहीं कर रहा है। उन्हें रांची के मेदांता से इलाज के लिए विल्लोर ले जाने की तैयारी चल रही है। इधर, लगातार गोली बारी की घटना से चैनपुर के कारोबारियों में भय का माहौल है। हालांकि चैनपुर के थाना प्रभारी ने आरोपियों के जल्द गिरफ्तार कर लेने की बात कही है।

**पलामू पुलिस ने टीएसपीसी के...**

से बैग बरामद किया गया है। गिरफ्तारी के बाद तीनों कर उग्रवादियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने छापामारी अभियान में उन उग्रवादियों के पास से दो मोबाइल, 2 पॉकेट डायरी ,7 सिम कार्ड, संगठन का लिखा हुआ पर्चा, 6700 रुपए नगद और दैनिक उपयोग में आने वाले सामान को बरामद किया। टीम का नेतृत्व मनातू के थाना प्रभारी कमलेश कुमार यादव कर रहे थे।

**तीमारदारों की सुविधा के लिए रिम्स में...**

और पानी की कनेक्शन को लेकर संबंधित विभाग के लोगों को निर्देश दे दिया गया है। बिजली और पानी की सुचारू करने को लेकर संबंधित विभाग के लोग तेजी कार्य में लगे हुए है। विश्राम गृह में तीमारदारों के रहने के अलावा उनके खाने-पीने के भी इंतजाम किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक तीमारदारों के लिए कपड़े या फिर अन्य महत्वपूर्ण सामान रखने के लिए अलमारी भी बनाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास और ऊर्जा मंत्री आरके सिंह के द्वारा वर्ष 2019 में इस विश्रामगृह का शिलान्यास किया गया था।

**सावन का पहला सोमवार आज...**


सोमवार का व्रत करना चाहिए. ऐसा करने से शादी में आ रही सभी परेशानियां दूर हो जाती हैं। इसके साथ ही यदि घर में धन की कमी है तो सावन के सोमवार को शमी के पेड़ की जड़ शिवलिंग पर चढ़ाएं फिर उसे अपनी तिजोरी में लाकर रख दें। इस उपाय को करने से धन से जुड़ी परेशानियों से निजात मिलेगी। सनातन परंपरा के अनुसार, सावन के सोमवार के दिन भगवान शिव के शिवलिंग पर जलाभिषेक करके व्रत की शुरूआत की जाती है। धार्मिक मान्यता है कि इस बार सावन के पहले सोमवार का शुभ महूर्त शाम को 5 बजकर 38 मिनट से 7 बजकर 22 मिनट तक चलेगा। माना जाता है कि शाम के दौरान भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करने से जातक की सभी परेशानियों से निजात मिल जाती है।

**यूजीसी ने सभी विवि को दिया...**

पूरी फीस संबंधित शिक्षण संस्थान छात्र को वापस करेगा। हालांकि ऐसा नहीं है कि 30 सितंबर के बाद फीस वापसी को लेकर छात्रों के पास कोई विकल्प शेष नहीं रहेगा। यूजीसी ने इसके लिए भी प्रावधान किया है। आयोग का कहना है कि यदि किन्हीं कारणों से छात्र समय रहते अपना दाखिला रद्द नहीं करवा सके या फिर फीस वापसी के लिए आवेदन नहीं कर सके तो यह प्रक्रिया 31 अक्टूबर तक भी की जा सकती है। 30 सितंबर के बाद 31 अक्टूबर तक अपना दाखिला रद्द करवाने पर छात्रों को एक निश्चित प्रोसेसिंग फीस का भुगतान करना होगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का कहना है कि विश्वविद्यालय या कॉलेज प्रोसेसिंग फीस के नाम पर अधिकतम केवल एक हजार रुपये ही काटे सकते हैं। यह प्रोसेसिंग फीस काटने के उपरांत शिक्षण संस्थानों के लिए अनिवार्य होगा कि वह छात्रों की शेष फीस उन्हें वापस लौटएं। हालांकि ऐसा भी देखने में आया है कि कई प्राइवेट शिक्षण संस्थान दाखिला रद्द करवाने की स्थिति में फीस लौटाने में आनाकानी करते हैं। यूजीसी का कहना है कि अगर कोई यूनिवर्सिटी फीस वापस करने से इनकार करती है तो छात्र इसकी शिकायत कर सकते हैं। इसके लिए यूजीसी ने ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली बनाई है। छात्र यूजीसी द्वारा बनाई गई वेबसाइट 'समाधान' वेबसाइट पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इस नए नियम को लेकर यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एवं जगदीश कुमार का कहना है कि इस पॉलिसी का संपूर्ण उद्देश्य छात्र छात्रों को आर्थिक नुकसान से बचाना है। छात्रों को फीस वापस मिलने पर वह बिना किसी आर्थिक नुकसान के एक संस्थान से दूसरे संस्थान में अपनी पसंद के पाठ्यक्रम चुन सकेंगे।

**मौत का खतरा** बरसात के मौसम में बढ़ जाती है सर्पदंश की आशंका

# हफ्ता भर के अंदर रिम्स में शिकायत लेकर आये 60 से ज्यादा मरीज



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बारिश आते के साथ ही झारखंड में सर्पदंश के मामले भी बढ़ने लगे हैं। झारखंड के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सर्पदंश के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। आंकड़े देखें तो बारिश का मौसम शुरू होने के बाद सिर्फ जुलाई महीने में अब तक 60 मरीज सर्पदंश की शिकायत लेकर अस्पताल पहुंच चुके हैं, जो डॉक्टरों की निगरानी में इलाज भी करा रहे हैं। रिम्स के मेडिसिन और सर्जरी वार्ड में ऐसे मरीजों की भीड़ पहुंचने लगी है। बारिश के मौसम में जहरीले जानवरों के काटने का खतरा लोगों पर मंडराने लगा है। बिलों और मांदो में रहने वाले सांप और बिच्छू जमीन पर आ जाते हैं, जो इंसानों के संपर्क में आते ही हानि पहुंचाने लगते हैं। झारखंड में जंगल और पहाड़ होने के कारण यहां पर सांपों की भी संख्या अत्यधिक है, जिस वजह से लोग सर्पदंश के आए दिन शिकार हो जाते हैं। सर्पदंश के शिकार सबसे ज्यादा ग्रामीण क्षेत्रों के लोग होते हैं। जिसका नजारा राजधानी के रिम्स में देखने को मिल रहा है। रिम्स के मेडिसिन और सर्जरी वार्ड में कई ऐसे मरीज पहुंच रहे हैं, जो सर्पदंश के शिकार हैं। रिम्स में पहुंचे मरीजों ने बताई सर्पदंश की कहानीः हजारीबाग से पहुंचे मरीज बुद्धू बताते हैं कि अपने बगीचे में सब्जी काटने के दौरान एक सांप ने उन्हें काट लिया। जैसे ही सांप ने उन्हें काटा वह तुरंत ही हजारीबाग के सदर अस्पताल पहुंचें। लेकिन सदर अस्पताल के डॉक्टरों ने मरीज की बिगड़ती हालत को देख रिम्स रेफर कर दिया। रिम्स पहुंचने के बाद मरीज को एंटी वेनम की लगातार कई डोज दिए गए, जिसके बाद बुद्धू के स्वास्थ्य में सुधार होता दिख रहा है।वहीं, चतरा जिले से पहुंचे एक मरीज ने बताया कि खेत में काम करने के दौरान गेंहूमन प्रजाति के सांप ने उन्हें डस लिया। जिसके बाद वह सेंसलेस हो गए। सांप के काटने के बाद वह स्थानीय ओझा गुनी के पास गए, जहां पर उसकी स्थिति और बिगड़ती चली गई। फिर जाकर स्थानीय लोगों की सुझाव के बाद वह सीधा रिम्स पहुंचे, जहां उन्हें एंटी वेनम की दवा मिली और फिलहाल वह राहत की सांस ले रहे हैं। मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ संजय सिंह बताते हैं कि मानसून में सर्पदंश के शिकार मरीजों की संख्या अस्पताल में बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि अभी तक जितने भी मरीज पहुंचे हैं। सभी की स्थिति सामान्य है। किसी की भी सर्पदंश की वजह से मौत नहीं हुई है। अस्पताल से मिले आंकड़े के अनुसार जुलाई महीने के 1 से 9 तारीख तक 60 से ज्यादा सर्पदंश के मरीज सिर्फ रिम्स पहुंचे हैं। 1 जुलाई को स्नेक बाइट के सात मरीज, 2 जुलाई को पांच मरीज, 3 जुलाई को ग्यारह मरीज, 4 जुलाई को चौदह मरीज, 5 जुलाई को आठ मरीज, 6 जुलाई को दो मरीज, 7 और 8 जुलाई को छह-छह मरीज रिम्स पहुंचे हैं। वहीं मरीजों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है। सर्जरी विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ निशित एक्का बताते हैं कि बारिश के मौसम में हर वर्ष सांप काटने की वजह से कई मरीज अस्पताल पहुंचते हैं। लेकिन वैसे मरीजों को ही तुरंत राहत मिल पाती है जो मरीज साधारण चीजों को समझ पाते हैं। जैसे कई बार सांप काटने के बाद मरीज अपने शरीर के उस हिस्से को कपड़े से बांध देते हैं, जो कि बिल्कुल गलत है।

### डॉक्टर के पास पहुंचने में देरी से बढ़ जाता है खतरा

वहीं कई बार मरीज ज्ञान के अभाव में डॉक्टर के पास आने में विलंब कर देते हैं। जिस वजह से जहर का असर शरीर के अन्य हिस्सों तक पहुंच जाता है और डॉक्टरों को भी ऐसी हालत में इलाज करना मुश्किल होने लगता है। इसीलिए सांप काटने के बाद सबसे जरूरी ये है कि अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तुरंत पहुंचे और डॉक्टर को सांप की प्रजाति बताते हुए इलाज कराएं। ताकि डॉक्टर भी उसी हिसाब से एंटी वेनम की दवा दे सकें।वहीं कई बार लोग सांप की प्रजाति की पहचान नहीं कर पाते हैं। ऐसे में डॉक्टर कॉमन एंटी वेनम की दवा लगाते हैं और लगातार निगरानी करते रहते हैं कि शरीर में जहर का असर कितना है। यदि जहर का असर बाकि रहता है तो फिर आवश्यकता अनुसार अत्यधिक डोज भी लगाने पड़ते हैं।

